डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹82500. 10 ग्राम
₹104000 01 किलो
सेंसेक्स 76,348.06 +899.02
डॉलर 86.347 +0.037

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



चैत्र कृष्ण पक्ष 07, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 21 मार्च 2025, वर्ष-31, अंक-154, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com
पेज-12 'इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास' भारत के...

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर कांकेर में 30 माओवादी ढेर, एक जवान शहीद



**बीजापुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर जिलों में माओवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने कुल 30 माओवादियों को मार गिराया है। इनमें 26 माओवादी बीजापुर में और चार कांकेर में ढेर किए गए। इस कार्रवाई में एक जवान भी शहीद हो गया है। मुठभेड़ की जानकारी मिलने के बाद बीजापुर और दंतेवाड़ा पुलिस समेत सुरक्षा बलों ने तुरंत अपना अभियान तेज कर दिया। सुबह से ही इलाके में लगातार गोलीबारी हो रही थी, जिससे पूरे क्षेत्र में हलचल मच गई। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं, जिनमें ऑटोमेटिक और सेमी ऑटोमेटिक हथियार भी शामिल हैं। इलाके में तलाशी अभी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही इस ऑपरेशन से संबंधित और अपडेट साझा किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ के आईजी पी. सुंदरराज ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि बीजापुर और दंतेवाड़ा के सीमावर्ती इलाके में यह मुठभेड़ चल रही है। जानकारी के अनुसार, यह मुठभेड़ उस वक्त शुरू हुई जब सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम गंगालूर थाना क्षेत्र में माओवादी विरोधी अभियान चला रही थी।

## वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अचानक बिगड़ी तबीयत, ऑर्किड अस्पताल में भर्ती

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अचानक तबीयत खराब हो गयी। खांसी की शिकायत काफी बढ़ने के बाद उन्हें बुधवार की रात ऑर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां फिलहाल उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है।

### 24 घंटे तक डॉक्टरों की निगरानी में रहेंगे मंत्री

जानकारी के अनुसार बीते कुछ दिनों से मंत्री को खांसी की शिकायत थी। बुधवार की रात सांस लेने में तकलीफ होने और खांसी की समस्या काफी बढ़ जाने के बाद उन्हें ऑर्किड अस्पताल में भर्ती कराया



गया। जहां वे विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में हैं। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, मंत्री राधाकृष्ण किशोर ओपीडी के छाती रोग विशेषज्ञ डॉ निशीथ कुमार की परामर्श और निगरानी में है। उनकी छाती का सीटी स्कैन किया गया है जिसमें हल्का इंफेक्शन पाया गया है। फिलहाल उन्हें पल्मोनोलॉजी विभाग में रखा गया है। अगले 24 घंटे तक मंत्री डॉक्टरों की निगरानी में ही रहेंगे।

### राधाकृष्ण के विधायी कार्यों का वहन करेंगे सुदिव्य

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान वित्त व संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर के अस्वस्थ होने के कारण उनके विधायी कार्य का वहन मंत्री सुदिव्य कुमार करेंगे। राज्य सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने सुदिव्य कुमार को विधायी कार्यों के लिए प्राधिकृत करने की अधिसूचना गुरुवार को जारी की।

## गुमला पुलिस ने किया ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिले में नशे के खिलाफ गुमला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। गुरुवार को गुमला थाना क्षेत्र के गोकुल नगर में स्थित स्टार डीपीएस स्कूल के पास खेत से दोनों को रंगे हाथों पकड़ा गया। गिरफ्तार युवकों की पहचान शास्त्री नगर निवासी 22 वर्षीय राजन कुमार और बड़ाइक मुहल्ला निवासी 28 वर्षीय सूर्य प्रताप सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। यह जानकारी **शेष पेज 11 पर**

### 10 किलो गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**बसिया (गुमला)।** पुलिस ने लगभग 10 किलोग्राम गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी अनुमंडलीय पुलिस अधिकारी मो. नाजिर अख्तर ने दी। उन्होंने बताया कि बुधवार की रात तीन बजे रांची सिमडेगा मुख्य पथ पर सरहुल मैदान के पास संदिग्ध अवस्था में एक युवक टहलता हुआ नजर आया। युवक के पास एक बोरा भी पड़ा था। इस युवक की गतिविधि पर पुलिस गश्ती दल को संदेह होने पर उससे पूछताछ की गई। पूछताछ के क्रम में जब कथित बोरे के विषय में जानकारी मांगी गई तो वह अंधेरे का लाभ लेकर भागने का नाकामयाब प्रयास किया। इस भागदौड़ में उसे पकड़ कर जब संदिग्ध बोरे की जांच करने पर उसमें प्लास्टिक के पांच पैकेट में गांजा भरा हुआ **शेष पेज 11 पर**

## राइस मिलों की संख्या बढ़ाई जा रही है : सीएम

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि धान क्रय की प्रक्रिया एक रोटेशन सिस्टम है। उस हिसाब से उठाव होता है। बिलिंग होती है। कंटीन्यूस प्रोसेस है। कभी-कभी किसी वर्ष अधिक समय लग जाता है। राइस मिल की संख्या बढ़ाई जा रही है। वे सदन में जयराम महतो के सवाल का जवाब दे रहे थे। जयराम महतो ने कहा कि माननीयों का वेतन एक मुश्त आता है और किसानों को किस्तों में राशि दी जाती है। अगर किसानों को समर्थन मूल्य का पैसा देर से मिलता है तो क्या सरकार इसका ब्याज भी देगी। इस पर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि धान लेने के समय किसानों को 50 फीसदी राशि देते हैं। उसके बाद 50 फीसदी राशि दी जाती है। एक मुश्त देने से करप्शन बढ़ेगा।



### ट्रांसफार्मर की मरम्मत 24 घंटे में नहीं तो मुआवजा का प्रावधान

विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि राज्य में पर्याप्त ट्रांसफार्मर नहीं होते हैं और जब कोई ट्रांसफार्मर खराब हो जाता है तो लोग सामूहिक रूप से चंदा कर उसे बदलवाते हैं। इस पर उर्जा मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि ट्रांसफार्मर की खराबी पर यदि 24 घंटे में समाधान नहीं होता है तो ग्राहकों को मुआवजा देने का प्रावधान है लेकिन अब तक किसी भी उपभोक्ता ने इस बारे में कोई दावा नहीं किया है। अगर उपभोक्ता मुआवजा चाहते हैं तो वे ऑन लाइन प्रक्रिया के **शेष पेज 11 पर**

### सदन में एकुरेट प्रश्न हो : स्पीकर



**रांची।** हेमलाल मुर्मू ने कहा कि टू द प्वाइंट प्रश्न नहीं होने से एक-दो प्रश्न ही हो रहा है। स्पीकर ने कहा कि मैं आपकी बात से सहमत हूं। एकुरेट प्रश्न हो। सारे सवालों का मान समान है। सीपी सिंह ने कहा कि सदन कार्य संचालन नियमावली से चलता है। अल्पसूचित प्रश्न 20 मिनट का और 40 मिनट तारांकित में। समय नहीं मिल पा रहा है। तारांकित प्रश्न को समाप्त कर दिया जाए। इसपर स्पीकर ने कहा कि कभी सदन के सदस्यों की भावना के अनुकूल भी निर्णय लेना पड़ा है। पूर्णिमा साहू ने कहा कि महिलाओं को शून्यकाल में आरक्षण दिया जाए। साथ ही कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ली गई महिला पर्यवेक्षक परीक्षा का रिजल्ट 18 महीने बाद भी जारी नहीं हुआ है।

## झारखंड स्वास्थ्य विभाग में होंगी 10 हजार भर्तियां

- 10 रुपए में सभी तरह की पैथालॉजी जांच होगी
- गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलेगी

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 14वें दिन स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य का स्वास्थ्य बजट पेश किया। 'अबुआ स्वास्थ्य बजट' बताते हुए उन्होंने इसे झारखंड के प्रत्येक नागरिक के सर्वांगीण विकास और स्वास्थ्य के लिए समर्पित बताया। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री झारखंड के राम है। इस दौरान उन्होंने सदन में एक बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि राज्य सरकार आने वाले 5 सालों में स्वास्थ्य विभाग में 10 हजार भर्तियां करेगी। इसके साथ ही उन्होंने विभाग से जुड़ी कुछ अन्य घोषणाएं भी कीं। बजट भाषण में इरफान अंसारी ने बताया कि एक महीने के अंदर सभी 42000 स्वास्थ्य सहिया को टैबलेट दिए जाएंगे। साथ ही उन्होंने झारखंड में 48 ट्रॉमा सेंटर भी खोलने की बात कही। उन्होंने 10 रुपए में सभी तरह की पैथालॉजी जांच की सुविधा देने का वादा भी किया और गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा देने की बात भी कही। अंसारी ने बताया कि बजट घोषणाओं को पूरा करने के लिए 2391 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य में 1258 नए स्वास्थ्य उपकेंद्र खोले जाएंगे। इस दौरान उन्होंने सभी विधायकों से 15-15 स्वास्थ्य उपकेंद्र की अनुशंसा भी करने को कहा। भोजनावकाश के बाद सदन में स्वास्थ्य विभाग की अनुदान मांग **शेष पेज 11 पर**

### हजारीबाग में अपराधियों का हमला

## एक को गोली मारी वाहनों में लगाई आग



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला अंतर्गत सीसीएल (सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड) की न्यू बिरसा परियोजना में हथियारबंद अपराधियों ने जमकर उत्पात मचाया है। अपराधियों ने परियोजना स्थल पर काम में लगे कर्मियों के बीच दहशत फैलाने के लिए कई राउंड फायरिंग की। इस घटना में सीसीएल का एक कर्मी पांव में गोली लगने से जख्मी हो गया है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। वहीं, अपराधियों ने एक पेलोडर मशीन को जला दिया, जबकि दो पेलोडर मशीनों और तीन हाईवा गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों की तलाश में पूरे इलाके में छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। इस सिलसिले में अब तक दस लोगों को हिरासत में लिया गया है। बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात अंजाम दी गई इस घटना के बाद सीसीएल की उरीमारी, बिरसा और न्यू बिरसा परियोजना में कामकाज ठप है। यहां तक कि कोयले की लोडिंग भी पूरी तरह बंद है। परियोजना के कर्मियों के अनुसार, अपराधियों ने परियोजना के कार्यस्थल पर पहुंचने के साथ ही पांच-छह राउंड फायरिंग की और इसके बाद कोयला डिपो में खड़े पेलोडर को जला डाला। माना जा रहा है कि अपराधियों ने रंगदारी की मांग को लेकर वारदात को अंजाम दिया है। इसी तरह की एक अन्य वारदात **शेष पेज 11 पर**

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप्प नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## आज | कल




## डिफेंस सर्विस के गैरिसन इंजीनियर के घर से नकद सहित 3.30 करोड़ की संपत्ति बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रांची में इंडियन डिफेंस सर्विस और इंजीनियरिंग के गैरिसन इंजीनियर साहिल रतुसरिया के घर पर छापेमारी की। इस छापेमारी में 80 लाख रुपए नकद, 50 लाख रुपए के जेवरात और शेयर बाजार में दो करोड़ से अधिक के निवेश के कागजात बरामद किए गए हैं। गैरिसन इंजीनियर को बुधवार की शाम एक ठेकेदार से 40,500 रुपए रिश्वत लेने के दौरान रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद सीबीआई ने रांची के नामकुम स्थित उसके आवास पर छापेमारी की। गिरफ्तार इंजीनियर से प्रारंभिक **शेष पेज 11 पर**

### पूछताछ के लिए गैरिसन इंजीनियर चार दिनों के रिमांड पर

**रांची।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने पूछताछ के लिए गैरिसन इंजीनियर को चार दिनों के रिमांड पर देने का आदेश दिया। सीबीआई ने घूसखोरी में गिरफ्तार गैरिसन इंजीनियर को गुरुवार दोपहर बाद सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया। वहीं रिमांड की अवधि शुक्रवार से शुरू होगी। शुक्रवार को सीबीआई अधिकारी पूछताछ के लिए जेल से अपने साथ ले जायेंगे। आज उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। सीबीआई ने न्यायालय को पूरे मामले क जानकार देने के बाद कमीनशखोरी के मामले में आगे की जांच के लिए अभियुक्त से पूछताछ की आवश्यक्ता बतायी। सीबीआई ने न्यायालय से इंजीनियर को पूछताछ के लिए पांच दिनों के पुलिस रिमांड पर देने का अनुरोध किया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने सीबीआई की दलील सुनने के बाद अभियुक्त को चार दिनों के पुलिस रिमांड पर देने का आदेश दिया।

## रैंप हटाने की मांग को लेकर आज मशाल जुलूस, कल रांची बंद

आवश्यक सेवाओं को रखा मुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** केन्द्रीय सरना स्थल सिरम टोली बचाओ मोर्चा के तत्वावधान में विभिन्न आदिवासी संगठनों ने गुरुवार को करम टोली धुमकुड़िया में मिडिया को संबोधित किया। इस दौरान सामाजिक अगुवाओं ने कहा कि झारखंड सरकार आदिवासियों को आन्दोलन करने पर विवश कर रही है। जय आदिवासी केन्द्रीय परिषद की केन्द्रीय अध्यक्ष निरंजना हेरेंज टोप्पो ने कहा कि आज संथाल के आदिवासियों का धार्मिक स्थल मरांग बुरु है। इस पर जैन धर्मावलंबियों का कब्जा हो



गया है। आदिवासी युवा अगुवा राहुल तिर्की ने कहा कि आदिवासियों के पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा और बाबा कार्तिक उरांव सरहुल महोत्सव सह शोभायात्रा का समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष पवन तिर्की ने कहा कि सरहुल महोत्सव सह शोभायात्रा हमारे पुरखों की देन है। आदिवासी **शेष पेज 11 पर**

## इंडिया

## भारत को विश्व मंच पर समृद्ध करते प्रवासी और भारतीय संस्कृति



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत के गांवों से लेकर शहरों तक में राजनैतिक कारणों से अवसरों की कमी रही है जिससे गांव का आदमी शहर और शहर का आदमी महानगरों से लेकर विदेशों तक पलायन करता रहा है। गिरमिटिया मजदूरों से लेकर बौद्धिक संपदा भले विदेश चली जाए अपने देश की मिट्टी की खुशबू नहीं भूल पाती। इसलिए देश के लिए कुछ करने का अवसर हो तो लोग पीछे नहीं हटते ।भारत के विकास में विदेशों में रहने वाले भारतीयों के बहुमूल्य योगदान को मान्यता देने के लिए हर साल 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस मनाया जाता है। हाल में पीएम नरेंद्र मोदी मॉरीशस गए तो वहां की भारतीय संस्कृति ने इस चर्चा को फिर ताजा कर दिया इन दिनों भारत देश में ही नहीं वैश्विक स्तर पर चर्चित हो रहा है ।विपक्षी पार्टियां इसे इवेंट मैनेजमेंट बताती हैं तो प्रवासी भारतीय पहले अपने देशों में चलते व्यंग्य वाणों की तुलना में भारत की बढ़ी धमक पर प्रसन्नता व्यक्त करते हैं। पूरी दुनिया में प्रवासी भारतीयों से संबंधित दो बातें चर्चित हो रही हैं। पहली जहां प्रवासी भारतीय अर्थव्यवस्था को बल दे रहे हैं, वहीं भारत भी अपने प्रवासियों के हितों की रक्षा को प्रभावी बना रहा है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में विश्व बैंक द्वारा जारी 'माइग्रेशन ऐंड डेवलपमेंट ब्रीफ' रिपोर्ट 2023 के अनुसार, बीते वर्ष प्रवासी भारतीयों ने करीब 125 अरब डॉलर की धनराशि स्वदेश भेजी। रेमिटेंस प्राप्त करने में भारत ने मेक्सिको, चीन और फिलिपींस को बहुत पीछे छोड़ दिया है। शीर्ष पांच रेमिटेंस प्राप्त करने वाले देशों में भारत के अलावा मेक्सिको (67 अरब डॉलर) चीन (50 अरब डॉलर) फिलिपींस (40 अरब डॉलर) और मिस्त्र (24 अरब डॉलर) शामिल हैं। रिपोर्ट से यह बात भी सामने आई है कि पहले जहां भारत से अकुशल श्रमिक कम आय वाले देशों में जाते थे, वहीं अब विदेश जाने वाले भारतीयों में उच्च कौशल वाले लोगों की संख्या ज्यादा है, जो अमेरिका, इंग्लैंड, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे उच्च आय वाले देशों में जा रहे हैं, जहां से वे अधिक धन भेज रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जहां वर्ष 2022 में प्रवासी भारतीयों ने 100 अरब डॉलर की धनराशि स्वदेश भेजी, वहीं 2021 में 87 अरब डॉलर की राशि भेजी थी। जब वर्ष 2020 में कोविड-19 के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था 7.3 फीसदी की ऋणात्मक विकास दर की स्थिति में पहुंच गई थी, तब भी आर्थिक



मुश्किलों के बीच भारतीय प्रवासियों द्वारा भेजी गई 83 अरब डॉलर की धनराशि से यहां की अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा मिला था। यह छोटी बात नहीं है कि प्रवासियों से धन प्राप्त करने वाले दुनिया के विभिन्न देशों की सूची में भारत वर्ष 2008 से अब तक पहले स्थान पर बना हुआ है। अतीत में जब भी देश के विदेशी मुद्रा भंडार में तेज गिरावट आई, प्रवासियों ने मुक्त हस्त से विदेशी मुद्रा कोष को बढ़ाने में सहयोग दिया है। बीते वर्ष भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 को अभूतपूर्व सफलता दिलाने में भी प्रवासी भारतीयों की अहम भूमिका रही है। विभिन्न देशों में संकटों के बीच फंसे भारतीय प्रवासियों को बचाने और भारत वापसी के लिए महत्वपूर्ण अभियान चलाए गए हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, विदेशों में फंसे भारतीयों की मदद के लिए सरकार की ओर से 2014 से दिसंबर, 2023 तक 626 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जिससे 3.42 लाख भारतीयों की मदद की गई। वर्ष 2023 में इस्त्राइल और हमास के बीच जारी खूनी संघर्ष में इस्त्राइल में फंसे भारतीय नागरिकों और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए भारत ने 'ऑपरेशन अजय' चलाया है। जब वर्ष 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूक्रेन में भारतीय समुदाय सीधे खतरे में आ गया था, तब 'ऑपरेशन गंगा' के तहत बड़ी संख्या में भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाया गया था।

लेकिन अभी भी भारत को अपने प्रवासियों के दुख-दर्द कम करने में और अधिक सहयोग किए जाने की आवश्यकता है। खाड़ी देशों में भारतीय कामगार बड़ी संख्या में हैं, पर ऐसे भारतीयों की संख्या बढ़ती जा रही है, जो झूठी प्लेसमेंट एजेंसियों, गलत लोगों या संस्थाओं के हाथ लगकर दुर्दशा के शिकार हो गए हैं। हाल ही में केंद्र की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि 33 हजार से अधिक भारतीय कामगार खाड़ी के देशों में गुलामों की तरह रहने को मजबूर हैं। विदेश मंत्रालय को मार्च, 2021 से वर्ष 2023 के बीच अरब देशों से छह शिकायतें मिली हैं। यद्यपि भारत सरकार ने इन शिकायतों पर संबंधित देशों की सरकारों से दखल देने को कहा है, पर इस दिशा में केंद्र की और अधिक सक्रियता और जाली प्लेसमेंट एजेंसियों पर रोक जरूरी है। प्रवासियों के साथ स्नेह व सहभागिता के नए अध्याय लिखे जाएं तो प्रवासी भारतीय अपने ज्ञान व कौशल की शक्ति से भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने, वर्ष 2027 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे।

### राज्य के सभी जिलों में जल स्रोतों पर अतिक्रमण की हाईकोर्ट ने मांगी अद्यतन स्थिति

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में गुरुवार को जल स्रोतों पर अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कहा गया कि राज्य के सभी जिलों में जलस्रोतों पर अतिक्रमण की स्थिति की जानकारी मांगी गई है। उसकी रिपोर्ट अगली सुनवाई के दौरान कोर्ट को उपलब्ध करा दी जाएगी। इस दौरान एक हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर कांके के एक तालाब की स्थिति सुधारने का मुद्दा उठाया गया। अदालत ने इसपर सरकार से जवाब मांगा है। मामले में अगली सुनवाई मई माह में होगी। अदालत रांची और उसके आसपास के जलस्रोतों पर अतिक्रमण को लेकर हाईकोर्ट सुनवाई कर रहा है।

## अवैध बिजली उपयोग करने वाले 11 पर प्राथमिकी दर्ज

**विभाग 1 लाख 54 हजार रुपए का लगाया जुर्माना**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** एडीजीपी बिजिलेंस एंड सोसायटी के निर्देश पर अवर विद्युत प्रमंडल जपला के अभियंताओं ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में बिजली चोरी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया। इस छापेमारी अभियान में 11 लोगों को बिजली का अवैध ढंग से उपयोग करते रंगे हाथ पकड़ा गया। जिन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर जुर्माना लगाया गया है, उनमें शांति लाल, रविन्स कुमार, अश्विनी सिंह, मो. नजीर अहमद, अनिल रजवार, गणेश रजवार,अनुज कुमार, रणजीत राउत, हजारी प्रसाद,विनय प्रसाद गुप्ता, प्रमोद साव आदि का नाम शामिल है। सभी आरोपियों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में विद्युत अधिनियम के तहत सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। हुसैनाबाद के थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो ने बताया कि छापामारी दल में उनके अलावा मानव दिवस कर्मी ओबैद अहमद, जितेंद्र ठाकुर, कमलेश कुमार सिंह एवं अशोक मेहता

# तीन युवक पिस्टल के साथ गिरफ्तार

**दो जिंदा गोली बरामद**

**पुलिस युवकों से कर रही पूछताछ**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के महुअरी नहर मोड़ पुल के पास बुधवार को तीन संदिग्ध युवक बैठ कर नशा कर रहे थे। इस संबंध में गुप्त सूचना के आधार पर वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए थाना से सशस्त्र बल के साथ पुलिस पदाधिकारी रवाना हुए। हुसैनाबाद के थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि जैसे ही महुअरी नहर मोड़ पुल के पास पहुंचे, तो देखा कि तीनों युवक पुल पर बैठे थे। पुलिस गाड़ी को देखते ही उक्त तीनों भागने लगे। सशस्त्र बल के सहयोग से घेरा बंदी कर तीनों को पकड़ा लिया गया। सभी का विधिवत तलाशी लेने पर शशि कुमार पासवान के बाएं कमर से देशी पिस्टल एवं दाहिना पैंट के पॉकेट से दो जिन्दा गोली बरामद किया गया है। गोली के पेंदी में केएफ 7.65 अंकित है। साथ ही गोल्डेन कवर में विवो कंपनी का मोबाईल बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि विवेक कुमार उर्फ सिद्धार्थ सिंह का दाहिना पॉकेट से ग्रीन कलर का रियलमी कम्पनी मोबाइल फोन एवं अभिनन्दन प्रजापति के पैंट के दाहिना पॉकेट से बैगनी कलर का सैमसंग कम्पनी का मोबाईल बरामद हुआ है। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि पकड़े गये तीनों युवकों से बरामद पिस्टल के बारे पूछा गया। उन्होंने कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया। अग्रिम कार्रवाई करते हुए तीनों को हुसैनाबाद थाना लाया गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्राथमिकी दर्ज कर गणेश पुरी के विवेक कुमार उर्फ सिद्धार्थ सिंह, कजरात-नावाडीह के अभिनन्दन प्रजापति व नहर मोड़ जपला के शशि कुमार पासवान को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि छापेमारी दल में उनके अलावा हुसैनाबाद थाना के पुलिस अवर निरीक्षक नवदिश्वर सिंह, निवास शर्मा, रमन यादव (अनुसंधानकर्ता), सशस्त्र बल हुसैनाबाद थाना व सुरेन्द्र पाल (चालक) आदि शामिल थे।

## मंईयां सम्मान योजना का पैसा खाता में नही आने से परेशान महिलाएं लगा रही प्रखंड व बैंक का चक्कर



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड़।** पांडू में इन दिनों मंईयां सम्मान योजना की राशि को लेकर महिलाएं लगातार प्रखंड कार्यालय व बैंकों का चक्कर लगाकर वास्तविक स्थिति को जानने का प्रयास कर रही हैं, लेकिन उन्हें पैसा खाता में क्यों नहीं आ रहा कोई बताने वाला नहीं है। कुछ लाभार्थियों को उनकी किश्त मिल चुकी है, परंतु कई महिलाएं अब भी अपनी बकाया राशि का इंतजार कर रही हैं। जिनके खाते में पैसा नहीं आया है। व लगातार प्रखंड कार्यालय का चक्कर काटने को मजबूर हैं। प्रखंड क्षेत्र में कई महिलाएं अपनी किश्त को लेकर परेशान हैं। व जानना चाहती हैं कि जब पहली, दूसरी और तीसरी किश्त उनके खाते में आ चुका है, तो चौथी किश्त अब तक क्यों नहीं आई। वहीं कुछ महिलाओं को अभी तक पहली किश्त भी नहीं मिली है। बता दें कि पांडू प्रखंड कार्यालय में मंईयां सम्मान योजना की राशि या इसमें हुई त्रुटि के सुधार के लिए अलग से काउंटर लगाए गए हैं। मंईयां सम्मान योजना के सुधार के लिए कार्य कर रहे कंप्यूटर ऑपरेटर छोटू कुमार ने कहा कि भीड़ को देखते हुए सुबह से ही लगातार लोगों की शिकायतें सुनी जा रही हैं व इसके समाधान का प्रयास किया जा रहा है।

## पीडीएस डीलरों के साथ बीएसओ ने की समीक्षा



**शत प्रतिशत ई केवाईसी को लेकर 21 से 27 तक चलेगा विशेष अभियान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से अच्छादित लाभुकों (पीला कार्ड व गुलाबी कार्ड) का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी ससमय पूर्ण कराने के लेकर 21 से 27 मार्च तक ई-केवाईसी सप्ताह का आयोजन जा रहा है। जिले से प्राप्त निर्देश के आलोक में प्रखंड सभागार में गुरुवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार तिवारी ने प्रखंड के सभी पीडीएस डीलरों के साथ समीक्षा की। सभी डीलरों को ई-केवाईसी शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। प्राथमिकता के साथ 21 से 27 मार्च तक ई केवाईसी दिवस मनाते हुए प्रखंड आपूर्ति कार्यालय में प्रत्येक दिन का कार्य रिर्पोट जमा करने का निर्देश दिया। कहा कि पीडीएस डीलर ईमानदारी पूर्वक कार्य करें। प्रत्येक कार्डधारकों के घर-घर जाकर शत प्रतिशत ई केवाईसी का कार्य पूरा करें। उन्होंने बताया कि वैसे लोग जो बाहर में रहते हैं, उसके मोबाइल पर संपर्क कर सत्यापन के लिए प्रेरित करें, ताकि वह भविष्य में कभी यह नहीं कहे की मेरा नाम कैसे कट गया। ई केवाईसी सप्ताह के दौरान 21 से सभी राशन कार्डधारी के निवास स्थान पर जाकर ई केवाईसी कार्य संपन्न कराएं। उन्हें उपलब्ध करायी गई सूची में यथा स्थिति सूचनाओं की प्रविष्टि करें। मौके पर पीडीएस डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी ,राजेंद्र प्रसाद, आलोक तिवारी, योगेंद्र सिंह, संजीव सिंह, ओम प्रकाश लाल ,उपेन्द्र राम, ललीता देवी,रेखा देवी, रमेश राम, नागेंद्र प्रसाद सिंह दयाशंकर प्रसाद, अनिल सिंह, नंदलाल राम, शिवलाल मोची, आशा कुंवर के अलावा प्रखंड के कई डीलर उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद में फॉगिंग मशीन से छिड़काव शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** गुरुवार की शाम से फॉगीग कराने का कार्य की शुरूआत किया गया है। नगर पंचायत हुसैनाबाद के द्वारा मच्छरों से बचाव के लिए फागिंग की व्यवस्था चालू कर दी गई है । प्रत्येक वार्ड में रोस्टर के अनुसार बारी-बारी से फागिंग किया जाएगा। नगर पंचायत द्वारा मच्छर भगाने वाली फॉगिंग मशीन से क्षेत्र के लोगों को मच्छर से राहत मिलेगी। कई माह से फॉगिंग मशीन रखा हुआ था, लेकिन कार्यपालक पदाधिकारी ने मशीन की साफ - सफाई के बाद सभी वार्डों में रोस्टर के अनुसार छिड़काव कराया जाएगा। वर्तमान में शहर की 37 हजार से ज्यादा की आबादी है। गुरुवार की देर शाम शहर में फांगीग का छिड़काव करते देखा गया हैं। जगह- जगह नाली का जमा पानी के कारण मच्छर का प्रकोप बढ़ गया है। जिससे लोगों की नींद उड़ गई थी। इस संबंध में नपं के कार्यपालक पदाधिकारी तरनीश कुमार हंस ने कहा कि मशीन से छिड़काव कराया जा रहा है, साथ ही सभी गलियों व मोहल्लों में रोस्टर के अनुसार मशीन से गली गली में घुमते हुए छिडकाव कराया जा रहा है। अब लोगों को मच्छरों से निजात मिलेगी। इसमें किसी को कोई शिकायत का मौका नहीं मिलेगा।

## पीएचसी में ओपीडी का काम संभाल रहे सीएचओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व उपकेंद्रों के सेवाओं की स्थिति बदहाल है। गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हैदरनगर में ओपीडी सेवा की डयूटी में सीएचओ आशीष रंजन को मरीजों को सेवा करते देखा गया है। मरीजों ने ही स्थानीय पत्रकारों को बुलाकर अस्पताल की वस्तु स्थिति से अवगत कराया। ओपीडी सेवा करने की किस स्तर पर आदेश दिये गये, इस संबध में सीएचओ आशीष रंजन ने बताया कि स्वयं सीएचओ नहीं, बल्कि वर्तमान में चिकित्सक हैं और उन्हें ओपीडी करने का अधिकार भी है। सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह का कहना है कि पीएचसी में चिकित्सक के रहते सीएचओ ओपीडी कैसे करेंगे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में हुसैनाबाद के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से वार्ता करेंगे। हुसैनाबाद के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनेश राम ने बताया कि इस अस्पताल के पदस्थापित चिकित्सक डॉ. ज्योतिष कुमार के अचानक छुट्टी पर जाने से सीएचओ को ओपीडी करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने भी सीएचओ ओपीडी करने का अधिकार बताया है। मरीजों की बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर खींचतान कर संचालित अस्पतालों में आये मरीजों का वर्तमान हालात देख उम्मीद टूटता नजर आ रहा है। सीएचओ ही ओपीडी के अलावा महिलाओं के प्रसव कराने से लेकर बंध्याकरण के इच्छुक महिलाओं को भर्ती कर इलाज भी कर रहे हैं। इससे मरीजों के परिजनों में स्वास्थ्य विभाग के इस रवैया से रोष है।

**एपीएचसी हैदरनगर में बंध्याकरण ऑपरेशन शुरू**

**हैदरनगर।** अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र सह आयुष्मान आरोग्य मंदिर हैदरनगर में महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन शुरू किया गया है। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राकेश रंजन इस कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद बताया कि बुधवार की देर शाम पहले दिन तीन महिलाओं का सफल बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम संजीवनी पब्लिक ट्रस्ट व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शुरू किया गया है। अगले दिशा निर्देश तक यह अभियान अस्पताल में जारी रहेगा। इस कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार, एमपीडब्ल्यू राजेश कुमार, फार्मासिस्ट नवीन किशोर, ड्रेसर प्रमोद सिंह व सिपाही राम, लैब टेक्नीशियन शकील अहमद, एएनएम शांति सहित कई अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे।

## एक नजर

### वज्रपात से मजदूर की मौत

**हुसैनाबाद।** मकान निर्माण में लगे मजदूर अजित पासवान 22 वर्ष कि मौत गुरुवार की शाम वज्रपात की चपेट में आने से हो गयी। घटना दंगवार ओपी अंर्तगत बरवाडीह गांव में हुई हैं। मजदूर गांव के कुलदीप पाल का घर निर्माण में लगा था। वज्रपात की चपेट में आने से उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। मृतक बरवाडीह गांव का रहने वाला है। घटना के बाद ग्रामीण व परिजन हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद उसका शव परिजनों को सौंप दिया। इस घटना में मृतक के परिजन मुआवजे की मांग की है। मुखिया अमरेंद्र ठाकुर ने परिजनों को इस घटना की प्रक्रिया के तहत मुआवजा दिलाने की बात कही है। अजीत पासवान घर का एक मात्र कमाने वाला सदस्य बताया गया है। इस घटना से परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। पंचायत के मुखिया ने आपदा प्रबंधन राहत कोष से सीओ पंकज कुमार से मुआवजा दिलाने का अनुरोध किया है।

### जलकर नहीं देने से बंद हो सकता है पेय जलापूर्ति योजनाः मुखिया

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड अंतर्गत ग्रामीण जलापूर्ति योजना लेस्लीगंज की बैठक पंचायत सचिवालय कोटखास में कुराईन पतरा पंचायत की मुखिया पूनम देवी की अध्यध्यक्षता में हुई। बता दें कि इस योजना में पांच पूणाडीह, कोटखास, लेस्लीगंज, कुराईनपतरा, नौडीहा पंचायत के 31 गांव संबद्ध है। बैठक में मुख्य विषय जलकर वसूली रहा। अध्यक्ष पूनम देवी ने बताया कि लाभुक जलकर नहीं दे रहे है। दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि जलकर देने संबंधी लाभुकों का नकारात्मक सोच है। यू कहा जाय तो वह सोचते है कि सरकार जैसे फ्री में राशन वगैरह दे रही है, तो पानी भी फ्री में है, जबकि ऐसा नहीं है। जलकर से जो राशि प्राप्त होती है उसी से योजना से सबंधित कमियोंको मानदेय, योजना संबंधी मेंटेनेस होता है। योजना कमियों का कई माह से मानदेय भुगतान बाकी है। यदि यही स्थिति रहा तो बहुत जल्द पेयजल कर्मी लोग हड़ताल पड़ चले जाएंगे और पेयजल संकट के लिए लाभुक स्वयं जिम्मेवार होंगे।

## विधायक ने पर्वतीय निरीक्षण भवन का मुद्दा विस में उठाया, जीर्णोद्धार की उम्मीद बढ़ी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** विधायक संजय कुमार सिंह यादव के विस में उठाए गए मुद्दे से सिंचाई विभाग की ओर से 80 के दशक में भौंराहा पर्वत के मध्य में बनाए गए निरीक्षण भवन (अब खंडहरनुमा) के जीर्णोद्धार की उम्मीद और बढ गई है। विधायक प्रतिनिधि पंचू रजवार ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि उक्त भवन बड़े धरोहर के रूप में मौजूद है। इसका अतीत स्वर्णिम रहा है। जिसका जीर्णोद्धार कराने को विधायक ने गंभीरता से लिया है। बता दें कि इस खंडहरनुमा भवन के दयनीय हालत की खबर को सांसद वीडी राम ने भी गंभीरता से लेकर इसका कायाकल्प कराने की दिशा में पहल की है। 27 फरवरी को उपायुक्त शशिरंजन के भी स्थलीय निरीक्षण करते हुए इस भवन के साथ ही पर्यटक स्थल भीमचूल्हा को और अधिक विकसित करने की जरूरत बताया है।

## ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक प्रतिनिधि ने निर्माणाधीन पथ की जांच की



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दरुवा मेन रोड से बंजारी भाया सेंरगदाग पथ निर्माण कार्य में ग्रामीणों द्वारा मिली शिकायत पर शुक्रवार को पांकी विधायक सतबरवा प्रतिनिधि अजय उरांव, समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने कार्य स्थल पर पहुंच कर बन रही सड़क की जांच की। विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव ने बन रहे सड़क को गुणवत्ता को संतोषजनक नहीं पाया। उन्होंने तुरंत विभाग के जेई संजय पांडेय को फोन कर पूछा की इतना घटिया सड़क निर्माण करवा रहे हैं। इस सड़क निर्माण में इस्टीमेट के अनुसार कोई काम नहीं हो रहा है। पीसीसी ढलाई 9 ईंच की जगह 6 ईंच, पिच 90 एमएम की जगह 30 एमएम किया जा रहा है। जेई संजय पांडेय कोई भी संतोष जनक जवाब नहीं दिए। समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने बताया कि आजादी के 75 साल के बाद पांकी विधायक कुशवाहा डाक्टर शशिभूषण मेहता के अथक प्रयास से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क बन रही है। गुनवता का ख्याल नहीं रखा जाएगा तो, ठेकेदार नपेंगे। उन्होंने ने इस विषय पर पांकी विधायक व चतरा सांसद से बात करने की बात कही। शिकायतकर्ता ग्रामीणों में प्रवेश यादव, कमलेश यादव ,कमलेश्वर यादव, अखिलेश यादव, धर्मेंद्र यादव, बनौधि यादव, नरेश यादव, मोहन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नरेश यादव ,संदीप यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### उत्तर कोयल मुख्य नहर में पुल निर्माण की मांग को लेकर काम रोका, धरना पर बैठे किसान व ग्रामीण



**हैदरनगर।** उत्तर कोयल मुख्य नहर पर बने जहाजी पईन का सुपर पैसेज का पुल निर्माण नहीं कराये जाने पर हैदरनगर प्रखंड के खरगाड़ा पंचायत के ग्रामीण, किसान व प्रतिनिधि धरना पर बैठे हैं। उन्होंने मुख्य नहर में जारी मरम्मति कार्य को रोकते हुए कहा कि संवेदक की घोषणा अनुरुप दो वर्ष बीतने के बावजूद पुल का निर्माण नहीं कराया जा सका है। नया थाना परिसर से सटे खरवार बीर बाबा स्थल पर धरना में बैठे किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेमतोष सिंह, पूर्व मुखिया जितेन्द्र पासवान, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, पंसस मनीष कुमार मेहता, किसान जितेन्द्र सिंह, नंद पासवान, सत्येन्द्र पासवान, श्याम लाल राम, मुन्द्रिका सिंह, संजय सिंह, प्रेमचंद कुमार, सुदर्शन सिंह, रुंजय सिंह आदि ने कहा कि सिंचाई विभाग की लापरवाही से उनकी सौ एकड़ की खेती प्रतिवर्ष मारी जा रही है। इस धरना में सजवन, सलेमपुर, हरिजन बिगहा, चेचरिया, संतोषडीह गांव के सैकड़ों किसान शामिल हैं। उधर नहर मरम्मति कार्य में लगे कर्मियों के मुताबिक खरवार बीर बाबा स्थल के सामने नहर में पुल निर्माण का प्राक्कलन नहीं है। ग्रामीण किसानों में रोष इस बात को लेकर है कि बिना नवनिर्माण कराये पुराने सुपर पैसेज को तोड़ दिया गया है। इस मामले में धरनार्थियों ने विभागीय मुख्य अभियंता और हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर अविलंब सुर पैसेज का निर्माण कराने की मांग की है। उधर प्रोजेक्ट मैनेजर मैना घोष ने ग्रामीणों व किसानों को सुपर पैसेज निर्माण कराने का आश्वासन दिया जा रहा है।

## सीएचसी में चिकित्सकों की कमी दूर होने की उम्मीद जगी, एसडीएम ने किया निरीक्षण

**16.5 करोड़ की लागत से बना है 30 बेड का भवन**

बताया गया कि 16.5 करोड़ की लागत से 30 बेड के इस सीएचसी का उद्घाटन ऑनलाइन 2021 में तत्कालीन राज्यपाल, मुख्यमंत्री और विधायक ने किया था। शिलापट्ट इसकी साक्षी है। इसमें 30 बेड के अलावा ऑपरेशन थियेटर, ओपीडी, और इमरजेंसी वार्ड जैसी सारी सुविधाएं हैं। इसके बावजूद भवन महज दिखावा की वस्तु और सरकारी राशि के दुरुपयोग का उदाहरण बनकर रह गई है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड कार्यालय के पार्श्व में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक की कमी पूरी होने की उम्मीद जग गई है। हुसैनाबाद के एसडीएम गौरांग महतो के निरीक्षण के बाद उम्मीद को बल मिला है। उन्होंने इस दौरान अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक को तत्काल एक चिकित्सक की व्यस्था करते हुए बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने इस संबंध में उपायुक्त को भी जानकारी देने की बात कही है। बता दें कि फिलहाल, इस स्वास्थ्य केंद्र में एक सीएचओ, एक एमपीडब्ल्यू, दो एएनएम व एक स्वास्थ्य कर्मी के भरोसे मरीजों का इलाज किया जाता है। बताया जाता है कि सरकार की बिना स्वीकृति के ही भारी लागत से बिल्डिंग बनी है। चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए आवासीय भवन भी बने हैं। मगर इसे अभी तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रावधान के तहत संचालित नहीं किया जा सका है। ऐसी स्थिति में फिलहाल, इसे हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में संचालित किया जा रहा है। जिसमें केंद्र सरकार के प्रावधान के अनुसार सामान्य रोगों की जांच कर दवा देने और सामान्य संस्थागत प्रसव का काम लिया जाता है। गर्भवती महिला को प्रसव में ज्यादा परेशानी होती है, तो जोखिम उठाते हुए 12 और 20 किमी दूर स्थित हैदरनगर पीएचसी अथवा अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद रेफर किया जाता है। कुछ माह पहले तक डा.विनोद कुमार सिंह की प्रतिनियुक्ति की गई थी। जिनका अन्यत्र तबादला हो जाने के बाद से यह सेंटर चिकित्सक विहीन हो गया है। ऐसी स्थिति में चिकित्सक और बेहतर सुविधा के अभाव में 8 पंचायतों के 43 गांवों की 55 हजार की आबादी बेहतर स्वास्थ्य सेवा के मामले में बाहर के ही सरकारी अथवा निजी अस्पताल पर निर्भर है। इसमें स्थानीय स्तर पर इलाज में नीम हकीम खतरे जान वाली कहावत भी चरितार्थ होती है।

## रामनवमी महायज्ञ व रामलीला आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित संकट मोचन महावीर मंदिर में रामनवमी महायज्ञ व रामलीला आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता योगेंद्र प्रसाद सोनी ने की। बैठक में आगामी श्रीरामचरितमानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ के सफल आयोजन पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से आयोजन समिति का गठन किया गया। सामुहिक निर्णय से सुदर्शन सोनी को अध्यक्ष, अरविंद डिसिल्वा को उपाध्यक्ष, पवन सोनी को सचिव, राहुल वर्मा को उपसचिव, संदीप सैंडिक को कोषाध्यक्ष, सुरेश भगत को उपकोषाध्यक्ष चुना गया। सभी सदस्यों ने अपनी जिम्मेदारियों को पूर्ण निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया। बैठक में तय किया गया कि रामनवमी के अवसर पर मंदिर परिसर में महायज्ञ के साथ संध्या समय में भव्य रामलीला का आयोजन भी किया जाएगा। रामलीला में श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालु धार्मिक अनुभूति प्राप्त कर सकें। महायज्ञ की तैयारियों को लेकर मंदिर परिसर की साफ-सफाई, सजावट, हवन-पूजन की व्यवस्था, प्रसाद वितरण व श्रद्धालुओं के बैठने की सुविधाओं पर चर्चा की गई। अध्यक्ष सुदर्शन सोनी ने कहा कि यह आयोजन श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र होगा और इसे पूरी भव्यता के साथ संपन्न कराया जाएगा।

## मौसम

## बूंदाबांदी होने से लोगों को गर्मी से मिली राहत

# रबी फसलों व आम-महुआ के उत्पादन में नुकसान होने की संभावना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मौसम के अचानक बदले मिजाज से गर्मी शुरू होने से बढ़ी परेशानियों से गुरुवार को लोगों को राहत मिली। मौसम की इस स्थिति से किसानों के लिए परेशानी होने की संभावनाएं बढ़ गई है। मौसम पूर्वानुमान में संकेत दिया गया है, जिसमें तेज हवाओं के बहने और बारिश होने का अनुमान लगाया गया है। अभी ही घने बादलों के छाए रहने और बूंदाबांदी से ही रातें सिहरन भरी हो गई हैं। किसानों का कहना है कि पहले से ही पछुआ हवा और लू के प्रभाव ने रबी फसलों के साधारण पैदावार के आसरे पर पानी फेर दिया है। रविवार से बादलों के मंडराने, बार-बार गरजने और बूंदाबांदी के बाद गुरुवार सुबह से ही धूप नहीं निकली है। इस पर बादलों के गरजने और चमकने के साथ रुक-रुक कर तेज बूंदाबांदी का रबी फसलों खासकर, गेहूं, अरहर और चना की पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ओलावृष्टि की संभावना ने उनकी चिंता को और बढा दी है। ऐसा हुआ तो इन फसलों में तब कटनी करने के लिए कुछ बचेगा ही नहीं। लू के प्रभाव से पहले ही आम के मंजर, महुआ के कोंचा और सहजन फूल व फलों पर भारी प्रभाव पड़ा है। इससे इनके अपेक्षित उत्पादन भी प्रभावित हो जाएंगे। इससे इंकार नहीं किया जा सकता है। बादलों के गरजने, तेज हवाओं, बारिश और ओलावृष्टि से आम में लगे टिकोरे, महुआ के कोंचे झड़ जाएंगे। किसान रामजन्म राम, कमलेश मेहता, प्रवेश पासवान, कृष्णा यादव और अन्य ने मौसम की बेरुखी को देखते हुए रबी फसलों खासकर, चना, अरहर और गेहूं की अच्छी पैदावार की संभावना से इंकार करते हुए भारी नुकसान को लेकर चिंता जताई है।

## भजनियां के राजस्व कैंप में शून्य आवेदन



**शिविर से पंचायत प्रतिनिधि नदारत रहे**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भजनियां पंचायत सचिवालय में गुरुवार को आयोजित राजस्व कैंप इसके प्रति पंचायत प्रतिनिधियों की उदासीनता की भेंट चढ़ गया। बताया गया कि इस बार भी पिछली बार के 24 फरवरी को आयोजित राजस्व कैंप की तरह ही प्रचार प्रसार के प्रति उदासीनता सामने आई। इतना ही नहीं खुद भी पंचायत प्रतिनिधि नदारद रहे। नतीजतन इस बार आवेदन शून्य रह गया। पिछले कैंप में भी मात्र 2 ही आवेदन जमा किए गए थे। इस संबंध में जानकारी देते हुए राजस्व उप निरीक्षक प्रेमचंद कुमार ने बताया कि कैंप में पूरा समय पूर्वाह्न 11 से अपराह्न 3 बजे तक अमीन विनय यादव के साथ डटे रहे। मगर भूमि संबंधित मामलों को लेकर कोई भी आवेदन जमा नहीं किए गए। इससे संबंधित प्रतिवेदन अंचल अधिकारी को समर्पित कर दिया गया है। बताते दें कि अंचल अधिकारी रणवीर कुमार ने मार्च महीने में भी आयोजित होने वाले राजस्व कैंप का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसमें 19 को कादलकुर्मी, 20 मार्च को भजनियां के बाद अब 22 मोहम्मदगंज, 24 गोड़ाडीह, 27 लटपौरी, 29 कोल्हुआ-सोनबरसा के बाद रामबांध में 3 और पंसा में 5 अप्रैल को राजस्व कैंप लगाकर भूमि संबंधित यथा-लगान रसीद, रैयत के नाम और खाता व प्लॉट आदि की त्रुटियों में सुधार करने की बात उन्होंने कही है। इसका अनुपालन राजस्व उप निरीक्षक और अंचल निरीक्षक करेंगे। कैंप में पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इस लेकर उन्हें भी सूचित किया गया है। अंचल अधिकारी ने बताया कि पंचायतवार कैंप लगाकर भूमि संबंधित आवेदनों के निष्पादन का आदेश उच्चाधिकारियों से प्राप्त है। इसी के आलोक में इस माह भी सोमवार, गुरुवार और शनिवार को कैंप लगाकर आवेदनों का निष्पादन किया जा रहा है। संबंधित राजस्व उप निरीक्षक को कैंप से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन प्रति दिन शाम 4 बजे तक उन्हें समर्पित करने का निर्देश दिया गया है।

## रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का नगर उटारी स्टेशन पर ठहराव 23 मार्च से



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयासों से रेलवे बोर्ड ने रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12453/12454) का ठहराव नगर उटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर स्वीकृत कर दिया है। गढ़वा जिले की जनता लंबे समय से इस ठहराव की मांग कर रही थी। इसका औपचारिक शुभारंभ 23 मार्च 2025 को रात 9:47 बजे सांसद विष्णु दयाल राम द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा। इससे पूर्व रात 9:00 बजे स्टेशन पर एक कार्यक्रम आयोजित होगा। इस ठहराव से यात्रियों को सुविधा मिलेगी और आवागमन सुगम होगा। सांसद ने गढ़वा जिला, विशेष रूप से श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के नागरिकों, कार्यकर्ताओं और प्रबुद्धजनों से कार्यक्रम में अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने ट्रेन ठहराव की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया। सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने यह जानकारी दी।

# कोल माइंस आवश्यक दस्तावेज जल्द सौंपे : डीसी

### स्थानीय प्रशासन और कंपनियों के समन्वय से होगा जिले का आर्थिक विकास



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने कोल कंपनियों को आवंटित ब्लॉकों में उत्खनन कार्य तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन और कोल कंपनियों के प्रतिनिधि समन्वय से कार्य करें, ताकि रोजगार के अवसर बढ़ें और जिले का आर्थिक विकास हो।

बैठक में उपायुक्त ने सीसीएल, रजहारा कोल माइंस द्वारा उत्खनन कार्य शुरू नहीं करने पर नाराजगी जताई और शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया। सीसीएल के प्रोजेक्ट ऑफिसर ने आश्वासन दिया कि एक महीने के भीतर उत्खनन कार्य शुरू किया जाएगा। वहीं, हिंडाल्को ने भूमि संबंधी विवाद के कारण उत्खनन कार्य स्थगित होने की जानकारी दी, जिस पर उपायुक्त ने कोर्ट के फैसले के बाद त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने फेयर माइन कार्बन प्राइवेट लिमिटेड और अरण्य माइंस को जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज करने, तथा त्रिमुला कोल माइंस के लिए आवश्यक दस्तावेज जल्द सौंपने का निर्देश दिया। साथ ही, कोल कंपनियों के सीएसआर फंड से शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य संरचनाओं के विकास कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक कदम उठाने को कहा। उन्होंने राष्ट्रीय उच्च पथ चौड़ीकरण परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार, विभिन्न अंचल अधिकारी और कोल कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### पलामू में अवैध अफीम की खेती पर बड़ी कार्रवाई

## मनातू के जंगलों में चार एकड़ में लगी फसल नष्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झांटी के जंगलों में अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती के खिलाफ गुरुवार को संयुक्त अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में वन विभाग और स्थानीय पुलिस बल की टीमों ने हिस्सा लिया।

अभियान के दौरान करीब चार एकड़ भूमि में फैली अफीम की फसल को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। प्रशासन का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य अवैध मादक पदार्थों की खेती को रोकना और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना है।

पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अवैध खेती या संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि इस तरह के गैरकानूनी कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

### डायट में बस्ता रहित कार्यशाला का शुभारंभ

## नई शिक्षा नीति के तहत आनंदपूर्ण लर्निंग पर जोर




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) द्वारा बस्ता रहित कार्यशाला का आयोजन सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, केजी गर्ल्स स्कूल में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार, डायट प्राचार्य सुश्री अमृता सिंह, प्रभारी प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सिंह और मास्टर ट्रेनरों ने दीप प्रज्वलन कर किया।

दो दिवसीय इस कार्यशाला में जिले के 240 विद्यालयों के 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। अपने संबोधन में जिला शिक्षा अधीक्षक ने बच्चों के अधिगम में कौशल विकास के महत्व पर जोर दिया, जबकि डायट प्राचार्य ने बस्तारहित शिक्षा प्रणाली की उपयोगिता को रेखांकित किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सिंह ने नई शिक्षा नीति 2020 के तहत जोयफुल लर्निंग को प्रभावी बनाने और स्किल डिवेलपमेंट के महत्व पर चर्चा की।

कार्यक्रम का संचालन श्यामलाल उरांव ने किया, जबकि विभिन्न प्रशिक्षकों ने बस्तारहित दिवस के महत्व पर अपने विचार साझा किए। कार्यशाला के पहले दिन का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जबकि दूसरे दिन शुक्रवार को इसका समापन किया जाएगा।

## शहर में सघन जांच अभियान कई वाहन जब्त, भारी जुर्माना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के सादिक चौक टेंपो स्टैंड के पास बुधवार को सघन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की गई। इस दौरान कई दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस और ट्रिपल लोडिंग करते पाए गए। जांच में 13 दोपहिया वाहन जब्त कर शहर थाना परिसर में रखा गया, जबकि नो-एंट्री में पकड़े गए एक ट्रक को टीओपी-2 परिसर में खड़ा कर जिला परिवहन कार्यालय भेजा गया। जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 19 दोपहिया वाहनों का चालान किया गया, जिससे 39,368 रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं, एक टेंपो चालक को शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में पकड़ा गया, जिससे 10,185 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा, 7 टेंपो और 1 कार का ऑनलाइन चालान किया गया, जिससे 9,200 रुपये का जुर्माना वसूला गया। कुल मिलाकर, इस अभियान में 58,753 रुपये का चालान किया गया। प्रशासन ने वाहन चालकों से सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की है।

## पलामू कांग्रेस की समीक्षा बैठक संगठन को मजबूत करने पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत गुरुवार को समीक्षा बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जैश रंजन (बिट्टू) पाठक ने की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव एवं प्रखंड अध्यक्षों ने भाग लिया। कोषाध्यक्ष अजय साहू ने संचालन किया।

बैठक में सभी प्रखंड अध्यक्षों ने अपने क्षेत्र की विस्तृत जानकारी साझा की। निर्णय लिया गया कि प्रत्येक मंगलवार को प्रखंड कार्यालय और अंचल कार्यालय के समक्ष कैंप लगाए जाएंगे ताकि झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे। साथ ही, प्रत्येक माह जिला कांग्रेस कार्यालय में कार्यों की समीक्षा बैठक करने का निर्णय लिया गया। जो पदाधिकारी लगातार तीन बैठक से अनुपस्थित रहेंगे, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के प्रयास लगातार जारी हैं। दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा और आदिवासी समाज के लोग कांग्रेस से लगातार जुड़ रहे हैं। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा देश में नफरत फैलाने का काम कर रही है, जबकि कांग्रेस मोहब्बत पर विश्वास रखती है। देश नफरत से नहीं, मोहब्बत से चलेगा।

बैठक में विनोद तिवारी, संतोष चौबे, तारकेश्वर पासवान, शमीम अहमद, राईन ईश्वरी सिंह, विद्या सिंह चेरो, राजेंद्र अग्रवाल, शंकर पांडे, गिरजा राम, डॉ. कृष्मणि दुबे, मिथिलेश कुमार सिंह, बागेश्वर पांडे, सुरेश पाठक, तुलसी पासवान, इंदु भगत, विश्राम दुबे, अजय साहू, जितेंद्र कमलापुरी, देवांग शुक्ला, सत्येंद्र सिंह, विष्णुदेव यादव, उदय यादव, पंकज कुमार सिंह, योगेश्वर यादव, मुस्तकीम चांद, अकमल आलम, रॉबिन भारद्वाज समेत कई अन्य नेता उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 12वीं राज्य स्तरीय सब-जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया, जहां बालक और बालिका वर्ग से कुल 27 खिलाड़ियों का चयन किया गया। पलामू जिला खेल पदाधिकारी सेवा राम साहू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और नारियल फोड़कर ट्रायल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। यह प्रतियोगिता 22 और 23 मार्च को धनबाद के मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी।

बालक वर्ग की 12 सदस्यीय टीम में गौरव तिवारी, अंकित कुमार, सोनल कुमार जायसवाल, मोहित सोनी, उत्सव दुबे, अनिल कुमार, अमन कुमार, सुजीत कुमार, राजकुमार, ऋषि कुमार, सत्यम भारती और प्रत्यूष गुप्ता को चुना गया। वहीं, बालिका वर्ग की 15 सदस्यीय टीम में एकता कुमारी, जूली कुमारी, विद्या कुमारी, अंशिका कुमारी, अनामिका कुमारी, करिश्मा कुमारी, संजना कुमारी, पम्मी कुमारी, खुशी कुमारी, सरस्वती कुमारी, ममता कुमारी और नीता कुमारी को स्थान मिला। इसके अलावा, संजना कुमारी, निशा कुमारी और ज्योति कुमारी को स्टैंडबाई खिलाड़ी के रूप में रखा गया।

ट्रायल प्रतियोगिता पलामू जिला कबड्डी संघ के सचिव उपेंद्र कुमार की देखरेख में संपन्न हुई। इस दौरान संरक्षक कमलानंद दुबे, ओलंपिक संघ के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी, खेल समन्वयक निधि उपाध्याय, कबड्डी संघ अध्यक्ष मनोज मेहता समेत कई खेल अधिकारी और प्रशिक्षक मौजूद रहे।

# पलामू में भेड़ पालन सिमटता जा रहा गड़ेरिए अन्य व्यवसाय की ओर बढ़ रहे



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में सदियों से आजीविका का मुख्य साधन रहा भेड़ पालन अब सिमटता जा रहा है। भेड़ और उनसे मिलने वाली ऊन का उत्पादन घटने से कुटीर उद्योग भी प्रभावित हो रहे हैं। पहले भेड़ से मिलने वाली ऊन का उपयोग कंबल और अन्य उत्पादों के लिए किया जाता था, लेकिन आधुनिक मशीनों और सिंथेटिक कंबलों के बढ़ते उपयोग के कारण इसकी मांग कम हो गई है।

भेड़ पालकों को उचित दाम नहीं मिलने से वे धीरे-धीरे इस व्यवसाय से दूर हो रहे हैं। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. प्रभाकर कुमार के अनुसार, प्रशिक्षण और सरकारी योजनाओं के अभाव में भेड़ पालक दूसरे व्यवसायों की ओर रुख कर रहे हैं। हालांकि, कुछ समय पहले विधानसभा सत्र में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने गाय और बकरी की तरह भेड़ों के लिए भी सब्सिडी देने और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की थी। अब देखना होगा कि नए वित्तीय वर्ष में इस योजना को कितना प्रभावी बनाया जाता है।

भेड़ पालक किशन पाल का कहना है कि वे अपनी पुश्तैनी भेड़ पालन का कार्य तो कर रहे हैं, लेकिन युवा पीढ़ी इसे अपनाने में रुचि नहीं दिखा रही। वे रोजगार के लिए शहरों में जाकर पढ़ाई और नौकरी करना अधिक पसंद कर रहे हैं। उनका मानना है कि अगर राष्ट्रीय पशुधन योजना के तहत भेड़ पालन को जोड़ा जाए, तो इससे पालकों को आर्थिक संबल मिलेगा और उनकी रुचि इस व्यवसाय में फिर से बढ़ेगी। पहले भेड़ पालक अपनी भेड़ों को खेतों में चराने और जंगलों में पानी और चारा देने के लिए ले जाते थे, जिससे खेतों की उर्वरता भी बढ़ती थी। लेकिन अब जंगलों की कमी, चरागाहों का सिमटना और सरकारी समर्थन की कमी के कारण यह परंपरा लगभग समाप्त हो गई है। एक अन्य बड़ी समस्या यह भी है कि आजादी के 78 साल बाद भी पलामू में भेड़ पालन से जुड़े उद्योग या फैक्ट्री स्थापित नहीं हो सके हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार आने वाले समय में भेड़ पालकों के लिए क्या नई योजनाएं लाती है और वे इससे कितना लाभ उठा पाते हैं।

## भारत वाणिज्य कंपनी के कैंपस परिसर के ट्रांसफार्मर में लगी आग

### शॉर्ट सर्किट से हुआ हादसा, बिजली आपूर्ति बाधित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पंडवा स्थित भारत वाणिज्य कंपनी के कैंपस में गुरुवार सुबह 7 बजे ट्रांसफार्मर धू-धू कर जल उठा, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग ने कुछ ही देर में भयावह रूप ले लिया, और ट्रांसफार्मर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। सूचना मिलने पर बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि आग की लपटें तेज उठ रही थीं और काले धुएं के गुब्बार निकल रहे थे। इस घटना से इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। विभाग ने नया ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया तेज कर दी है ताकि जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल की जा सके। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### ईद को लेकर बाजार के भीड़ पर प्रशासन से नियंत्रण करने की मांग

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय में ईद त्योहार को लेकर बाजार में भीड़ देखने को मिल रही है। लोग खरीदारी के लिए दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे बाजार क्षेत्र में यातायात का दबाव बढ़ गया है। इसे ध्यान में रखते हुए समाज सेवी सह झामुमो नेता जुनैद अनवर ने प्रशासन से शाम 7 बजे से रात 10:30 बजे तक भारी मालवाहक वाहनों के बालूमाथ टमटम टोला से प्रखंड कार्यालय, परिचालन पर रोक (नो-एंट्री) लगाने की मांग की है।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल, रिम्स रेफर

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र पटरिया चोटांग में गुरुवार की शाम टेंपो व बाइक में हुई टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में सिंटू बैठा (पिता अनवर बैठा, निवासी मनकारी जागीर), अर्जुन परिया शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंटू बैठा अपने बाइक पर अर्जुन परिया को स्टेशन से लिफ्ट लेकर कहीं जा रहे थे। इस दौरान पटरिया चोटांग के पास तेज गति से आ रहे एक टेंपो से भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में दोनों के दाहिने पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को एंबुलेंस के मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही लातेहार थाना पुलिस मौके पहुंची। पुलिस अधिकारी रमाकांत गुप्ता, संतोष कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### गौशाला की नयी कमेटी का चुनाव 27 को

**चतरा।** गौशाला चतरा की बैठक गुरूवार को गौशाला अध्यक्ष विद्या सागर आर्य की अध्यक्षता में चुनावी प्रक्रिया को लेकर की गयी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नयी कमेटी का चुनाव 27 मार्च को हरलाल तालाब स्थित गौशाला में 11 बजे से होगी। 25 मार्च तक नये सदस्य बनाये जायेंगे। चुनावी प्रक्रिया में वही लोग भाग ले सकेंगे जो साधारण या आजिवन सदस्य होंगे। आजीवन सदस्य ही अध्यक्ष, सचिव, एवं कोषाध्यक्ष होंगे। बैठक में गोबिंद सिंह, जितेन्द्र कुमार पाठक, गंगाधर शास्त्री, सुशील कुमार सिंह, नितेश कुमार, पंकज प्रजापति, मदन कुमार साहा, कुमार विवेक, सतिष कुमार मिश्र, प्रदिप कुमार रावत, पंकज कुमार दुबे, मोहित कुमार, चन्द्रपाल पाठक, बिनोद कुमार श्रीवास्तव, दिपक कुमार, चंदन कुमार, आलोक रंजन सिंह, सुचित कुमार, प्रशांत कुमार, राजेश सोनी, कुमार हेमंत, ओमप्रकाश पाठक, श्रीराम शास्त्री, संजीव कुमार आदि सदस्यों ने भाग लिया।

### एकल अभियान का 10 दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड के बानासाडी पंचायत भवन में गुरूवार को एकल विद्यालय फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा एकल अभियान के तहत 10 दिवसीय नवीन आचार्य अभ्यास वर्ग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन अतिथियों ने भारत माता एवं मां सरस्वती की चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षक भरत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बानासाडी पंचायत की मुखिया पार्वती देवी, सिमरिया संच के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, चतरा जिला विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष लखन सिंह, पूर्व उपप्रमुख ललिता देवी, अंचल अभियान प्रमुख प्रेम राम, अंचल शारीरिक प्रमुख मोहित महतो टंडवा के संघ प्रमुख प्रमोद यादव, गिद्धौर संघ प्रशिक्षक किरण देवी सहित कार्यक्रम में विभिन्न एकल विद्यालय के आचार्य मौजूद थे। एकल विद्यालय प्रशिक्षण में कई जानकारी दी गयी। इस प्रशिक्षण में एकल विद्यालय के 10 कार्यकर्ता एवं 65 नवीन आचार्य शामिल है।

### उग्रवाद प्रभावित जेहरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के अति उग्रवाद प्रभावित मेराल पंचायत अंतर्गत जेहरा में समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत एचडीएफसी बैंक व सर्पोट संस्था के तकनीकि सहयोग से एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निःशुल्क जेनरिक मेडिसिन, फास्ट कीट, ब्लड प्रेशेर एंव शूगर जांच के अलावे सेनेटरी पैड, ओआरएस इत्यादि का ग्रामीणों के बीच जेहरा स्वास्थ्य केंद्र के एएनएम ममता देवी,सहिया गीता देवी ने जांच कर मरीजों को दवा दी। सपोर्ट संस्था के प्रवेश ठाकुर ने बताया कि परियोजना के तहत स्वास्थ्य शिविर के जरिए गांव के महिलाओं-पुरुष, बच्चों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा महैया कराया जाता है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ देख भाल की जानकारी ग्रामीणों को देते हुए पोषण वाटिका के महत्व, स्वच्छता, पेयजल, समेत विभिन्न बीमरियों व उनके रोकथाम पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि परियोजना का एकमात्र परिवंतन महिलाओं को आत्म निर्भर आजीविका संवर्धन करना उद्देश्य है। मौके पर सर्पोट संस्थान के अमन राज, उमेश प्रसाद, मंगलू गंझू, वीरेंद्र कुमार, ललिता देवी आदि ग्रामीण शिविर में उपस्थित थे।

### मौसम ने ली करवट, पलामू में हुई हल्की बारिश

## तापमान में गिरावट, किसानों की बढ़ी चिंता



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में गुरुवार को रुक-रुक कर हल्की बारिश होती रही, जिससे मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह से ही गरज के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई, जिससे वातावरण ठंडा हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। मार्च के महीने में तेज धूप और बढ़ते तापमान से लोग परेशान थे, लेकिन अचानक हुए मौसम परिवर्तन से नमी बढ़ गई है। हालांकि, खलिहान में रखी रबी फसलों को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है।

मौसम विभाग ने पहले ही मध्यम दर्जे की बारिश और वज्रपात की संभावना जताई थी। इसको देखते हुए ग्रामीण इलाकों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस था, जो गुरुवार को घटकर 31.7 डिग्री सेल्सियस रह गया, जबकि न्यूनतम तापमान 15.9 डिग्री से बढ़कर 21.2 डिग्री सेल्सियस हो गया। शाम तक 2.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई।

## गर्मी बढ़ते ही चापाकल मरम्मत की मांग तेज

### नगर निगम कर रहा त्वरित कार्रवाई, तीन टीमें काम में जुटीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बढ़ती गर्मी के साथ चापाकलों के खराब होने की शिकायतें बढ़ गई हैं। नगर निगम को लगातार इनकी मरम्मत के लिए अनुरोध मिल रहे हैं, और पेयजल संकट से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

नगर निगम क्षेत्र में करीब 1400 चापाकल हैं, जिनमें से कई मरम्मत के अभाव में खराब पड़े थे। निगम का कहना है कि कुछ इलाकों में चापाकल की उपयोगिता कम होने से उनकी स्थिति पर ध्यान नहीं दिया जाता, लेकिन शिकायत मिलते ही सुधार कार्य किया जाता है।

ड्राई जोन बनने वाले इलाकों में अप्रैल से जून के बीच पानी की किल्लत बढ़ जाती है। कई क्षेत्रों में अब तक पाइपलाइन का विस्तार नहीं हो सका, जिससे टैंकर ही पानी आपूर्ति का एकमात्र साधन रह जाता है।

नगर निगम के पाइपलाइन निरीक्षक छोटेलाल गुप्ता ने बताया कि निगम चापाकल मरम्मत के लिए आवश्यक सामान की खरीद प्रक्रिया पूरी कर चुका है, और अगले सप्ताह तक मरम्मत कार्य तेज किया जाएगा। इस समय तीन टीमें लगातार चापाकल सुधार में लगी हैं। नागरिक 9430325739 पर व्हाट्सएप/कॉलिंग के जरिए शिकायत दर्ज करा सकते हैं और लोकेशन, मोबाइल नंबर तथा वार्ड की जानकारी देकर सीधे संपर्क कर सकते हैं।

# इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाला युवक गिरफ्तार

**सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल इस तरह के पोस्ट पर नजर रखती हैं : एसडीपीओ**

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** विशनपुरा थाने की पुलिस ने इंस्टाग्राम आईडी पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाला पोस्ट करने वाले राजन सोनी नामक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही उसके पास से नकली पिस्टल, मोबाइल जब्त किया है। गिरफ्तार युवक विशनपुरा थाना क्षेत्र के विशनपुरा का रहने वाला है। यह जानकारी एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने दी। वह गुरुवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 20 मार्च को गढ़वा पुलिस सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल के माध्यम से सूचना मिली कि राजन सोनी नामक युवक द्वारा अपने इंस्टाग्राम आईडी से एक सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाला पोस्ट किया गया है। इसकी सूचना पर विशुनपुरा के थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। टीम में थाना प्रभारी के साथ पुअनि मिन्नातुल्ला खां, आरक्षी सुर्यभूषण सिंह एवं अनूप कुमार रवि को शामिल किया गया था। टीम ने मामले की जांच के दौरान सही पाते हुए राजन सोनी नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया। साथ उसके पास से घटना कारित करने में प्रयोग किया गया मोबाइल, नकली पिस्तौल जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवक के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि इसके पूर्व में भी गढ़वा पुलिस की ओर से कई बार अपील की गई है कि कोई भी सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाला या कोई ऐसा पोस्ट ना करें, जिससे किसी की धार्मिक भावना या सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचे। गढ़वा जिला पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल इस प्रकार के हर पोस्ट पर नजर रखती है। इस प्रकार का पोस्ट यदि सोशल मीडिया पर की जाती है तो उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। प्रेसवार्ता में विशनपुरा के थाना प्रभारी राहुल सिंह,पुअनि मिन्नातुल्ला खां आदि मौजूद थे।



## एक नजर

### सात मवेशी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मेराल।** पुलिस रात्रि चेकिंग अभियान के दौरान थाना के गेट के सामने अवैध रूप से पिकअप द्वारा ले जा रहे सात पशुओं को बरामद किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि एक पिकअप में सात मवेशियों को भरकर अवैध तरीके से ले जाया जा रहा था। चेकिंग अभियान के दौरान मवेशी सहित पिकअप और अवैध धंधे में संलिप्त दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कोलझिकी गांव निवासी मुमताज अंसारी तथा पीरताज अंसारी शामिल हैं, जिन्हें गुरुवार को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि बरामद किए गए सभी सात मवेशियों को गौशाला भेज दिया जाएगा।

### पीडीएस डीलरों के साथ बीडीओ ने की बैठक

**धुरकी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जुल्फिकार अंसारी की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी डीलरों के साथ बैठक की गई। इसमें सभी जन वितरण प्रणाली के डीलरों को बीडीओ ने कहा कि अपने-अपने दुकान के बचे हुए कार्डधारियों का जल्द ई केवाईसी करवाए। उन्होंने कहा कि जिन दुकानदारों के नाम से लाइसेंस प्राप्त है वह ही दुकानदार दुकान संचालित करें व राशन डीलर सभी पंजी अपडेट रखें। साथ ही समय पर दुकान खोलें व बंद करें। दुकान पर रेट लिस्ट आवश्यक रूप से टांगें।

### शिक्षा विभाग ने दो स्कूलों की जांच नहीं की

**डंडई।** निजी विद्यालयों की सरकारी मान्यता देने को लेकर शिक्षा विभाग गढ़वा की ओर से निर्धारित किया गया 20 मार्च तक का समय गुरुवार को समाप्त हो गया। इस बीच प्रखंड क्षेत्र के दो स्कूलों की जांच नहीं हो सका। उक्त दोनों विद्यालयों की जांच करने की जिम्मेवारी शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज ने स्वयं लिया था। अंतिम दिन तक विद्यालयों की जांच नहीं होने से विद्यालय के संचालको के बीच असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गया है। मामले को लेकर वे पूरी तरह परेशान रहे।

### मुखिया के निरीक्षण में गायब मिले प्रभारी शिक्षक

**केतार।** प्रखंड के मुकुन्दपुर पंचायत अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेलाबार का गुरुवार को मुखिया मूंगा साह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुखिया ने शिक्षकों व बच्चों की उपस्थिति पंजी, मध्याह्न भोजन, विद्यालय की साफ-सफाई का निरीक्षण किया। मुखिया के निरीक्षण में विद्यालय के प्रभारी शिक्षक राजेश्वर रजक हाजरी बनाकर विद्यालय से गायब मिले। बच्चों ने मुखिया से शिकायत की की उन्हें मेनू के अनुसार मध्याह्न भोजन नहीं मिलता है। मुखिया मूंगा साह ने बताया की बुधवार को मेनू में मडुआ का हलुआ देना है, लेकिन बच्चों को हलुआ नहीं मिला। विभाग द्वारा बच्चों को खेलने के लिए मिला खेल समाग्री बोरा में बांधकर स्टोर रूम में रखा हुआ है। मुखिया ने कहा कि बच्चों और ग्रामीणों द्वारा जानकारी मिली की विद्यालय में संयोजिका भी नहीं आती है।

### 11 छात्रों को एसपीसीसीएल कंपनी में मिला रोजगार

**भवनाथपुर।** प्रखंड के झगड़ाखाड स्थित कल्याण गुरुकुल से वेंडर ट्रेड से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 11 छात्रों को एसपीसीएल कंपनी हैदराबाद में नौकरी मुहैया कराई है। गुरुकुल में आयोजित विशेष आयोजन में छात्रों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य बृजकिशोर ने नियुक्ति पत्र दिया। इस मौके पर प्रचार्य बृजकिशोर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रो में रहने वालो युवक जो कम पढ़े लिखें है,उन्हें भी हुनरमंद और दक्ष बनाना है।कम पढ़े लिखें बच्चों में भी काफी क्षमता होती है। गुरुकुल के कई छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार पा चुके है।

### संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत

**मेराल।** थाना क्षेत्र के पिंडरा गांव में बुधवार रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत गई। मृतका कुर्बान अंसारी की पत्नी सबीना बीवी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मौत के कारणों की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार घटना के बाद मृतका का पति कुर्बान अंसारी समेत ससुराल वाले घर से फरार हो गए हैं। सबीना बीबी झलूवा छतरपुर गांव निवासी बरकत अंसारी की पुत्री थी। 11 महीने पहले उसकी शादी मेराल के पिंडरा गांव निवासी जमालुद्दीन अंसारी के पुत्र कुर्बान अंसारी से हुई थी। मायका पक्ष ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज को लेकर सबीना को प्रताड़ित कर रहे थे। माइका वालों का दावा है कि सबीना ने आत्महत्या नहीं, बल्कि उसकी हत्या की गई है। पुलिस मामले के जांच कर रही है।

### अवैध तरीके से बिजली चोरी करते आठ पकड़ाए , प्राथमिकी दर्ज

**केतार।** बिजली चोरी के विरुद्ध गुरुवार को कनीय विधुत अभियंता सुधीर बाड़ो के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान केतार, लतमरवा और खैरवा गांव में छापेमारी कर आठ लोगों को अवैध तरीके से विद्युत चोरी कर विद्युत मोटर चलाते पकड़ा गया। कनीय अभियंता ने उक्त सभी लोगों के विरुद्ध 80 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए केतार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इनमें लतमरवा गांव निवासी बुटाई मेहता पर 10 हजार रुपए, नंदू मेहता पर 10 हजार, सुदर्शन मेहता पर 10 हजार, रामाशीष मेहता पर 10 हजार, छुनू मेहता 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। कनीय अभियंता सुधीर बाड़ो ने कहा कि अवैध बिजली चोरी रोकने के लिए निरंतर यह अभियान चलाया जायेगा। छापेमारी दल में सहायक विधुत अभियंता प्रदिप कुमार, अशोक कुमार, अनील कुमार,महादेव प्रसाद , छुनू कुमार सहित अन्य शामिल थे।

### प्रखंड स्तरीय स्टेयरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन

**खरौंधी (गढ़वा)।** झारखंड सरकार के मानव संसाधन विकास विभाग के निर्देश पर गुरुवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड स्तरीय स्टेयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ रविन्द्र कुमार ने की। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बीडीओ ने सभी विद्यालय प्रभारियों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाली रसोइयों को हटाकर उनके स्थान पर नई रसोइयों का चयन करने का निर्देश दिया। माध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, रख रखाव पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। रसोइयों को एप्रोन पहन कर भोजन परोसने और बच्चों को स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की हिदायत दी गई। बीडीओ ने किसी भी हाल में माध्याह्न भोजन बंद नहीं करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी प्रधानाध्यापक यह सुनिश्चित करें कि अतिरिक्त पोषाहार, फल, अंडा, मेनू के अनुसार भोजन बच्चों को उपलब्ध कराया जाए। यदि किसी विद्यालय में लापरवाही या शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बीपीएम नवीन प्रकाश, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी के प्रतिनिधि रेणु बैजंती खलखो, प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी विनोद पासवान, प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह,हेल्थ कार्यकर्ता वीरेंद्र मिश्रा, एसएमसी अध्यक्ष बृह्मदेव प्रसाद गुप्ता, संतोष कुमार पासवान, संयोजिका रीता देवी, रंभा देवी एमडीएम सेल के ऑपरेटर सोनू कुमार उपस्थित थे।

### पावर प्लांट स्थापना की मांग पर सीएम के अश्वासन नही मिलने से लोगों में नाराजगी

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी वरुण विहारी यादव, आजाद समाज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अख्तर अंसारी ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर कहा कि वर्तमान विधायक अनंत प्रताप देव ने चुनाव के दौरान क्षेत्र में पावर प्लांट स्थापित कर युवाओं को रोजगार देने और पलायन रोकने का वादा किया था, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नेताओं ने कहा कि विधायक अनंत प्रताप देव के पिता के कार्यकाल में एशिया का दूसरा सबसे बड़ा क्रशर प्लांट भवनाथपुर में स्थापित किया गया था, जिसे अब पांच दशकों बाद क्रशर प्लांट का कटिंग किया जा रहा है। दूसरी ओर विधायक समर्थकों द्वारा बंद पड़े तुलसीदामर खदान के मजदूरों के समर्थन में आंदोलन किया जा रहा है, जिसे लोग केवल दिखावा बता रहे हैं। श्री बंशीधर नगर महोत्सव के दौरान विधायक अनंत प्रताप देव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से क्षेत्र में पावर प्लांट लगाने की मांग की, लेकिन मुख्यमंत्री ने इस पर कोई आश्वासन नहीं दिया। इसको लेकर भी स्थानीय लोगों में नाराजगी है कि सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही। वहीं सरकार द्वारा महिलाओं को 2500 रुपये की सम्मान राशि दिए जाने का स्वागत किया गया, लेकिन इस योजना के क्रियान्वयन में अनियमितताओं की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। ग्रामीण इलाकों की कई महिलाएं ब्लॉक और बैंक के चक्कर काट-काटकर परेशान हो चुकी हैं, लेकिन सरकारी कर्मचारी उनकी कोई मदद नहीं कर रहे। कई जगहों पर अधिकारियों द्वारा अभद्र व्यवहार की भी शिकायतें हैं। नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर दो दिनों के भीतर इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो जनता बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और विधायक की होगी। इस मौके पर रिंकी देवी, रीना देवी, रूबी देवी, सबीना खातून, सुचित्रा देवी, कंचन देवी, तेतरी देवी, रेशमी देवी, उषा देवी, सफीना खातून सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

### धूमधाम से श्रीराम नवमी पूजा मनाने का निर्णय

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महावीर मंदिर के प्रांगण में बुधवार की देर शाम ग्रामीणों की बैठक कांडी पंचायत मुखिया विजय राम की अध्यक्षता में हुई। इसमें रामनवमी पूजा धूमधाम व भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। रामनवमी पूजा के दौरान नवाह्न परायण पाठ के लिए बनारस से विद्वान पंडित को बुलाने पर सहमति प्रदान की। पंडाल, लाइट, साउंड की व्यवस्था के लिए मां लक्ष्मी डीजे साउंड के सूरज गुप्ता से संपर्क करने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सड़क की दोनों किनारों पर 300 पीस महावीरी झंडा लगाया जाएगा। बैठक में चंदा संग्रह के लिए 15 सदस्यी का गठन किया गया। कमेटी में विजय राम मुखिया, किशोरी लाल, उदय राम, विश्वनाथ प्रसाद, भोला गुप्ता, राजेश प्रसाद, उप मुखिया दिलीप राम, विकास चंद्र, गुड्डू माही, बीडीसी प्रतिनिधि अनूप राम, प्रदीप पेंटर, रविंद्र प्रसाद, पिंटू सोनी सहित अन्य शामिल हैं। बैठक में प्रेम प्रकाश, मनीष सोनी, उमेश कुमार प्रसाद, मनोज कुमार, गया ठाकुर, दीपक सोनी, सूरज कुमार गुप्ता सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## गोली चालन की घटना में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार, देसी कट्टा बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के चिनिया थानांतर्गत सिगसिगा खुर्द गांव निवासी भाजपा नेता सह बरवाडीह पंचायत के पंचायत सचिव सदस्य के पति योगेंद्र प्रसाद पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने गुरुवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में मझिआंव थानांतर्गत करुई गांव निवासी अमित कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह और पलामू जिलांतर्गत पिपराटांड़ थाना के गोंगो गांव निवासी नीतेश कुमार सिंह उर्फ नीतू सिंह शामिल हैं। बाद में उनकी निशानदेही पर देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। यह जानकारी एसपी दीपक कुमार पांडेय ने गुरुवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि 7 मार्च को सिगसिगा खुर्द निवासी योगेंद्र प्रसाद पर तहले घाटी में फायरिंग हुआ था। घटना में योगेंद्र घायल हो गए थे। दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान उक्त दोनों को बरवाडीह से गिरफ्तार किया गया। छापामारी दल में रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह के अलावा पुलिस निरीक्षक सुभाष कुमार पासवान, थाना प्रभारी अमित कुमार, नवीन कुमार राणा, राधेश्याम राम सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



### गमहरिया व सोन संगम मेरौनी टीम के बीच होगा फाइनल मुकाबला

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** मां चतुभुर्जी प्रीमियर लीग सीजन-1 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में सोन संगम मेरौनी टीम ने मेरौनी बी टीम को पराजीत कर फाइनल में जगह बना लिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मेरौनी बी टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 9 विकेट खोकर आयुष के 43 रनों के बदौलत 103 रन का स्कोर बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी सोन संगम मेरौनी की टीम ने 11 ओवर में तीन विकेट खोकर 107 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। सोन संगम मेरौनी टीम से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाज वाशिक को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार आयोजनकर्ता पंकज कुमार सिंह ने दिया। वांशिक ने 24 गेंदों में 43 रन की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। फाइनल मुकाबला 21 मार्च को गमहरिया व सोन संगम मेरौनी टीम के बीच खेला जायेगा। फाइनल विजेता टीम को 51 हजार रुपए, ट्राफी उप विजेता टीम को 31 हजार रुपए और ट्राफी देकर समाज सेवी पंकज सिंह सम्मानित करेंगें। इस अवसर पर आयोजनकर्ता पंकज सिंह, खरौंधी जिप सदस्य धर्मराज पासवान, आजसू प्रवक्ता गोरख चौधरी, आलोक तिवारी, अध्यक्ष बिट्ठू सिंह, रविन्द्र सोनी, हेमंत मेहता, ऐनुल परवेज, गौतम पाल, सोनू सिंह, श्याम बिहारी राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।



### रामनवमी पूजा भव्य तरीके से मनाने का निर्णय

**रंका।** 30 मार्च से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्र पूजा को लेकर पूजा समिति सक्रिय हो गई है। समिति के पदाधिकारी और सदस्य ग्रामीण इलाकों में जाकर लोगों को पूजा में शामिल होने और महाप्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। इस संबंध में पूजा समिति के अध्यक्ष शूलपाणि सिंह और उपाध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि पिछले चार दिनों से रामनवमी पूजा समिति रंका और चिनियां थाना क्षेत्र के गांवों में घर-घर जाकर सहयोग की अपील कर रही है और श्रद्धालुओं को पूजा में शामिल होने का निमंत्रण दे रही है। यह जनसंपर्क अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि राम भक्तों द्वारा पूजा को भव्य बनाने के लिए पूरी तैयारी की जा रही है।

### झामुमो जिला अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**चिनियां।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नए जिला अध्यक्ष शंभू राम का गुरुवार को चिनियां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। फूल-मालाओं और नारों के बीच उनका अभिनंदन किया गया। शंभू राम ने सबसे पहले चिनियां थाना मोड़ पर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, वह उसे पूरी निष्ठा और समर्पण से निभाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वह एकजुट होकर झामुमो को और मजबूत करने में सहयोग दें। साथ ही, जनता की समस्याओं के समाधान के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। मौके पर सुनील कुमार गौतम, बंधु राम रवि, बंशीधर यादव, जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, २० सूत्री अध्यक्ष मंगरु सिंह खरवार, विद्याराम रवि, रामबदन रवि, तौहिद अंसारी सहित अन्य शामिल रहे।

### डीएमओ ने अवैध चिमनी भट्ठा ध्वस्त किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** थाना क्षेत्र के हारण दुबे पहाड़ी के पास अवैध रूप से चलाए जा रहे लोहा चदरा चिमनी भट्टा को जिला खनन पदाधिकारी राजेंद्र उरांव ने गुरुवार को ध्वस्त कर दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि उक्त मामले में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा अवैध रूप से चलाए जा रहे लोहा चदरा द्वारा चिमनी भट्ठा के मालिक रोहित प्रताप शाही उर्फ गोल्डन के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कराई है। रोहित प्रताप शाही केतार प्रखंड के कधवन गांव के रहने वाले हैं। जिला खनन पदाधिकारी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार बिना अनुज्ञप्ति प्राप्त किए संचालन करना झारखंड लघु खनिज समानुदान और नियमावली 2004 यथा संशोधित नियम4,30 एवं 54 के तहत दंडनीय अपराध है। उक्त मामले में जेएमएमसीआर के विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। बता दें कि गुरुवार को जिला खनन पदाधिकारी राजेंद्र उरांव सीओ यशवंत नायक, एएसआई ललिता कुमारी, पुलिस बल की उपस्थिति में चिमनी भट्ठा को ध्वस्त कर दिया गया।

## कार्यक्रम — दो दिवसीय श्री वंशीधर महोत्सव

# इंडियन आइडल फेम कलाकारों के प्रस्तुति पर झूमे दर्शक

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** राजकीय महोत्सव में इंडियन आइडल फेम सलमान अली और पूजा चटर्जी ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा आर्यन महाकाल ग्रुप द्वारा राधे कृष्ण की झांकी, न्यू झारखंड कला संगीत सृजन केंद्र द्वारा प्रस्तुत छऊ नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। पूजा चटर्जी ने सांसों की माला में, ओ मेरे दिल की चैन, प्यार आ रहा है प्यार, मेरा दिल गाए जा जूबी जूबी, तू मुझे कबूल मै तुझे कबूल, दमा दम मस्त कलनदर, सात समंदर पार मै तेरे पीछे पीछे, कोई ना कोई चाहिए प्यार करने वाला सहित कई गाना गाकर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा पूजा ने भोजपुरी स्टार सिंगर के अनुपमा यादव के साथ हरि ओम हरि गाने पर जुगलबंदी की। सलमान के आते ही लोगों में जोश भर आया। सलमान ने भक्ति गीत श्री गणेश देवा से कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद तेरे नाम से जी लू तेरे नाम से मर लूं गाया। ऐसे लहरा के तू रु ब रु आ गई गाया, पूरा जनसैलाब मोबाइल का फ्लैशलाइट जलाकर झूमने लगा। इसके अलावा कजरा मुहब्बत वाला, यारा तेरी यारी को, काला चश्मा, झूम बराबर झूम, कुड़ी पंजाबन, धीरे धीरे मेरी जिंदगी में आना, मेरा पिया घर आया ओ राम जी, जीने के हैं चार दिन, खईके पान बनारस वाला, बलम पिचकारी, मै निकला गड़ी लेकर, सावन में लग गई आग और सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी गाकर लोगों का भरपूर मनोरंजन कराया। सभी कलाकारों को विधायक अनंत प्रताप देव, डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



## न्यूज बॉक्स

### ट्रैक्टर मालिकों पर प्राथमिकी दर्ज

**मेराल।** जिला खनन पदाधिकारी राजेंद्र उरांव ने मेराल थाना में सोहबरीया गांव से अवैध बालू का परिवहन करते पकड़े गए तीनों ट्रैक्टर मालिकों व चालकों पर गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज कराया है। मालूम हो कि मंगलवार की रात उरिया नदी से तीन ट्रैक्टरों द्वारा बालू का उठाव कर बेचने के लिए सोहबरीया गांव ले जाने के क्रम में थाना प्रभारी विष्णु कांत और सीओ यशवंत नायक द्वारा छापेमारी कर पकड़ा गया था। पकड़े गए ट्रैक्टरों को अग्रेतर कार्रवाई के लिए थाना द्वारा जिला खनन पदाधिकारी के पास भेजा गया था जिला खनन पदाधिकारी ने पकड़े गए तीनों ट्रैक्टर के मालिक तथा चालकों पर प्राथमिककी दर्ज कराया है। मालूम हो कि हासनदाग उरिया नदी से सोहबरीया गांव ले जाने के दौरान पुलिस द्वारा रास्ते से बालू लदा तीनों ट्रैक्टर को जप्त कर थाना ले आया था। बरामद ट्रैक्टर रेजो गांव के दुनुखाड़ टोला निवासी विनोद चौधरी, रमेशी चौधरी और हासनदाग गांव के राजेंद्र चौधरी का नाम शामिल है।

### शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष ने श्री वंशीधर महोत्सव पर उठाए सवाल

**श्री बंशीधरनगर।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय ने बंशीधर महोत्सव के दौरान स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारियों के कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि महोत्सव के पहले दिन कार्यक्रम में अव्यवस्था का आलम था। आमंत्रण पत्र के बावजूद बैठने की व्यवस्था नहीं थी। वह पेंशनर समाज के लोगों के साथ कार्यक्रम में शरीक होने गए थे। लेकिन जगह खाली रहने के बाद भी श्री बंशीधर नगर के कुछ पदाधिकारियों द्वारा उन्हें बैठने नहीं दिया। उनका व्यवहार भी काफी खराब था। इससे पूर्व हुए सभी महोत्सव में ऐसा कभी नहीं हुआ था। ऐसा लग रहा था कि कार्यक्रम आम जनता के लिए आयोजित ना होकर सिर्फ पदाधिकारियों के लिए थी। उन लोगों के गलत व्यवहार के बाद वह सभी कार्यक्रम का बहिष्कार करते हुए वापस आ गए। उन्होंने कहा कि इन पदाधिकारियों की शिकायत उच्च पदाधिकारियों के साथ विधायक अनंत प्रताप देव से करेंगे।

### ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर अंचल का घेराव किया

**भंडरिया।** प्रखंड के बिजका पंचायत के रोदो,मंजरी गांव के महिला-पुरुषों ने अंचल कार्यालय का गुरुवार को घेराव किया। रोदो गांव के ग्रामीण ने बताया कि हमलोग बहुत मेहनत से धान और मक्का का खेती किए थे। रात में हाथी ने फसल बर्बाद कर दिया था। कुछ लोग को मुआवजा मिल गया। बाकी लोग को अभी तक मुआवजा नहीं मिला। फसल बर्बाद के आलोक में वन विभाग के रोदो गांव के बिट गाड के द्वारा फसल बर्बाद देख कर मुआवजा का राशि के के लिए अंचल कार्यालय को आवेदन दिया था। रोदो गांव के किसान ने अंचल कार्यालय पहुंच कर विरोध प्रदर्शन करने लगे। किसानों को उग्र देख अंचल पदाधिकारी राकेश भूषण सिंह ने किसानों से कहा कि हल्का कर्मचारी को तत्काल जो कागजात है वह दे, ताकि वन विभाग को भेज कर मुआवजा की कार्रवाई शुरू की जा सके। रोदो गांव के फूलवंती देवी वन विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि हाथी ने उसके पति विनोद सिंह का दोनों पैर कुचल कर तोड़ दिया था। 10 हजार रुपया वन विभाग द्वारा मिला था। वन विभाग के बीट गार्ड कमलेश कुमार से पूछने पर बताया कि विनोद सिंह का दोनों पैर टूटा हुआ था और डॉक्टर के द्वारा दो बार प्लास्टर करने के कारण मुआवजा राशि में लेट हुआ है। हम लोग मुआवजा राशि के लिए विभाग को भेज दिए है। मौके पर रोदो,मंजरी गांव के किसान मे दीप नारायण यादव, लाल देवी, मानती देवी, सुनीता देवी ,कलावती देवी, विनोद सिंह ,एवं सैकड़ो गांव के किसान उपस्थित थे।

### बीआरपी, सीआरपी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम 11 सूत्री मांग पत्र विधायक को सौंपा

**श्री बंशीधर नगर।** बीआरपी, सीआरपी संघ के संजय कुमार सिंह व अजय कुमार ने मुख्यमंत्री के श्री बंशीधर नगर आगमन पर मुख्यमंत्री के नाम सौंपे 11 सूत्री मांग पत्र विधायक अनंत प्रताप देव को सौपा। मांग पत्र में बीआरपी, सीआरपी को अन्य परियोजना कर्मियों की तरह परियोजना भत्ता, चिकित्सा भत्ता,आवास भत्ता,महंगाई भत्ता व अर्जित अवकाश के साथ सामूहिक ग्रुप बीमा देने बीआरपी, सीआरपी के गठित कल्याण कोष का लाभ के लिये अविलंब नीति निर्धारण करने की मांग की गई है। इसी तरह संविदा नियमावली 2024 में अंकित अनुकंपा के लाभ के लिए अविलंब उचित निर्णय लेने, अवर शिक्षा सेवा में 50 प्रतिशत पद आरक्षित करने ,बीआरपी सीआरपी के कार्य सुगमता के लिए लैपटॉप या टैब उपलब्ध कराने, परियोजना के रिक्त पदों पर बीआरपी सीआरपी को वरीयता देते हुए सीधी नियुक्ति करने, बीआरपी सीआरपी को ईपीएफ कटौती का लाभ वर्ष 2015 से देने की मांग शामिल है। इसके अलावा बीआरपी सीआरपी के कार्य संस्कृति को देखते हुए डाइट व जेसीआरटी के विभिन्न रिक्त पदों पर समायोजित करने, सेवा अवधि 62 वर्ष करने, वित्त विभाग झारखंड सरकार के पत्रांक 522 चार मार्च 2025 के अनुरूप वेतनमान निर्धारण करने तथा केंद्र प्रायोजित कार्यक्रम सर्व शिक्षा अभियान, समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत 20 वर्षों से संविदा पर कार्यरत बीआरपी सीआरपी को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायदेश के आलोक में राज्य सरकार के आवश्यक संशोधन करते हुए सेवा नियमतिकरण करने की मांग शामिल है।


## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

**(अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–27, वर्ष 2024–25)**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 04.04.2025 से 07.04.2025 तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित एवं रविवारीय अवकाश को छोड़ कर)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, चतरा।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 08.04.2025 को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 08.04.2025 को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराह्न में
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी / मद_ :– समाज कल्याण (358 / 18.03.25)

| क्र. | परियोजना का नाम | प्रखण्ड | पंचायत/ वार्ड | आंगनबाड़ी केन्द्र का नाम | प्राक्कलित राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | चतरा ग्रामीण | चतरा | गोढाई | आरूदाना आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण। | 1108200 | 2500 | 22500 | 06 माह |
| 2 | चतरा ग्रामीण | चतरा | डाढ़ा | बचदाग आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण। | 1108200 | 2500 | 22500 | 06 माह |
| 3 | चतरा ग्रामीण | चतरा | आरा | चटनिया आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण। | 1108200 | 2500 | 22500 | 06 माह |
| 4 | चतरा ग्रामीण | कान्हाचट्टी | बकचोमा | बिरेखाप आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण। | 1108200 | 2500 | 22500 | 06 माह |
| 5 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | करैलीवार | कुरीद आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण। | 1108200 | 2500 | 22500 | 06 माह |
| 6 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | जोलडीहा | अम्बर आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण। | 1108200 | 2500 | 22500 | 06 माह |
| 7 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | जोलडीहा | जोलडीहा, बि0टोला आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण। | 1108200 | 2500 | 22500 | 06 माह |
| 8 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | चकला | चकला आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण। | 1108200 | 2500 | 22500 | 06 माह |
| 9 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | चकला | डालकोमा आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण। | 1108200 | 2500 | 22500 | 06 माह |
| 10 | सिमरिया | लावालौंग | लावालौंग | पुरनाटांड बि0टोला आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण। | 1108200 | 2500 | 22500 | 06 माह |
| 11 | सिमरिया | लावालौंग | कटिया | नवाटांड टोला आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण। | 1108200 | 2500 | 22500 | 06 माह |
| 12 | ईटखोरी | गिद्धौर | पहरा | सिन्दुरवे आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण। | 1108200 | 2500 | 22500 | 06 माह |
| 13 | ईटखोरी | पत्थलगड़ा | नुनगांव | कोराम्बे आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण। | 1108200 | 2500 | 22500 | 06 माह |
| 14 | ईटखोरी | गिद्धौर | गिद्धौर | जपुआ आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण। | 1108200 | 2500 | 22500 | 06 माह |

**निविदा की शर्ते –**

1. जिला परिषद् चतरा अन्तर्गत निबंधित तथा UCAN Portal में Registered संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगें।
2. जिला द्वारा निर्गत आवंटन से जिला अन्तर्गत किसी भी कार्यान्वयन एजेन्सी में संवेदक के नाम से कार्य लंबित रहने की सूचना प्राप्ति होने की स्थिति में उनके पक्ष में निविदा निस्तार नहीं की जायेगी ।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
4. अन्य निविदा की शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, चतरा।

PR.NO.348853 District(24-25):D

# योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सामूहिक भागीदारी जरूरी : उपायुक्त

## ● जिला विकास समन्वय समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिले में चल रही कल्याणकारी व विकास की योजनाओं की समीक्षा के क्रम में छात्रवृत्ति, पोशाक योजना, वन पट्टा, भू अर्जन, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, पीएम जनमन, सड़क निर्माण, मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के संचालन, प्रधानमंत्री आवास, पशु शेड निर्माण, समाज कल्याण, मनरेगा अन्तर्गत कार्य करने वाले मजदूरों के बकाया राशि भुगतान, आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त सेविका व सहायिका के पदों पर भर्ती, भूमि मामले में लंबित मुआवजा भुगतान तथा अन्य सभी विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को लंबित सभी आवेदनों का जांच कर मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। विकास योजना के समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि पोशाक व छात्रवृत्ति योजना से छात्रों को समय पर लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं के अंतर्गत शेष बचे लंबित आवेदनों का निष्पादन जल्द हो। प्रधानमंत्री आवास योजना व बाबा साहेब आंबेडकर आवास योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी बीडीओ को लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने और योग्य लाभुकों को स्वीकृति देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा कर लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। लघु सिंचाई विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, विद्युत आपूर्ति विभाग, वन प्रमंडल, नगर पंचायत, जेएसएलपीएस, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धियों की जानकारी उपायुक्त ने ली। उपायुक्त ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सभी योग्य लाभुकों तक ससमय पहुंचे इसे सुनिश्चित करें। बैठक में क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए योजना का सफल क्रियान्वयन करने व आ रही बाधाओं को दूर करते हुए योजना का क्रियान्वयन कर विकास के कार्यों को गति प्रदान करने का निर्देश दिया। बैठक में डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर ब्रजेश कांत जेना, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार व सीओ नंदकुमार राम के संयुक्त नेतृत्व में दो अफीम तस्करों को अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने दी। उन्होंने बताया कि बुधवार को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम लेबड़ाही, थाना बारियातू के तरफ से दो व्यक्ति मोटरसाइकिल की डिक्की में अफीम छुपाकर हेरनहोपा के तरफ से लावालौंग जाने वाले हैं। प्राप्त सूचना के सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई के लिए सीओ व थाना प्रभारी के नेतृत्व में संयुक्त छापेमारी दल का गठन किया गया। प्राप्त सूचना के आधार पर तितिर महुआ जंगल, डाकादिरी मोड़ के पास चेकिंग लगाया गया। चेकिंग के क्रम में दो मोटरसाईकिल को उसके चालक सुरेश कुमार यादवव सेवा गंझू को पकड़ा गया। दोनों मोटरसाइकिल के तलाशी लेने पर सुरेश कुमार यादव के मोटरसाइकिल के डिक्की से 593 ग्राम अफीम (गादा) व सेवा गंझू के मोटरसाइकिल के डिक्की से 1861 ग्राम अफीम (गादा) बरामद किया गया। दोनों व्यक्ति काफी दिनों से अफीम का खरीद बिक्री करते रहे हैं। पकड़े गए दोनों तस्कर सुरेश कुमार यादव (31) व सेवा गंझू (37)के विरुद्ध बारियातू थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी दल में शामिल सीओ व थाना प्रभारी के साथ पुअनि जितेंद्र कुमार,सअनि,सुरेश कुमार सिंह व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## श्री सूर्यनारायण पूजा समिति ने धूमधाम से छठ व रामनवमी पूजा मनाने का लिया निर्णय

**लातेहार।** श्री सूर्यनारायण पूजा समिति चाणक्यनगरी में त्रिभुवन पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में चैती छठ व रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में चैती छठ पर छठ व्रतियों के लिये घाट की साफ-सफाई, स्नानागार, लाइटिंग की व्यवस्था, तोरण द्वार, ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाने जैसी सुविधाओं पर विशेष ध्यान रखने की बात कही गई है। बैठक में समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, महामंत्री अनिल कुमार (पप्पू), उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद,गणेश राम, मंत्री धीरज कुमार, कौशल किशोर राज(बिट्टू), ऋषभ राज , आयुष कुमार, लक्की पाण्डे, मीडिया प्रभारी तुषार चंद्र गुप्ता, रौशन कुमार, सदस्यगण चन्दन गुप्ता,श्रियांशु कुमार, रितिक राज, शिवम कुमार, प्रियांशु कुमार, श्रेष्ठ कुमार,रितेश कुमार ,अंकुश कुमार, अमन कुमार, आदि उपस्थित थे।

## हल्की बारिश से तापमान में गिरावट

**चंदवा।** लगातार बढ़ रही गर्मी के बाद गुरुवार की दोपहर बाद लातेहार जिले में कई स्थानों पर हल्की व रिमझिम बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। गुरुवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री व न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज की गई। अचानक हुए मौसम में बदलाव से अस्पताल में मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई। अधिकतर मरीज सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित पाये गये। मौसम ठंडा होने के कारण रोजेदारों को भी राहत मिली।

## बिजली विभगा ने चलाया बकाया बिल वसूली अभियान

**गिद्धौर (चतरा)।** विद्युत विभाग के तत्वावधान में प्रखंड के विभिन्न गांव में गुरुवार को बिजली बिल बकाया वसूली अभियान चलाया गया। इस क्रम में करीब 27,895 रुपया की वसूली की गई। कई बकायेदारों का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। बोला गया कि जब तक बकाया बिजली बिल जमा नहीं करेंगे। तब तक विद्युत की आपूर्ति बंद रहेगी। इस स्थिति में विद्युत के उपयोग करते पकड़े गए, तो चोरी की प्राथमिक की दर्ज किया जाएगा। अभियान में विद्युत सहायक कर्मी महावीर दांगी,संतोष कुमार निराला, पंकज कुमार विकास कुमार सहित थे।

## जेएमएम का कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**महुआडांड़।** जिला परिषद डाक बंगला परिसर में शुक्रवार को जेएमएम का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री सह केंद्रीय उपाध्यक्ष बैधनाथ राम होंगे। विशिष्ट व अन्य अतिथि के रूप में जेएमएम के जिला संयोजक लाल मोतीनाथ शाहदेव, 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दुबे, पूर्व जिला सचिव शमशुल होदा उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में प्रखंड में संगठन का विस्तार किया जाएगा। साथ ही संगठन की मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की जायेगी। यह जानकारी पूर्व युवा जिला सचिव परवेज आलम ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कार्यक्रम 11 बजे से प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## वित्तीय वर्ष के निर्धारित लक्ष्य को पूरा करें : उपायुक्त

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा की गई। समीक्षा क्रम में सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य के शेष लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने आपसी समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह के शेष लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त द्वारा, भू लगान, निबंधन, दाखिल-खारीज, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, संबंधित पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन तीन अप्रैल को

### ▶▶ आयोजन समिति का गठन, पंकज तिवारी बने अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला महिला-पुरूष वॉलीबॉल नॉकआउट कम लीग प्रतियोगिता आयोजन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता लातेहार जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव प्रवीण मिश्रा ने की। सर्वसम्मति से आयोजन समिति का गठन किया गया। समिति में अध्यक्ष पंकज तिवारी, वरीय उपाध्यक्ष रंजीत पांडेय, उपाध्यक्ष आशीष कुमार पांडेय, अभिषेक कुमार छोटू, सचिव प्रवीण मिश्रा, कोषाध्यक्ष नीरज चंद्रा व सदस्यों में शुभम साव, भारत प्रसाद गुप्ता, कमलेश उरांव, सोनू उरांव, मनीष उरांव, आनन्द उरांव, अविनाश कुमार को शामिल किया गया है। लातेहार जिला वॉलीबॉल संघ के तत्वावधान में लातेहार जिला महिला-पुरूष वॉलीबॉल नॉकआउट कम लीग प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड वॉलीबॉल दिवस पर तीन अप्रैल से किए जाने का निर्णय लिया गया। प्रतियोगिता का समापन 8 अप्रैल को किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले में वॉलीबॉल खेल को बढ़ावा देना और प्रतिभावान खिलाड़ियों को चयनित करना है। निर्णय लिया गया कि विजेता व उपविजेता महिला पुरुष टीम को कैश मनी अवार्ड व ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में केवल लातेहार जिले की टीमें ही भाग ले सकती हैं। लातेहार जिला के खिलाड़ियों के लिए आधार कार्ड को अनिवार्य किया गया है। प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि एक अप्रैल निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता के सभी मैच जिला स्टेडियम स्थित वॉलीबॉल मैदान में आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जिन्हें जिले का प्रतिनिधित्व करने के अवसर प्राप्त होगा। लातेहार जिला वॉलीबॉल संघ सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक, वार्डन, प्राचार्य, खेल प्रेमियों व संबंधित टीमों से आग्रह किया है कि वह अधिक संख्या में प्रतियोगिता में भाग लें और इस आयोजन को सफल बनाएं। प्रतियोगिता में प्रवेश के लिए शुभम साव 7488212183, भारत प्रसाद गुप्ता 7004623369, कमलेश उरांव 7903072052, सोनू उरांव 6299032474, मनीष उरांव 9142665771, आनन्द उरांव 8002529564, अविनाश कुमार 9508713992 से संपर्क किया जा सकता है।

## अधिग्रहित जमीन के लंबित मुआवजा का भुगतान शीघ्र करें : उपायुक्त

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिले में आधारभूत संरचना,परियोजना से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व के बैठक में लिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा की। उपायुक्त ने मगध कोल परियोजना, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, टीवीएनएल, सीसीएल, पावर ग्रिड, बनहर्दी, चक्ला कोल ब्लॉक सहित अन्य परियोजनाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उपायुक्त ने विभिन्न परियोजनाओं में अधिग्रहित किए गए जमीन के लंबित मुआवजे के भुगतान की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत मामलों पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया।

## कोटाम में हाई स्कूल निर्माण की मांग, विधायक को सौंपा ज्ञापन

**लातेहार।** गारू प्रखंड प्रमुख सीता देवी, विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव व समाज सेवी अमृतेश्वर सिंह ने मंगलवार को विधायक रामचंद्र सिंह से मुलाकात कर कोटाम मध्य विद्यालय को हाई स्कूल में अपग्रेड करने की मांग की। उन्होंने इस संबंध में एक आवेदन सौंपा, जिसमें क्षेत्र के बच्चों की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए हाई स्कूल निर्माण की आवश्यकता बताई गई। आवेदन में उल्लेख किया गया कि कोटाम, कबरी, हेंदेहास, बारिबांध, सीमाखास, रुद, पंडरा और विजयपुर जैसे गांवों में हाई स्कूल न होने से छात्रों को गारू प्रखंड मुख्यालय स्थित स्कूलों में पढ़ने के लिए प्रतिदिन 20 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। आर्थिक तंगी के कारण कई छात्र आगे की पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं, जिससे उनकी शिक्षा अधूरी रह जाती है। विधायक रामचंद्र सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि इस विषय को शिक्षा विभाग के समक्ष रखा जाएगा और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की शैक्षिक स्थिति को मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

## नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत स्मृति दिवस समारोह को लेकर बैठक

**चंदवा।** 30 मार्च को निंद्रा स्थित स्मारक स्थल पर नौ स्वतंत्रता सेनानी स्मृति दिवस पर समारोह का आयोजन धूमधाम से किया जायेगा। इसकी तैयारी को लेकर गुरुवार को शिवशंकर टाना भगत की अध्यक्षता में निन्द्रा चौक स्थित स्मृति भवन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन मुखदेव गोप कर रहे थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 30 मार्च को स्मृति समारोह सह मेले का आयोजन किया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम की तैयारी से संबंधित सभी विन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से समारोह के सफल संचालन के लिए एक समिति का गठन किया गया। समिति में अध्यक्ष शिवशंकर टाना भगत, उपाध्यक्ष बिरसा टाना भगत, विद्यानन्द सिंह,करन लोहरा, महासचिव मुखदेव गोप,सचिव सुरेश टाना भगत,कोषाध्यक्ष कृष्णा टाना भगत,संगठन सचिव कार्तिक टाना भगत,उप सचिव तेतरा लोहरा,सांस्कृतिक मंत्री कपिल सिंह,चंद्रमा टाना भगत,उप कोषाध्यक्ष शंकर टाना भगत,उप सचिव संजय गोप व लखन मुंडा का चयन किया गया है। इसके अलावा संरक्षक मंडली में रंका टाना भगत,प्रतिमा देवी (जिप सदस्य) सुशील कुमार तिवारी,सुनीता खलखो (मुखिया),संगीता देवी (पंसस),भोला टाना भगत, सोहराई टाना भगत को रखा गया है।

# पानी की समस्या से ग्रामीण परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत राजगुरु ग्राम के भुइयां टोला में पेयजल सुविधा नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी कठिनायों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण राजू राम, जुगेश्वर राम,नीतू देवी रिंकू देवी, सरोज देवी, किरण देवी, सोनी देवी, अनिता देवी, जिरवा देवी, पर्वती देवी, मुनिया देवी, गुड़िया देवी, बरमदेव राम, विकास राम, भिखु राम सहित कई ग्रामीण महिला पुरुषों ने बताया की हम लोग लगभग 20 से 25 घरों में दलित समुदाय के लोग निवास करते हैं। पेयजल सुविधा नहीं रहने के कारण घरेलु कार्य सहित अन्य दैनिक कार्य के लिए दूर से पानी लाना पड़ता है। यहां से लगभग आधा किमी दूर डाउन स्तर पर जल नल योजना अंतर्गत जलमीनार लगाया गया है। उसी जलमिनार से कनेक्शन कर मात्र पाईप लगाया गया है। घनी आबादी उच स्थान पर है, जिसके कारण पानी नहीं पहुंच पाता है। यदि भुइयां टोला पुल के पास एक जल नल योजना के तहत सोलर जलमीनार लगाया जाता तो दोनों तरफ पानी की सुविधा मिल सकता था। पेयजल सुविधा नहीं रहने के कारण कपड़ा धोना, खाना बनाना,बर्तन धोने सहित अन्य कई कार्यों के लिए हम सभी महिलाओं को दंश झेलना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत मुखिया को उक्त बातों से अवगत कराया गया परन्तु अश्वासन दिया गया है। गर्मी भी अपना दस्तक दे दिया है, जिससे और भी अधिक परेशानी होगी। ग्रामीणों ने उपायुक्त व संबंधित विभाग से पेयजल सुविधा बहाल करने की गुहार लगाई है। उक्त संबंध में मुखिया सुरेश उरांव न बताया कि राजगुरु भुइयां टोला में पेयजल के लिए परेशानी है यह बात सही है। पंचायत के लिए पीएचईडी विभाग से 250 जलमीनार की मांग की गई है। योजना आते ही आवश्यकतानुसार सुविधा बहाल करा दी जाएगी।

## धोबी महासंघ जिला कमेटी का विस्तार ब्रजमोहन राम बने अध्यक्ष

**बारियातू।** बस्ती स्थित सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर विनोद कुमार बैठा के आवास पर विनोद कुमार रजक की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष ब्रजमोहन राम, उपाध्यक्ष पिंटू रजक, नन्ददेव राम, सचिव वीरेंद्र बैठा,कोषाध्यक्ष बृजमोहन राम, मीडिया प्रभारी दुलारचंद बैठा, संरक्षक पलामू पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम, रामनरेश प्रसाद,जयप्रकाश कुमार रजक बनाए गए। सभी नवचयनित पदाधिकारियों ने कहा कि अपने समाज के हित के लिए हर संभव ईमानदारी पूर्वक कर्तव्य का पालन करते रहेंगे। मौके पर जितेंद्र बैठा, दिलीप बैठा, जगदीश बैठा, सुकूल बैठा, सुरेश राम, शिवनारायण रजक, सत्यनारायण बैठा,लोकेश रजक, हरेंद्र बैठा उपस्थित थे। 23 मार्च को प्रदेश कमेटी चुनाव के बाद प्रखंड कमेटी का भी विस्तार किया जायेगा।


## शपथ पत्र

मैं, अमृता पंडित, पिता-अजय कुमार उपाध्याय, ग्राम- झरी खुर्द, पो.-सबानो, थाना-हुसैनाबाद, जिला- पलामू (झारखंड) का निवासी हूं। मैं शपथ पत्र संख्या 2299 दिनांक 18/03/2025 के माध्यम से सूचित करती हूं कि आधार कार्ड संख्या 333544687557 में मेरा नाम लक्ष्मी कुमारी दर्ज है एवं पिता का नाम अजय उपाध्याय यह नाम भिन्न है। जबकि सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा सही एवं वास्तविक नाम अमृता पंडित, पिता अजय कुमार उपाध्याय है।

**शपथ पत्र संख्या : 6/2299 दिनांक : 18/03/2025**

## कार्यालय : जिला परिषद, चतरा

(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**-:रद्द संबंधी सूचना:-**

कार्यालय पत्रांक 330/जि0प0, दिनांक 08.03.2025 द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 26/24–25 (PR No 348144 District (24-25) # D) को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा

PR 348850 District (24-25)_D

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा।

(जिला स्थापना शाखा)

**–: आम सूचना :–**

चतरा जिलान्तर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01/2024 [PR 331722 District(24-25)#D] के आलोक में वैसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार पर दिव्यांग कोटि में आवेदन समर्पित किया गया था एवं लिखित परीक्षा में निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त किया गया था, वैसे दिव्यांग अभ्यर्थी शारीरिक जाँच एवं दौड़ की प्रक्रिया में शामिल होने के लिए दिनांक 24.03.2025 तक कार्यालय अवधि में जिला स्थापना शाखा, चतरा में अपना दावा/अभ्यावेदन समर्पित कर सकते हैं।

निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। विज्ञापन के अनुसार नियुक्ति प्रक्रिया की अन्य शर्तें यथावत् रहेगी।

उपायुक्त,
चतरा।

PR 348864 (District) 24-25 (D)

## कार्यालय : जिला परिषद, चतरा

(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**–:रद्द संबंधी सूचना:–**

कार्यालय पत्रांक 331/जि0प0, दिनांक 08.03.2025 द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 25/24–25 (PR No 348145 District (24-25) # D) को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा

PR 348852 District(24-25)#D

## झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

### जिला नियोजनालय, लातेहार

**रिक्ति की सूचना**

भर्ती कैम्प – 2025 (दिनांक : 24/03/2025)

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, लातेहार के द्वारा दिनांक: 24.03.2025 दिन: सोमवार के पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक जिला खेल स्टेडियम के सामने खुल मैदान में एक दिवसीय भर्ती कैम्प 2025 का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती कैम्प 2025 में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| S. no. | Name and add. Of the Employer | Name of the post | No. of vac. | Qualification Essential | Qualification Desirable | Experience | Age | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Best Koki Automotive Gurgawn | Assembly | 100 | 10+2 | ITI Diploma | - | 18-25yrs | - |
| | | Machine Operator | 50 | 10+2 | ITI Diploma | - | 18-25yrs. | - |
| 2 | Indigo Security Latehar | Security Guard | 15 | 10th | 10th | - | 18-50 yrs | 10000/-PM |
| | | House Keeper | 01 | 10th or below | 10th or below | - | 18-30 yrs | 6000 /- |
| | | Care Taker | 01 | 10th or below | 10th or below | - | 18 – 50 yrs. | 7000-10000 |
| | | Driver | 01 | 10th or below | 10th or below | - | 18 - 50 yrs. | 10000/-PM |
| 3 | Satin Credit Care Network Ltd. Daltonganj | ACSO | 05 | 10th | 10th | - | - | 17000/- |
| | | TCSO | 25 | 12th | 12th | - | - | 19000/- |
| | | SQO | 05 | 12th | 12th | - | - | 26000/- |
| | | SPO | 05 | 12th | 12th | - | - | 24000/- |
| | | Sr. CSO | 10 | 12th | 12th | | - | 26000/- |
| 4 | City Hospital, Latehar | ANM | 03 | ANM | ANM | 1Yrs. | 35yrs. | - |
| | | GNM | 02 | GNM | GNM | 1yrs. | 35yrs. | - |
| | | Marketing Execu. | 02 | 12th | 12th | 1yrs. | 35yrs. | - |
| | | Lab Technician | 01 | DMLT | DMLT | 1Yrs. | 35yrs. | - |
| 5 | PRANABNAMAN MINERALS PVT. LTD, Ranchi Jharkhand | Accountant | 01 | Graduate in Relative Field | Graduate in Relative Field | 2 Yrs. | 20-30 Yrs. | 15K-18K |
| | | Senior Accountant | 01 | Graduate in Relative Field | Graduate in Relative Field | 4-5 yrs. | 20-30 Yrs. | 18K-22K |
| | | MIS Executive | 01 | 12th with Knowledge of MS Word Excel and DCA | 12th with Knowledge of MS Word Excel and DCA | 2 Yrs. | 20-25 Yrs. | 13K-15K |
| | | MIS Executive | 01 | 12th with Knowledge of MS Word Excel and DCA | 12th with Knowledge of MS Word Excel and DCA | 2 Yrs. | 20-25 Yrs. | 14K-16K |
| | | HR Executive | 01 | Graduate in Relative Field | Graduate in Relative Field | 2 Yrs. | 20-25 Yrs. | 15K-18K |
| | | MS Executive | 02 | 12th with Knowledge of MS Word Excel and DCA | 12th with Knowledge of MS Word Excel and DCA | 2 Yrs. | 20-25 Yrs. | 13K-15K |
| | | Field HR Executive | 02 | Graduate in Relative Field | Graduate in Relative Field | 2 Yrs. | 20-25 Yrs. | 14K-17K |
| | | Safety Supervisor | 02 | Graduate in Relative Field | Graduate in Relative Field | 2 Yrs. | 20-25 Yrs. | 15K-18K |
| | | Tipper Driver | 30 | Driving License of Heavy & Transport Vehicle | Driving License of Heavy & Transport Vehicle | 2 Yrs. | 20+ | 20-22K Accommodation |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा (2कॉपी) एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है।

नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है एवं चयन में नियोजनालय की भूमिका नहीं है। इस कार्य हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

नोट :–रिक्ति की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर देखी जा सकती है।

आपके उज्जवल भविश्य के शुभ कामनाओं के साथ,

दिनांक: 24.03.2025, दिन: सोमवार समय : पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक। स्थान : जिला खेल स्टेडियम परिसर, लातेहार।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 348870 Labour Employment and Traning (24-25)_D

## न्यूज बॉक्स

### कल जय श्री राम समिति करेगी भगवा ध्वज पूजन की शुरूआत



**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के द्वारा कुडू प्रखंड,भंडरा प्रखंड, सेन्हा प्रखंड के सभी पंचायत अध्यक्ष पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में मुख्य रूप से नववर्ष विक्रम संवत को लेकर खास चर्चा हुई। जिसमें धूमधाम से भव्य शोभा यात्रा निकालने को लेकर खास रणनीति बनाई गई। जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा नववर्ष विक्रम संवत को लेकर वर्षों से जय श्रीराम समिति के बैनर तले भव्य शोभा यात्रा निकाली जाती है तथा भव्य भंडारे एवं भव्य जागरण का आयोजन किया जाता है। आयोजन को लेकर इस बार और भी भव्यता देने का प्रयास किया जा रहा हैं। ज्ञात हो की इस बार 30 मार्च 2025 को नववर्ष है। नव वर्ष की भव्य शोभायात्रा ललित नारायण स्टेडियम से 11:00 बजे प्रारंभ होगी। नववर्ष विक्रम संवत को भव्य बनाने हेतु भगवा झंडा लगाने की परंपरा को लेकर आगामी 22 मार्च दिन शनिवार को सुबह 9:30 बजे जिला कार्यालय हटिया गार्डन में भगवा झंडा पूजा कर शुरूआत की जाएगी तथा अपने-अपने घरों के ऊपर भगवा झंडा लगाई जाएगी। आयोजित कार्यक्रम में संरक्षक, पदाधिकारी, सदस्यगण के अलावे सभी सनातनी समाज के लोग उपस्थित रहेंगे। मौके पर अजय सोनी, ओम महतो, जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, जिला महामंत्री प्रदीप साहू, जिला कार्यकारी अध्यक्ष अनिल उरांव, जिला उपाध्यक्ष विनोद प्रसाद, नितेश जायसवाल, जिला संगठन महामंत्री रामकुमार साहू, रक्तदान अध्यक्ष जीवन महतो, कुडू प्रखंड अध्यक्ष दीपक पासवान, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष सूरज ठाकुर, सेन्हा प्रखंड प्रभारी विकास जायसवाल समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### किशोर न्याय बोर्ड के सभी हितधारकों की हुई त्रैमासिक बैठक

**लोहरदगा।** बाल अधिकारों की सुरक्षा और किशोर न्याय प्रणाली को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 20 मार्च को व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में किशोर न्याय बोर्ड के सभी हितधारकों की त्रैमासिक बैठक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें किशोर न्याय अधिनियम के क्रियान्वयन, बाल अपराध रोकथाम और पुनर्वास से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि हमारा उद्देश्य किशोर अपराधियों को सजा देने के बजाय उन्हें सुधारने और समाज की मुख्यधारा में वापस लाने पर केंद्रित है। इसके लिए सभी हितधारकों को मिलकर काम करना होगा। वहीं बताया गया कि जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के 50 और चिल्ड्रन कोर्ट के 30 मामले लोहरदगा में लम्बित हैं। वहीं गुमला ऑब्जरवेशन होम में 100 बच्चों को रखने की क्षमता है। वर्तमान में 75 बच्चे संसीमित हैं। जिसमें लोहरदगा के 26 बच्चे हैं। वहीं प्रोबेशन गृह और जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड भवन निर्माण को लेकर चर्चा की गई। साथ ही डीसीपीओ लोहरदगा को गुमला ऑब्जरवेशन होम का भी निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर एडीजे प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी, सीजेएम केके मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार, रजिस्ट्रार व्यवहार न्यायालय अमित कुमार गुप्ता, पीएमजेजेबी जया स्मिता कुजूर, रिनपास के चिकित्सक, डीएसडब्ल्यूओ, नोडल अधिकारी एसजेपीयू, डीसीपीओ, सुपरिटेंडेंट ऑब्जरवेशन होम गुमला, प्रोबेशन ऑफिसर लोहरदगा, जेलर जिला मंडल कारा, प्रोबेशन ऑफिसर गुमला सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### कार्डधारियों का ई-केवाईसी करने के लिए दिया गया निर्देश

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सभी जन वितरण दुकानदारों के साथ बैठक आयोजित किया गया।जन वितरण दुकानदारों के साथ बैठक आयोजित कर प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी अजय कुमार वर्मा ने सभी जन वितरण दुकानदारों को निर्देश देते हुए कहा गया।की छूटे हुए सभी राशन कार्डधारियों का 27 मार्च 2025 ई-केवाईसी सप्ताह मनाते हुए। 31 मार्च तक सभी कार्डधारियों का ई-केवाईसी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कहा कि विभागीय निदेर्शानुसार सभी जन वितरण दुकानदार अपने अपने क्षेत्र में कार्डधारियों के घर घर जा कर ई-केवाईसी करेंगे और स्पष्ट कारण के साथ प्रतिदिन कार्यालय में प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। जिसे कार्डधारियों को सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना का लाभ मिलते रहे। मौके पर प्रखंड क्षेत्र के सभी जन वितरण दुकानदार मौजूद थे।

### दुकान के बाहर खड़ा पिकअप चोरी, केस दर्ज

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के कुडू लोहरदगा मुख्य पथ एनएच 143 ए कुडू कब्रिस्तान के समीप स्थित एक किराना दुकान के बगल में खड़ा एक पिकअप गाड़ी चोरी होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार गाड़ी मालिक कुडू बाजार रोड निवासी रमीज खलीफा पिता कुदुस खलीफा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने बुधवार की रात करीब 8:30 बजे अपनी पिकअप निबंधन संख्या जेएच01इपी - 7733 किराना व्यवसायी बहादुर साहू का चावल खाली कर दुकान के बगल में ही खाली स्थान ने पार्क की थी। उसके बाद वह घर खाना खाने चला गया। सुबह लौटने पर उसने देखा कि गाड़ी वहां पर नहीं थी। किसी ने उसकी गाड़ी चोरी कर ली। काफी खोजबीन करने पर भी कुछ पता नही थाना प्रभारी मनोज कुमार ने कहा कि पीड़ित की शिकायत पर मामले की जांच जारी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

### मस्जिद-ए-शमद में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन आज

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू के अहद कॉलोनी स्थित मस्जिद -ए- शमद में कल बरोज जुमा रमजान के 20वें रोजे के मुकद्दस मौके पर कॉलोनी के रहने वाले लोगों के संयुक्त पहल पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी मो साजिद अंसारी ने देते हुए बड़ी संख्या में रोजेदारों ने इफ्तार में शिरकत करने की गुजारिश की है।

### इंटक वेल कुआं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने को तैयार



**लोहरदगा।** शहरी जलापूर्ति योजना के लिए शंख नदी एवं कोयल नदी के संगम हरमू मुक्तिधाम के समीप बना कुआं भ्रष्टाचार का भेट चढ़ने को तैयार है। विदित हो की लगभग 4 वर्ष पूर्व इस इंटक बेल कुआं का निर्माण कराया गया था। 4 वर्षों में ही कुआं का छड़ दिख रही है। बड़े-बड़े छेद कुएं में बन चुकी है। कभी भी यह कुआं बाढ़ में बह कर भ्रष्टाचार का पोल खोलेगी। क्योंकि पूर्व में एक कुआं वहां भ्रष्टाचार के खेल के कारण बह कर भ्रष्टाचारियों का मुंह चिढ़ा रही है। आने वाले दिन में लोगों को पानी की बड़ी समस्या उत्पन्न होगी। जिला प्रशासन इस पर गंभीरता से कार्रवाई नहीं करेगी तो शहर में पानी के लिए हाहाकार मचने की संभावनाएं बढ़ गई है। जल्द से जल्द इस कुएं का या तो मरमती कराए या नए कुआं का डीपीआर बनाकर निर्माण की तैयारी में लगे।

## लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमा ने कुडू थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर किया खुलासा

# सीएसपी लूटकांड मामले में एक और गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**कुडू - लोहरदगा।** कुडू थानान्तर्गत सिंजो गांव स्थित सीएसपी सेंटर में हुई लूट की घटना में एक अन्य अप्राथमिक अभियुक्त को देशी कट्टा, लूट की राशि व मोबाईल के साथ गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने कांड के तीसरे आरोपी बिहार के पटना जिला अंतर्गत दीदारगंज थाना के महुली गांव निवासी रौशन कुमार, पिता अशोक यादव उर्फ महाबीर यादव उर्फ अशोक गोप, वर्तमान पता रांची के चान्हो थाना अंतर्गत ग्राम बड़हेईया को गिरफ्तार कर इसके पास से दो देशी कट्टा, दो जिंदा कारतुस, दो स्मार्ट फोन (लूटे गए मोबाईल सहित), नगद 490 रू एवं अन्य सामग्री बरामद की है। ये जानकारी गुरुवार को कुडू थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिले के एसपी हारिस बिन जमा ने दी। ज्ञात हो कि इसी माह 10 मॉर्च को कुडू थाना के ग्राम सिंजो स्थित एक सीएसपी दुकान में चार अज्ञात हथियारबंद अपराधकर्मि हथियार का भय दिखाकर दुकान के संचालक चांद खान, पिता सलामुल खान से 60 हजार रूपया, एक मोबाईल की लूट को अंजाम देकर फरार हो गये थे। ईस संबंध में कुडू थाना कांड संख्या 30/25, धारा 309 (4) बीएनएस-2023 दर्ज कर उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा के निर्देशन में एक विशेष अनुसंधान टीम जिसमे कुडू थाना प्रभारी पुअनि मनोज कुमार, पुअनि दिनेश कुमार और सशत्र बल के जवान शामिल थे। तकनीकी अनुसंधान और प्राप्त आसूचना के आधार पर अपराधियों की धर पकड़ के लिए जाल बिछाया गया था जिसमे सफलता प्राप्त हुई और दुसरे ही दिन 11 मॉर्च को कांड का उद्भेदन कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था। जिसमे गुमला जिले के सिसई थाना क्षेत्र के लतदाग निवासी शमीम अंसारी उर्फ मो० शमीम, उम्र करीब 32 वर्ष, पिता हजरत अंसारी उर्फ मो० हजरत अली, जो वर्तमान पता रांची हाजी चौक एवं बिहार के गया जिला अंतर्गत मानपुर नौरंगा निवासी मो फरहान अंसारी उर्फ मो फरहान पिता स्व. मो तवकुल हुसैन को विधिवत गिरफ्तार किया था। तथा काण्ड को कारित करने में उपयोग में लाया गया मोटरसाईकिल सं. जेएच01सिडब्ल्यू - 5347, दो मोबाईल, तीन हेलमेट और चार हजार रूपया नगद बरामद किया गया था।

---

### असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सापदाधिकारी, गढ़वा

Email Id:- dtojhgrh@rntcp.org

**(निविदा सूचना)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या 01/2025/353 दिनांक–19/03/2025 को प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक27/03/2025 को संध्या 05:00 बजे तक विस्तारित की जाती है, उक्त निविदा की सभी शर्तेव नियमय थावत होंगे। निविदा गठित क्रय समिति के समक्ष दर निर्धारण हेतु दिनांक28/03/2025 को अपराह्न 03:00 बजे सिविल सर्जन कार्यालय, सभा कक्ष में खोला जायेगा।

ह0/
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सापदाधिकारी,
गढ़वा

PR 348884 (Health Med Edu and Family Welfare)24-25*D

---

### JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED

CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com

**e-Tender Notice**

**e-NIT No. 576/PR/ JUSNL/ 2024-25**

e-Tender is invited in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part–II) from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following work:-

| | |
|---|---|
| Name of Work | Procurement of hardware materials for 220/132 kV GSS Bhagodih |
| Tender fee (Non-refundable) | Rs.2500 + SGST@9% +CGST@9%= Rs. 2950.00 |
| Earnest Money Deposit | Rs.26,500.00/- (Rupees Twenty Six Thousand Five Hundred) only. |
| Availability of Tender Documents on e-tender website | From 21.03.2025 at 02:00 PM to 11.04.2025 up to 03:00 PM |
| Start Date and time of upload of BID | 21.03.2025 at 02:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 11.04.2025 upto 03:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 12.04.2025 at 03:30 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9973936358 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनीशिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager,
Transmission Zone-IV Medininagar

PR 348874 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25).D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा मे0 आनन्द इन्टरप्राईजेज, (परशुराम उपध्याय) अशोक बिहार, जोबरईया, गढ़वा को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा PMGSY - RCPLWEA पैकेज सं0– JH-LWE-III-GAR-09/21-22 अन्तर्गत लहगोंरिया से मुड़तंगवा भाया बिराजपुर बस्ती तक पथ का आपके द्वारा एकरारनामा किया गया था, तथा कार्य को मार्च 2023 में ही पूर्ण करना था, परन्तु आपके द्वारा उक्त कार्य को अभी तक पूर्ण नहीं कराया गया है, तथा कराये गये कार्य भी प्राक्कलन में निहित प्रावधान के अनुरूप नहीं होने के कारण इस कार्यालय का पत्र पत्रांक 1521 दिनांक 05.09.2023 एवं प्रेस विज्ञप्ति का पत्रांक 151 दिनांक 24.01.2024 तथा पत्रांक 315 दिनांक 03.02.2024 एवं पत्रांक 482 दिनांक 08.03.2025 द्वारा निर्देशित करने के बावजूद भी कार्य को पूर्ण नही किया गया है। विदित हो कि आपके द्वारा अवशेश कार्य का दिनांक 09.09.2023 को Work Programme समर्पित करते हुए अनुरोध किया गया था कि अवशेश कार्य को दिसम्बर 2023 तक पूर्ण करा दिया जायेगा। परन्तु कार्य को अभी तक भी पूर्ण नहीं कराये जाने के कारण इस कार्यालय के पत्रांक 482 दिनांक 08.03.2025 द्वारा अवशेष कार्य को मार्च 2025 तक पूर्ण करने हेतु दिये गये निर्देश के बावजुद भी आपके द्वारा कार्य को प्रारम्भ किया गया या नहीं से संबंधित सूचना अभी तक अधोहस्ताक्षरी को नहीं दिया गया, जो खेद का विशय है।

अत: आपको निर्देशित किया जाता है कि अवशेष कार्य को मार्च 2025 तक विशिष्टियो के अनुरूप पूर्ण कराना सूनिश्चित करे, तथा कार्य प्रारम्भ की सूचना अधोहस्ताक्षरी को देना सूनिश्चित करे, अन्यथा आपके द्वारा कराये गये कार्य को अंतिम मापी कराते हुए एकरारनामा में निहित प्रावधान के अनुरूप आपको Debar करने एवं आपका निबन्धन को काली सूची में दर्ज करने हेतु उच्चाधिकारीयों को सूचित करना अधोहस्ताक्षरी की वाध्यता होगी। तथा इसकी पूर्ण जवाबदेही आपकी होगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 348855 Rural Development(24-25)#D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला।

E-Mail – nrepgumla@gmail.com

**अति अल्पकालीन पूर्न निविदा आमंत्रण सूचना**

**संख्या – 08/2024-25**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, (NREP) गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 25.03.2025 एवं 26.06.2025 को 10.00 बजे पूर्वा0 से 03.00 बजे अप0 तक।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 27.03.2025 को 03.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 27.03.2025 को 03.30 बजे अपराहन में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में।
6. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला में।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में।
8. कार्य मद :–
9. कार्यो का विस्तृत विवरण :– DMFT

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | डुमरी | अजीविका संवर्द्धन अंतर्गत कृषि गतिविधि यों का बढ़ावा देने के लिए डुमरी प्रखण्ड के प्रखण्ड परिसर में अवस्थित तहसील कचहरी का उत्क्रमण एवं एक्सटेंशन कार्य। | 570500.00 | 1250.00 | 11500.00 | 01 माह | IV | द्वितीय कॉल |

निविदा की शर्तें:–

1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) एकरनामा के साथ ही देना अनिवार्य होगा।
3. Bank certificate certified/Prescribed format के अनुसार निविदा डालने के समय देना अनिवार्य होगा।
4. ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
5. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय की सूचना पटट् पर अनिवार्य रूप से देख लें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,गुमला।

PR 348869 NREP(24-25)D

---

### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**
**(नोटिस)**

नाम–(1) प्राथमिकी अभियुक्त अशोक पासवान, पिता–गुदाड़ी पासवान, ग्राम–लमारीकला, थाना–काण्डी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप कांडी थाना कांड सं0–144/2021 दिनांक–10.11.2021 धारा–323, 498(ए), 506, 34, भा0द0वि0 एवं 3/4 दहेज प्रथा प्रतिषेध अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय, श्रीमति विणा कुमारी न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–08.03.2025 को आपके स्थाई पते के घर में इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने स्थाई पता से भी फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय, श्रीमति विणा कुमारी न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 348868 Police(24-25).D

---

### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

**आवश्यक सूचना।**
**(नोटिस)**

नाम–(1) प्राथमिकी अभियुक्त कुन्दन विश्वकर्मा, पे0–काशीनाथ विश्वकर्मा, सा0–अरसली, थाना–भवनाथपुर, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप भवनाथपुर थाना कांड सं0–59/2019 दिनांक–01.05.2019 धारा–364, 376, 379, भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय, श्री एस0एन0 कुजुर न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–12.03.2025 को आपके स्थाई पते के घर में इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने स्थाई पता से भी फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय, श्री एस0एन0 कुजुर न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 348866 (Police) 24-25 (D)

---

### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

**आवश्यक सूचना।**
**( चोरी गई हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल रंग–ब्लैक सिल्वर)**

गढ़वा थाना कांड सं0–566/2024 दिनांक–22.10.2024 धारा–303(2) बी0 एन0 एस0 में चोरी गयी हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल जिसका रजि0 नं0– JH03AD-1978 इंजन नं0–HA11EYMHA59413 एवं चेचिस नं0– MBLHAW126MHA65612 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा।

PR 348865 Police(24-25)D

---

### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**
**(चोरी गई हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल रंग-ब्लैक सिल्वर)**

गढ़वा थाना कांड सं0–356/2024 दिनांक–04.07.2024 धारा–303(2) बी0 एन0 एस0 में चोरी गयी हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल जिसका रजि0 नं0– JH03AK-3946 इंजन नं0– HA11E8PHC85551 एवं चेचिस नं0– MBLHAW229PHCC0099 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 348863 Police (24-25)_D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल,गढ़वा

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा रेवन्त इंजीनियर्स अशोक (जे0भी0), हरमू, राँची को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा PMGSY पैकेज सं0– **JH-P3-22-23-GAR-01-FDR** अन्तर्गत पड़ने वाले पथों का निर्माण कार्य का आपके द्वारा एकरारनामा किया गया था, एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ कि तिथि 13.10.2023 तथा कार्य पूर्णता की तिथि 12.06.2025 है, परन्तु आपके द्वारा उक्त पैकेज में पड़ने वाले एक भी पथ का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराया गया है।

अत: आपको निर्देशित किया जाता है कि अवशेश कार्य को ससमय पूर्ण कराना सूनिश्चित करे, अन्यथा आपके द्वारा कराये गये कार्य को अंतिम मापी कराते हुए एकरारनामा में निहित प्रावधान के अनुरूप आपको Debar करने एवं आपका निबन्धन को काली सूची में दर्ज करने हेतु उच्चाधिकारीयों को सूचित करना अधोहस्ताक्षरी की वाध्यता होगी। तथा इसकी पूर्ण जवाबदेही आपकी होगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 348856 Rural Development(24-25).D

# तेज आंधी-तूफान और ओलावृष्टि से तबाही, कई घरों की छतें उड़ीं, फसलें बर्बाद





नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार की दोपहर बाद अचानक मौसम ने विकराल रूप धारण कर लिया। करीब 4:00 बजे आए तेज आंधी-तूफान, ओलावृष्टि और झमाझम बारिश ने तबाही मचा दी। प्रखंड के कई गांवों में दर्जनों घरों की छतें उड़ गईं, वहीं किसानों की खड़ी फसलें बर्बाद हो गईं। सबसे अधिक नुकसान जुरा, डूडीया और परवल गांव में हुआ है।

तेज हवाओं और ओलावृष्टि की वजह से कई जगह पेड़ धराशायी हो गए। डूडीया पंचायत भवन की चारदीवारी पर आम का पेड़ गिरने से भवन को नुकसान पहुंचा है। वहीं डूडीया बाजार टांड़ के पास सड़क पर पेड़ गिर जाने से कुछ समय के लिए आवागमन भी बाधित रहा।

परवल गांव में ग्रामीण दशरथ साहू के गाय शेड का एल्बेस्टस उड़कर क्षतिग्रस्त हो गया। इसी गांव की तीजन देवी और धांसू महतो के घर की छत में लगे एल्बेस्टस भी आंधी में टूटकर बिखर गए। किशोर साहू के घर के पास शिव मंदिर परिसर में एक विशाल आम का पेड़ जड़ से उखड़ गया, जबकि एक पीपल के पेड़ की डाल भी टूटकर गिर गई।

डूडीया गांव में कई बिजली के पोल धराशायी हो गए हैं, जिससे बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। बिजली के तारों में भी नुकसान की खबर है। कई जगहों पर किसानों की खेतों में लगी फसलें भी नष्ट हो गईं। प्रभावित ग्रामीणों ने अंचल प्रशासन से आपदा प्रबंधन मद से उचित मुआवजे की मांग की है। उनका कहना है कि प्राकृतिक आपदा से हुए इस नुकसान की भरपाई के लिए शीघ्र राहत दी जाए।

# खाद्य कारोबारियों के लिए फोर्टिफिकेशन ट्रेनिंग 26 को

## अध्यक्ष राजेश सिंह ने की सहभागिता की अपील

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह ने जिले के सभी खाद्य कारोबारियों से अपील की है कि वे 26 मार्च 2025 (मंगलवार) को आयोजित होने वाले फोर्टिफिकेशन रिलेटेड ट्रेनिंग प्रोग्राम में अनिवार्य रूप से भाग लें। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम गुमला सदर अस्पताल के सभागार में सुबह 11:30 बजे से मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी गुमला के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। राजेश सिंह ने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य खाद्य कारोबारकताओं को खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के तहत आवश्यक नियमों, मानकों एवं फूड फोर्टिफिकेशन से संबंधित आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी देना है। उन्होंने कहा, यह प्रशिक्षण सभी खाद्य सुरक्षा हितधारकों और कारोबारियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। फूड फोर्टिफिकेशन वर्तमान समय की जरूरत है, जिससे आम लोगों को पोषणयुक्त और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके। इसलिए जिले के सभी खाद्य कारोबारी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए समय पर पहुंचकर इस प्रशिक्षण का लाभ लें। उन्होंने आगे कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम से कारोबारियों को अपने व्यवसाय में गुणवत्ता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी, साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अनुरूप कार्य करने की दिशा में जागरूकता भी बढ़ेगी। उन्होंने सभी कारोबारी संगठनों और व्यक्तिगत कारोबारियों से प्रशिक्षण में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया। अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स सदैव कारोबारी हितों की रक्षा और उन्हें उन्नत तकनीकों से जोड़ने का प्रयास करता रहा है। हमारा उद्देश्य है कि गुमला जिले के खाद्य व्यवसाय को सुरक्षित, सुदृढ़ और गुणवत्ता युक्त बनाया जाए, जिससे उपभोक्ताओं का विश्वास बना रहे।

## गुमला में जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

# स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बने लाभुकों ने साझा की सफलता की कहानी

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिले में स्वरोजगार को बढ़ावा देने और ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला स्तरीय आरसेटी (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन सीलम स्थित आरसेटी कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने की। बैठक से पूर्व उपायुक्त ने आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त कर सफलतापूर्वक स्वरोजगार करने वाले छह लाभुकों से मुलाकात की। इन नव-उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्रशिक्षण के बाद उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। किसी ने शूकर पालन, तो किसी ने मुर्गी पालन, आचार, पापड़ और मसाला पाउडर निर्माण



जैसे कार्यों से अपनी आजीविका को नई दिशा दी है। सुमन आईंद ने बताया कि मुर्गी पालन से वे प्रतिमाह 20 हजार रुपये से अधिक की आमदनी कर रही हैं। वहीं, जयंती मिंज ने अपने गृह उद्योग के जरिए आत्मनिर्भर बनने की कहानी सुनाई। प्रशिक्षित लाभुकों की कहानियों को सुनकर उपायुक्त ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि गुमला जिले के युवा अपनी मेहनत और लगन से स्वरोजगार के क्षेत्र में मिसाल पेश कर रहे हैं। जिला प्रशासन हर संभव सहायता प्रदान करेगा ताकि ये युवा और भी मजबूत बन सकें। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर लोन एवं अन्य सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए।

आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक में उपायुक्त ने यह भी कहा कि पशुपालन से जुड़े लाभुकों को पशुधन विकास योजना का लाभ दिया जाए और नये उद्यमियों को केसीसी लोन सहित सभी सुविधाएं सुलभ कराई जाएं। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक युवाओं को आरसेटी प्रशिक्षण से जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में ग्रीन हाउस और ड्रिप इरीगेशन से संबंधित प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने संबंधित विभाग को शीघ्र प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया। बैठक के अंत में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सभी लाभुकों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और परिसर में पौधारोपण भी किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से एलडीएम गुमला, डीपीएम जेएसएलपीएस, आरसेटी निदेशक समेत अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय साथिया सम्मेलन सह स्वास्थ्य आरोग्य दूत सम्मान समारोह का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला में किशोर स्वास्थ्य को लेकर एक सराहनीय पहल देखने को मिली। नगर भवन, गुमला में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय साथिया सम्मेलन सह स्वास्थ्य आरोग्य दूत सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के तकनीकी सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डीपीसी और शिक्षा विभाग के सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी समेत कई अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य था–समाज में किशोर-किशोरियों के सर्वांगीण विकास में योगदान देने वाले साथिया और स्वास्थ्य आरोग्य दूतों को सम्मानित करना। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा, किशोर स्वास्थ्य और जागरूकता के क्षेत्र में आप सभी की भूमिका बेहद अहम है। आपके प्रयासों से ही समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है। इसी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ते रहें।

सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार ने मानसिक स्वास्थ्य को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा, एक मानसिक रूप से स्वस्थ किशोर ही जीवन में सही फैसले ले सकता है और समाज के विकास में योगदान दे सकता है। सम्मेलन के दौरान 55 साथिया और 120 स्वास्थ्य आरोग्य दूतों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद कई प्रतिभागियों ने मंच से अपने अनुभव साझा किए और विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत अपनी जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का सफल संचालन जिला कार्यक्रम प्रबंधक जया रेशमा खाखा ने किया। समारोह में जिले भर से आए 400 से अधिक साथिया, किशोर-किशोरी, स्वास्थ्यकर्मी और स्वास्थ्य आरोग्य दूत उपस्थित रहे। इस भव्य आयोजन ने किशोर स्वास्थ्य के क्षेत्र में गुमला जिले की सक्रिय भूमिका को और मजबूत किया है।

# सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

## रेफरल अस्पताल सिसई में इलाज में लापरवाही, परिजनों का हंगामा

नवीन मेल संवाददाता

**सिसई (गुमला)।** जिले के सिसई प्रखंड अंतर्गत रेफरल अस्पताल में एक बार फिर गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। सलगी लोहरदगा निवासी धीरेन्द्र उरांव का 25 वर्षीय पुत्र विनोद उरांव मंगलवार की रात सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके दाहिने पैर की हड्डी टूटकर बाहर निकल गई, जबकि सिर और चेहरे पर भी गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों द्वारा घायल युवक को तत्काल रात 8 बजे सिसई रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक संजय प्रसाद ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

लेकिन यहां लापरवाही की इंतहा तब हो गई, जब अस्पताल में मौजूद एंबुलेंस चालक नदारद मिला और मौके का फायदा उठाकर फार्मासिस्ट शाहबुद्दीन का भाई–जो अस्पताल कर्मी भी नहीं है–ने बिना डॉक्टर और परिजनों की अनुमति के विनोद उरांव को एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। इस घटना की जानकारी जब परिजनों को हुई, तो अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू हो गया। परिजन जब डॉक्टर संजय प्रसाद से जवाब मांगने पहुंचे, तो उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि मरीज को केवल सदर अस्पताल गुमला रेफर किया गया था, निजी अस्पताल भेजने की कोई अनुमति नहीं दी गई है। यह गंभीर मामला है और दोषी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी।



### पृष्ठभूमि में लगातार बढ़ती लापरवाहियां

बताते चलें कि सिसई रेफरल अस्पताल में इलाज में लापरवाही, दवा की अनुपलब्धता और निजी अस्पतालों के साथ साठगांठ जैसे मामलों की शिकायतें पहले भी मिलती रही हैं। ऐसे में यह ताजा मामला स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है।

इस पूरे मामले पर रेफरल अस्पताल की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ललिता कुमारी मिंज ने भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, ₹बिना किसी अधिकृत आदेश के किसी मरीज को निजी अस्पताल में भर्ती करना पूरी तरह से गैरकानूनी और गलत है। यह अस्पताल की छवि को धूमिल करने की साजिश भी हो सकती है। मैंने सिविल सर्जन गुमला, उपायुक्त गुमला और पुलिस अधीक्षक को लिखित पत्र भेज दिया है। दोषियों के खिलाफ विभागीय और कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

डॉ. मिंज ने यह भी कहा कि सिसई रेफरल अस्पताल में लगातार इस प्रकार की घटनाएं सामने आ रही हैं। कभी दवाइयों की अनुपलब्धता, कभी इलाज में लापरवाही तो कभी बिना निर्देश के मरीजों को निजी अस्पतालों में भेजा जाना–ये सभी मामले अस्पताल कर्मियों और निजी अस्पतालों की मिलीभगत की ओर इशारा करते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि, ₹यह किसी बड़े षड्यंत्र का हिस्सा है, लेकिन मैं हार नहीं मानूंगी। अस्पताल की साख और मरीजों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। घटना के बाद घायल विनोद उरांव के परिजन काफी आक्रोशित हैं। उन्होंने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल मामले की विभागीय जांच जारी है और दोषियों पर जल्द ही सख्त कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है।

# आकाशीय बिजली गिरने से 12 वर्षीय छात्रा की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के जयपुर निवासी लक्ष्मी करकेट्टा (12 वर्ष), जो कि संतान उच्च विद्यालय की कक्षा 7 की छात्रा थी, स्कूल से घर लौटते समय आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। यह घटना जमगाई मोड़ के पास हुई, जहां लक्ष्मी अपने रास्ते में थी।घटना के समय, कई लोग चैनपुर साप्ताहिक बाजार जा रहे थे, जिन्होंने तुरंत लक्ष्मी के परिजनों को सूचित किया और 108 एंबुलेंस को बुलाया। एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंचकर लक्ष्मी को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां डॉक्टर धर्मनाथ ठाकुर ने उसे मृत घोषित कर दिया।इस घटना की जानकारी मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, एसआई दिनेश कुमार, और एएसआई नंदकिशोर कुमार अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय राहगीरों ने उन्हें घटना के बारे में बताया। डॉक्टर धर्मनाथ ठाकुर ने बताया कि लक्ष्मी को अस्पताल में 4:35 बजे लाया गया,



जहां उसकी आकस्मिक मौत की पुष्टि की गई। डॉक्टर ने सभी निवासियों को सलाह दी कि बारिश और बादलों की गरज के दौरान सुरक्षित स्थानों पर जाएं और पेड़ों के नीचे या खुले स्थानों पर न रहें, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। इस दुखद घटना पर कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष निरंजन बड़ा ने कहा कि वे सरकार से आपदा राहत कोष से लक्ष्मी के परिजनों को मुवजा दिलाने की कोशिश करेंगे और हर संभव मदद प्रदान करेंगे। यह घटना लक्ष्मी के परिवार और समुदाय के लिए एक बड़ा आघात है, और सभी को इस प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है।

## पालकोट के जंगलों में आगजनी पर सख्त नजर

# वन विभाग कर रहा त्वरित कार्रवाई, ग्रामीणों से सतर्कता और सहयोग की अपील की

नवीन मेल संवाददाता

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड क्षेत्र के वन्य प्राणी आश्रयणी क्षेत्र में इन दिनों जंगलों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। वन विभाग को जैसे ही आगजनी की सूचना मिल रही है, टीम मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण पा रही है। अब तक बाघिमा पंचायत के टुकु टोल, कॉलिंग पंचायत के कुछ गांव, उमरा पंचायत, सिजांग और कोब्जा समेत कई इलाकों में आग लगने की घटनाएं दर्ज हुई हैं। इन मामलों में कई लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है, जबकि कुछ अज्ञात लोगों पर भी केस दर्ज किया गया है।

वनपाल कृष्णा महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि जंगलों में आग लगाना न केवल पेड़-पौधों, बल्कि वन्य जीवों के जीवन के लिए भी घातक है। महुआ चुनने या किसी अन्य उद्देश्य से जंगल में आग लगाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग लगातार ग्रामीणों को जागरूक कर रहा है कि वे जंगलों की रक्षा करें और किसी भी तरह की आगजनी की सूचना तत्काल वन विभाग को दें।

वनपाल ने पालकोट के सभी ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि जंगलों को बचाने के लिए हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि लोग विशेष अवसरों जैसे जन्मदिन, सालगिरह या अपने प्रियजनों की स्मृति में वृक्षारोपण करें। फलदार और छायादार वृक्ष लगाने से न केवल पर्यावरण का संरक्षण होगा, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों को भी इसका लाभ मिलेगा।

**वन विभाग की चेतावनी और आग्रह :** वन विभाग ने चेतावनी दी है कि अगर कोई व्यक्ति जंगल में आग लगाते हुए पाया गया या उसकी जानकारी मिली, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों से अनुरोध है कि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत विभाग को दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।



### आगजनी की घटनाएं चिंता का विषय : वनपाल



वनपाल कृष्णा महतो ने कहा कि जंगल में लगी आग से छोटे जीव-जंतुओं से लेकर विशाल वृक्ष तक नष्ट हो जाते हैं। यह भविष्य के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि अगर ग्रामीण सजग रहें और वन विभाग से सहयोग करें, तो ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता है। जंगल हमारे जीवन का आधार हैं, इनकी रक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है।

# न्यूज बॉक्स

## रामनवमी की तैयारी जोरों पर, 2 अप्रैल को निकलेगा मंगलवारी जुलूस



**भरनो (गुमला)।** भरनो में रामनवमी की तैयारी को लेकर युवा महावीर मंडल की बैठक मंगलवार रात भरनो बस्ती स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अभिषेक गुप्ता (बिट्टू) ने की। इसमें रामनवमी पर्व को हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही आगामी 2 अप्रैल, दिन बुधवार को भव्य मंगलवारी जुलूस निकालने पर सर्वसम्मति बनी। बैठक में बताया गया कि सरहुल और ईद पर्व को देखते हुए सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से मंगलवारी जुलूस बुधवार को निकाला जाएगा। यह जुलूस हरिजन मोहल्ला से प्रारंभ होकर बाजार टांड़, ब्लॉक चौक और स्कूल चौक होते हुए प्लस टू हाई स्कूल परिसर स्थित रावण मैदान में समाप्त होगा। मंगलवारी जुलूस में बतौर मुख्य अतिथि हिंदू हृदय सम्राट भैरव सिंह की उपस्थिति को लेकर भी सहमति बनी। युवा महावीर मंडल के सदस्यों ने जुलूस को भव्य और अनुशासित बनाने की रूपरेखा पर चर्चा की। इस बैठक में बजरंग दल अध्यक्ष सुदामा केशरी, आशीष केशरी, गुलशन केशरी, अजीत केशरी, रोशन केशरी, राजा केशरी, अमन ठाकुर, विवेक केशरी, सोनू केशरी, विकास केशरी, प्रकाश राम सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## दक्षिणी कोयल नदी में नहाने के कर्म में डूबने से गंदूर उरांव की मौके पर हुई मौत

**घाघरा।** घाघरा थाना छेत्र के खम्भिया कोयल नदी में नहाने के क्रम में डूबने से खम्भिया निवासी गंदूर उरांव 40 वर्ष की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि गंदुर पूर्व से ही मिर्गी बीमारी से ग्रषित था। संभावना ब्यक्त किया जा रहा है की नहाने के समय उसे मिर्गी का दौरा आ गया हो और उसकी डूबने से मौत हो गयी। क्योंकि जिस स्थल पर उसकी मौत हो गयी वहां पानी की गहराई कम था। वह प्रतिदिन नदी नहाने जाया करता था। जब काफी देर तक गंदुर घर नही लौटा तो परिजन देखने नदी गए तो जसका शव पानी मे तैरते देखा गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया।

## डुमरी में पेड़ से लटकता मिला नाबालिग लड़की का शव, पुलिस जांच में जुटी

**गुमला।** गुमला जिले के डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बोब्दी पानी, मंझगाव से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गुरुवार, 20 मार्च 2025 को 15 वर्षीय बुधनी कुमारी का शव गांव के पास जंगल में एक पेड़ की डाली से लटका मिला। मृतका सनतन कोरवा की पुत्री थी और बोब्दी पानी, मंझगांव की निवासी थी। घटना की सूचना मिलते ही डुमरी थाना प्रभारी अनुज कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि थाना प्रभारी अनुज कुमार ने कहा कि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और अग्रतर कार्रवाई जारी है। स्थानीय ग्रामीणों में इस घटना को लेकर आक्रोश और दहशत का माहौल है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही सच्चाई सामने लाई जाएगी।

## डुमरी थाना क्षेत्र के डांड़ टॉली में कुएं में डूबने से वृद्ध महिला की मौत

**गुमला।** गुमला जिले के डुमरी थाना अंतर्गत डांड़ टॉली गांव में गुरुवार, 20 मार्च 2025 को एक दुखद हादसे में 60 वर्षीय मुनि देवी की कुएं में डूबने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुनि देवी, पति गोपाल भगत, निवासी डांङ टॉली, मंझगांव, किसी कार्य से कुएं के पास गई थीं। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे कुएं में गिर पड़ीं। ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही डुमरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव में घटना के बाद से शोक का माहौल है।

## सदर अस्पताल की सुविधाओं में सुधार को लेकर जिला प्रशासन की नई पहल

**गुमला।** जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग गुमला सदर अस्पताल की सेवाओं में गुणात्मक सुधार की दिशा में एक अहम कदम उठा रहे हैं। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल की मौजूदा सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए जिले के नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। इसके लिए एक विशेष गूगल फॉर्म जारी किया गया है, जिसमें आमजन अपने अनुभव और विचार साझा कर सकते हैं। उपायुक्त ने अपील की है कि जिलेवासी इस पहल में सक्रिय भागीदारी करें और अस्पताल में देखी गई किसी भी असुविधा या सेवा से जुड़े सुधार के लिए अपने सुझाव दें। उन्होंने कहा कि नागरिकों की भागीदारी से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार संभव होगा। स्वास्थ्य विभाग सभी सुझावों का गहन मूल्यांकन करेगा। बेहतरीन सुझाव देने वाले 10 नागरिकों को 29 मार्च को आयोजित एक विशेष समारोह में सम्मानित भी किया जाएगा। जिला प्रशासन का मानना है कि स्थानीय लोगों की प्रतिक्रिया से अस्पताल की सेवाएं अधिक प्रभावी और जरूरतमंदों के लिए सुलभ बन सकेंगी। उपायुक्त ने कहा कि यह पहल जन सहभागिता को बढ़ावा देने के साथ ही अस्पताल व्यवस्था को पारदर्शी और जिम्मेदार बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

## श्रमिकों को चिकित्सा व मातृत्व लाभ दिलाने को लेकर गुमला में समीक्षा बैठक संपन्न




**गुमला।** झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड एवं झारखंड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत श्रमिकों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में चिकित्सा सहायता योजना, चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना तथा मातृत्व प्रसुविधा योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति और लाभार्थियों तक उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान श्रम अधीक्षक, गुमला ने बताया कि निर्माण क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को बीमारी के दौरान पांच या उससे अधिक दिन अस्पताल में भर्ती रहने की स्थिति में न्यूनतम मजदूरी का भुगतान श्रम विभाग द्वारा किया जाएगा। यह लाभ अधिकतम 40 कार्यदिवस तक मिलेगा, जिसे डीबीटी माध्यम से सीधे श्रमिकों के खाते में स्थानांतरित किया जाएगा। इसके अलावा गंभीर बीमारी से पीड़ित श्रमिकों को इलाज के लिए विशेष आर्थिक सहायता देने का भी प्रावधान है। वहीं, मातृत्व प्रसुविधा योजना के तहत श्रमिक परिवार की पहली दो संतान जन्म पर महिला श्रमिक को 15 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है। दुर्घटना या मृत्यु की स्थिति में चार लाख रुपये तक का मुआवजा देने का प्रावधान भी इस योजना में मौजूद है। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार, श्रम अधीक्षक, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह उपाधीक्षक, डीपीएम सहित जिले के चिकित्सा पदाधिकारी व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार और श्रमिकों तक लाभ पहुँचाने पर जोर दिया।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जानबूझकर आप जो भी करते हैं, उसके प्रति सावधान रहें, क्योंकि यदि आपकी इच्छा-शक्ति अत्यंत बलशाली न हुई, तो अवचेतन मन की आदतों को प्रभावित करने की शक्ति के कारण आपको विवशतापूर्वक वही कार्य बारंबार करना पड़ सकता है। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

### भारत के कदम चांद पर

इसरो अब चांद के लिए अपने नए मिशन्स की तैयारी में जुटा है। केंद्र सरकार ने इसी कड़ी में रविवार को भारत के चंद्रयान-5 मिशन को मंजूरी दे दी है। चंद्रयान-4 के बाद चंद्रयान-5 मिशन को 2028-29 तक लॉन्च किया जा सकता है। हालांकि, इसकी तारीख का एलान आने वाले चरणों के पूरा होने के बाद किया जाएगा। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर चंद्रयान-5 मिशन क्या है? इसे लेकर इसरो ने अब तक क्या तैयारी कर ली है? भारत इस मिशन से क्या हासिल करना चाहता है? चंद्रयान-5 की खासियत क्या होगी और यह चांद पर भेजे गए चंद्रयान-3 मिशन से कितना अलग होगा? चंद्रयान-3 मिशन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बंगलूरू से लॉन्च किया था। इसके विक्रम लैंडर ने 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सुरक्षित और सफल सॉफ्ट लैंडिंग की। चांद की सतह पर सुरक्षित लैंड करने वाला अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत चौथा देश बना था, जबकि चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बन गया। सॉफ्ट लैंडिंग के बाद प्रज्ञान रोवर की सफल तैनाती की गई। इस लैंडिंग स्थल को तीन दिन बाद 26 अगस्त को z'शिव शक्ति प्वाइंट' नाम दिया गया था। चंद्रयान-3 मिशन चंद्रयान-2 का ही अगला चरण था, जिसे चंद्रमा की सतह पर उतरकर परीक्षण करने के लिए तैयार किया गया था। इसमें एक लैंडर और एक रोवर शामिल किए गए। विक्रम लैंडर में एक विशेष उपकरण लगाया गया था, जिसका उद्देश्य चंद्रमा की सतह की तापीय चालकता का अध्ययन करना था। इसके साथ ही उपकरण ने चंद्रमा की सतह पर और नीचे अलग-अलग जगहों पर तापमान में अंतर को भी मापा।उपकरण ने चांद के दक्षिणी ध्रुव के बारे में इसरो को एक अहम जानकारी दी। खासकर यहां के तापमान और अगर अंतरिक्ष यात्री वहां जाते हैं तो किस प्रकार का माहौल मिलेगा और वे क्या-क्या सामग्री उपयोग में ला सकता हैं। इतना ही नहीं पेलोड ने दो महीने तक चंद्रमा की परिक्रमा करने वाले प्लेटफॉर्म से पृथ्वी का निरीक्षण किया। इसमें ऑक्सीजन, जल वाष्प और कार्बन-डाई-ऑक्साइड की मौजूदगी दिखाई देती है, जो एक ऐसे ग्रह का संकेत देती है जो जीवन के लिए रहने योग्य है। इतना ही नहीं चंद्रयान-3 मिशन में चांद पर कई तत्वों की मौजूदगी का भी पता लगा। चंद्रयान-5 भारत की अंतरिक्ष एजेंसी- इसरो और जापान की अंतरिक्ष एजेंसी- जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी का साझा कार्यक्रम होगा। इसे लूनर पोलर एक्स्पोरेशन यानी ल्यूपेक्स मिशन नाम दिया गया है।

*चंद्रयान-5 की खासियत क्या होगी और यह चांद पर भेजे गए चंद्रयान-3 मिशन से कितना अलग होगा?*

# सुनीता विलियंस के धरती पर लैंड करते ही उनके घर का पता बदल चुका था!



भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में सवार होकर पृथ्वी पर वापस आ गई है। यह उनकी घर वापसी है जबकि भारतीय समयानुसार बुधवार तड़के 3.27 बजे फ्लोरिडा के समुद्री तट पर उन्होंने सुरक्षित तौर पर लैंड कर लिया। इस समाचार के सामने आते ही पूरे विश्व में खुशी और संतोष की एक धारा बह निकली है। जिस सुनीता विलियम्स के लिए पूरे विश्व में लगातार कई महिनों से चिंता और दुआ की गई उनका घर टेक्सास के ह्यूस्टन में है। उनके कोई बच्चे नहीं हैं। उनको पालतू जानवरों से बेहद प्यार है। इस घर में कुछ पालतू जानवरों के अतिरिक्त सुनीता के पति भी रहते हैं। जाहिर सी बात है कि ये सभी बेसब्री से उनके सुरक्षित वापसी के इंतजार में थे और परिजनों के साथ साथ पूरा विश्व पलक बिछाकर बैठा नजर आया। इस इंतजार के अपने अलग ही मायने हैं क्योंकि महज नौ दिनों की छोटी सी अंतरिक्ष यात्रा पर निकली यह महिला के विगत कई महीनों से यायावर संयम के प्रदर्शन का ब्रांड एंबेसडर बनकर असाधारण परिस्थितियों से जूझने का एक नायाब कीर्तिमान अपने नाम कर गई।

बताते चलें कि हम मृत्यु को परलोक की यात्रा माननेवाले लोग हैं और बेलाग भाव से इसे "उपर जाने" के तौर पर देखते हैं। सुनीता विलियम्स भी उपर ही तो गई थी जहाँ न पृथ्वी के नियम थे, न उसके विधान थे, न तत्संबंधी आसक्तियां या कायदे कानून प्रभावी थे और न पति, परिजन या पालतू जानवरों का कोई साहचर्य था। इतना ही नहीं, इस यात्रा में उनके पास न कोई मनोरंजन थे, न भौतिक संसाधनों का साथ था और न सूर्यास्त के साथ घर की चारदीवारी का कोई औचित्य रह गया था। इसे किसी दार्शनिक दृष्टिकोण से देखें, एक दावा तो किया ही जा सकता है कि सृष्टि में किसी भी जीव की अजनबी आत्मा के लिए घर की कोई अवधारणा होती ही नहीं है? शायद यही दर्शन सुनीता की नियती बन चुकी थी और इसी नियती के बूते आज की सुनीता इसकी मिसाल बनकर धरती पर वापस आ गई हैं। सुनीता विलियम्स इसके पहले भी अंतरिक्ष का दो दो बार दौरा कर चुकी है। इसके बावजूद कल तक यही महिला अपने पति और कुछेक पालतू जानवरों के साथ ईंट कंक्रीट वाले धरती के एक परिसर को घर मानकर उसे सजाती संवारती रही। आज ऐसा कुछ भी नहीं है क्योंकि इस बार अंतरिक्ष स्टेशन पर वह अनैच्छिक निवास की सहयात्री बनने को मजबूर नजर आई। इस मजबूरी की मजबूती देखिए कि न पति का साथ था, न पालतू जानवरों का कोई स्नेह था और वापसी की कोई निश्चित संभावना ही थी। अंतरिक्ष के यह उनकी पहली यात्रा नहीं थी परन्तु पिछली बार जब 5 जून 2024 को इस अनैच्छिक आवास में धरती के धूप, हवा, पानी, गुरूत्वाकर्षण और तमाम मानवीय संवेदनाओं को ताक पर रख कर उन्होंने यहाँ प्रवेश किया तब तो वह केवल नौ दिनों के लिए यहाँ की मेहमान बनने जा रही थी। विधि का विधान देखिए, यह प्रवाह दो सौ अठ्ठासी दिनों तक चलता रहा और जब वह वापस आई तो उनके लिए न पति के पहचान शेष रह गए थे, न पालतू जानवरों के प्रति उनके स्नेह की कोई चर्चा सतह पर थी और न ह्यूस्टन स्थित ईंट कंक्रीट के ढांचे में कोई आकर्षण रह गया था। ऐसा इसलिए कि अंतरिक्ष स्टेशन से जब इस घर के लिए वे चलीं तो उनका पता बदल चुका था और घर की पहचान बदल कर अब "स्ट्रैंडेड एस्ट्रोनॉट" की संज्ञा में शामिल हो चला था। लैंड करते ही धरती के विधान से मुक्त अंतरिक्ष के अस्थाई आवास से उन्हें अब मुक्ति मिल चुकी थी परन्तु धरती की कक्षा में प्रवेश करते ही इस नई पहचान के साथ अब ह्यूस्टन भी उनके लिए एक तरह से अनुभूत और अस्थाई बन चुका था! इसे ठीक से समझने के लिए उस मनोदशा की समझ की ओर जाना पड़ेगा जब महज नौ दिनों में घर वापसी की आस लिए बाहर निकले किसी शख्स को अपने गांव, कस्बे, आबोहवा, रिश्तेदारी, लोकलाज, खान पान और लौटने की अनिश्चित उत्सुकता आदि से बहुत दूर अंतरिक्ष में लहराते किसी कैपसूल में लगभग नौ महिनों तक कैद कर लिया गया हो। सुनीता विलियम्स के साथ कुछ ऐसा ही हुआ है। अंतरिक्ष स्टेशन से उनके द्वारा समय समय पर बहुत सारे वीडियो जारी किये गए हैं और सभी वीडियो सार्वजनिक पटल पर भी हैं। कौतूहल से भरी इस महिला के द्वारा भेजे गए इस भेंट से हमें जीरो ग्रैविटी में ब्रश करनेवाले तरकीब, पानी के बोतल से बाहर निकलते बुलबुलों की गति, अंतरिक्ष में व्यायाम, सोने की प्रक्रिया, खाने पीने की हसरत और भीमकाय नीली गेंद के रूप में पृथ्वी का दर्शन आदि के अनगिनत अनिश्चितताओं का नजारा दिखता रहा और इन्हें देख समझकर हम निरंतर आश्चर्यचकित भी होते रहे। गहरी अनासक्ति, विवेक, वैराग्य आदि के बिना अंतरिक्ष गमन की ऐसी कोई परिकल्पना शायद संभव नहीं हो सकते परंतु सुनीता का कमाल देखिए कि इन संदेशों को जारी करते वक्त उनके मन में अपने घर के लिए किसी तरह के कसक की कोई बात कहीं भी नजर नहीं आई। ऐसा तब जबकि यदि कोई सामान्य सा ज्ञानी होता तो उसे नीली गेंद की शक्ल में दिखाई पड़नेवाले पूरे पृथ्वी को अपने घर की तरह देखने की इच्छा निरंतर उत्पन्न होती रहती। ऐसा कुछ भी नहीं हुआ और यदि ऐसा कुछ हुआ होता तो नौ महिनों के अंदर अंतरिक्ष में नौ सौ घंटों के गहन अध्ययन और बासठ घंटों की स्पेस वाक का रिकॉर्ड बना चुकी सुनीता आज क्या अंतरिक्ष का परित्याग कर वापस नहीं आ पाती।



वस्तुतः वापसी का यह घटनाक्रम इतना सहज सरल नहीं है क्योंकि अंतरिक्ष की यह यात्रा हमारी चेतना, स्मृति और कल्पना से लगातार परे बना रहा। ऐसा इसलिए भी कि यह सबकुछ न मृत्युकुंभ के पार्थिव बोध से मुक्त एक महिला के अंतर्गाथा की कोई कपोल कथा है, न "उपर जाने" की परिक्रमा मार्ग से संबंधित कोई सरल गाथा ही है। संदर्भ देखिए, आज सुनीता ने जब धरती पर पैर रखा तो घर का पता ही बदल चुका था। इस बदलाव की मानें तो इनसे जुड़े "विलियम" के दर्शन और विलक्षण विलियम के "दृढ़रक्षक स्वरूप" की अनुभूति अब उनका नया ठिकाना बनकर सामने आया हुआ है। बहरहाल, सुनीता विलियम्स के कदम आज जब धरती पर हैं तो उनके घर का पता ठिकाना बदल चुका है और उनकी चारदीवारी में अब अंतरिक्ष के दुरूह व दुर्लभ निवास की स्मृतियां भी शामिल हो चुकी है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**केदारनाथ दास**
बसिया, गुमला।

### सरकारी फाइल व घोंघा रेस

सरकारी दफ्तर में एक फाइल थी। बड़ी शरीफ, बड़ी भोली-भाली। उसे क्या पता था कि उसके हिस्से में एक लंबी यात्रा लिखी थी। जब वह पहली बार टेबल पर आई, तो बाबूजी ने उसे ऐसे देखा जैसे कोई जवान लड़की ससुराल में पहली बार देखी जाती है-पूरी जाँच-पड़ताल, संदेह से भरी नजरें और कुछ मीठे वचन, "अभी देख लेते हैं, थोड़ा धैर्य रखो!" धैर्य? फाइल अगर इंसान होती तो इस शब्द का पेटेंट करा लेती। यह सरकारी दफ्तर था, जहाँ घड़ी की सुइयाँ भी सुस्त हो जाती हैं और समय भी पहले चाय, फिर पान और अंत में किसी अफसर की मूड पर निर्भर होता है। बाबूजी ने फाइल को उठाकर एक किनारे रख दिया। वह वहीं से सरकारी दुनिया का स्वाद लेने लगी। बगल की फाइल ने कान में फुसफुसाया, "नवागंतुक हो? चिंता मत करो, तुम्हें घूमने को मिलेगा। यहाँ फाइलें सैर-सपाटे पर निकलती हैं, कभी टेबल से टेबल, कभी अफसर के कमरे से बाबू के दराज में। कभी-कभी तो 'अंदर की बात' समझाने के लिए कुछ हरियाली (रुपये-पैसे) भी चाहिए।" फाइल का रंग उड़ गया। सरकारी दफ्तर की भाषा बड़ी कठिन थी-"अभी प्रक्रिया चल रही है", "जल्द ही विचार किया जाएगा", "संबंधित अधिकारी की स्वीकृति आवश्यक है", और सबसे प्रसिद्ध शब्द-"अभी अनुमोदन बाकी है!" अफसर के कमरे तक पहुँचना फाइलों के लिए वैसा ही था जैसे किसी गाँव के लड़के का आईआईटी क्रैक करना। बाबूजी ने आखिरकार फाइल को उठाया, एक गहरी साँस ली, और अफसर के पास भेजने की सोची। लेकिन तभी उनका फोन बजा-दूसरी तरफ उनकी पत्नी थीं, "आज सब्जी लेते आना।" बाबूजी ने फाइल को फिर से टेबल पर पटक दिया और उठकर चल दिए। फाइल बेचारी फिर से उसी कोने में चली गई, जहाँ से उसने सफर शुरू किया था। यह सरकारी प्रेम था-अनदेखा, अनसुना और अंतहीन! फाइल हफ्तों तक टेबलों की धूल फाँकती रही। हर बार एक नया बहाना मिलता-"अभी व्यस्त हैं", "थोड़ा इंतजार करो", "साहब दौरे पर हैं"। अफसर की मेज पर आने का दिन आया तो साहब ने पहली नजर में ही पहचान लिया कि ये फाइल खुद नहीं आई, बल्कि इसे कोई पीछे से धक्का देकर भेजा गया है। "अच्छा! बहुत जल्दी है?" अफसर मुस्कुराए। उनकी मुस्कान वही थी जो डॉक्टर ऑपरेशन से पहले देता है। फिर एक सिग्नेचर मारने में जितना समय नहीं लगता, उससे ज्यादा समय वे फाइल पर सोचने में लगा देते। "रखो इसे, देख लेंगे!" यह 'देख लेंगे' शब्द सरकारी कसम होता है-जिसे कहने वाला भी जानता है कि वह झूठ बोल रहा है और सुनने वाला भी जानता है कि उसे उल्लू बनाया जा रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

# वन-संस्कृति को अक्षुण्ण रखना सबसे बड़ी चुनौती

अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस 2025- 21 मार्च, 2025

भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता में वनों का सर्वाधिक महत्व रहा है, वन ऑक्सीजन, भोजन, ईंधन, दवाइयां, सुगंध, कागज़, और कपडे.और कई तरह की चीज़ें देते हैं। वन जहां वैश्विक तापमान को बनाए रखने में मदद करते हैं वहीं वर्षा को नियंत्रित करते हैं। वन भूमि कटाव और बाढ़ पर नियंत्रण रखते हैं तो प्रदूषण को नियंत्रित करते हैं। वन जहां सूखे को नियंत्रित करते हैं वहीं वे कई तरह के जीवों के लिए प्राकृतिक आवास एवं वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए जीन कोष का काम करते हैं। हमारी संस्कृति में जो सुन्दरतम और श्रेष्ठतम है, उसका उद्भव इन्हीं वनों में हुआ है। वन जीवन-ऊर्जा के स्रोत एवं गति के माध्यम है। हमारे संस्कारों पर नन्दनवन के सौंदर्य और माता सीता के कारण अशोक वन के करुणापूर्ण वातावरण की छाप लगी हुई है और वृन्दावन में भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा के प्रेम आच्छादित है। हालांकि, आधुनिक युग में लोभ, लालच एवं संवेदनहीनता से वनों की कटाई तेज़ी से बढ़ गई है, इससे प्रदूषण, मिट्टी का कटाव और जलवायु परिवर्तन जैसी कई जटिल एवं विनाशकारी समस्याएं पैदा हो रही हैं। वनों की कटाई से वनों पर निर्भर लोगों एवं वन्य जीवों का जीवन खतरे में है, इनके स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। वृक्षों की नीली छटा के लिए जो प्रेम था, जो शक्ति थी, जो जीवन था, वह कम न हो इसी उद्देश्य से विश्व वानिकी दिवस हर साल 21 मार्च को मनाया जाता है। 2012 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वानिकी के महत्व पर ध्यान केंद्रित करने और जागरूकता फैलाने के लिए इस दिन की स्थापना की। वनों के महत्व और पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने में उनकी भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2025 की थीम है 'वन और खाद्य पदार्थ', जो खाद्य प्रणालियों में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यान आकर्षित करता है। इसका उद्देश्य खाद्य सुरक्षा, पोषण और आजीविका में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना है।



भोजन प्रदान करने के अलावा, वन स्वस्थ मिट्टी को बनाए रखते हुए और जल स्रोतों की रक्षा करते हुए ईंधन, आय और रोजगार भी प्रदान करते हैं। इस वर्ष की थीम विश्व की बड़ी शक्तियों एवं नीति निर्माताओं से जलवायु परिवर्तन के केंद्र में वनों को ध्यान में रखते हुए नीतियां बनाने का आग्रह करती है। विश्व वानिकी दिवस का संदेश वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लाभ के लिए वनों की सुरक्षा और देखरेख का आह्वान करता है, वनों के संरक्षण के लिये कदम उठाने और सकारात्मक प्रभाव पैदा करने का सुझाव देती है। यह आशा और आशावाद की भावना व्यक्त करता है, लाभकारी परिवर्तन की क्षमता को रेखांकित करता है। इसमें वन संरक्षण के पारिस्थितिक, सामाजिक और आर्थिक पहलू शामिल हैं। जलवायु परिवर्तन से निपटने में वन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, वे व्यापक कार्बन सिंक के रूप में कार्य करते हैं जो प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं। यह तंत्र वैश्विक तापमान को नियंत्रित करने और ग्रीनहाउस गैसों एवं ओजोन को नुकसान के स्तर को कम करने में सहायता करता है। इसके विपरीत, वनों की कटाई से संग्रहित कार्बन वापस वायुमंडल में चला जाता है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग और भी बदतर हो जाती है। इसलिए, जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए वनों की रक्षा और उन्हें बहाल करना बहुत जरूरी है। वन पौधों और जानवरों की आश्चर्यजनक विविधता का घर हैं, जो पृथ्वी की स्थलीय जैव विविधता का एक बड़ा हिस्सा बनाते हैं। वे सूक्ष्म कवक से लेकर बड़े स्तनधारियों तक कई जीवों के लिए आवश्यक आवास प्रदान करते हैं। वनों के लुप्त होने से आवास विखंडन और प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं, पारिस्थितिकी संतुलन बिगड़ रहा है और पारिस्थितिकी तंत्र की लचीलापन कम हो रहा है। वन केवल लकड़ी के स्रोत नहीं हैं, वे भोजन और पोषण के महत्वपूर्ण स्रोत भी हैं। वन मानव अस्तित्व और पर्यावरण संतुलन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**ललित गर्ग**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

घुआं ठोस हो ले रहा, आकृतियों का रूप।
देश पितामह भीष्म सा, खड़ा सेकता धूप।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# विश्व कठपुतली दिवस 2025 : एक जादुई विरासत का आधुनिक रूप

डिजिटल मंच पर कठपुतलियाँ: कला का पुनर्जागरण

सपनों को धागों में पिरोकर मंच पर जीवंत करने वाली कठपुतली कला का उत्सव-विश्व कठपुतली दिवस-हर साल 21 मार्च को अपने जादुई स्पर्श से हमारे दिलों को मोह लेता है। यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि उस अनमोल कला का सम्मान है, जो सदियों से मानवता की कहानियों को रंगों, भावनाओं और आवाजों के माध्यम से सँवारती आई है। 2003 में यूनियन इंटरनेशनल डे ला मैरियोनेट (यूनिमा) द्वारा शुरू किया गया यह आयोजन कठपुतली कलाकारों की असाधारण सृजनशीलता, उनके असीम जुनून और उस चमत्कार को श्रद्धांजलि देता है, जो उनकी उंगलियों के नाजुक संकेतों से जीवंत हो उठता है। लेकिन 2025 में यह दिन एक अनूठी आभा के साथ चमकेगा। इस बार की थीम "रोबोट, एआई और कठपुतली का सपना" हमें उस रोमांचक संसार की सैर कराएगी, जहाँ परंपरा के धागे तकनीक की चमक से जुड़कर कला के अनदेखे क्षितिज रच रहे हैं। यह अनोखा संगम न केवल कठपुतली कला को नई ऊर्जा से भर देगा, बल्कि इसे भविष्य के मंच पर एक दमकते सितारे की भाँति स्थापित करेगा। एक साधारण लकड़ी का टुकड़ा या कपड़े का ढेर कैसे बोलने लगता है, थिरकने लगता है और कहानियों को जीवंत कर देता है? कठपुतली कला वह जादुई करिश्मा है जो निर्जीव में प्राण फूँक देती है। प्राचीन मिस्र के मकबरों से लेकर भारत के गाँवों की मिट्टी तक, यह कला हर सभ्यता की आत्मा में रची-बसी रही है। भारत में यह कला एक जीवंत धरोहर है, जो हर कोने में अपनी अनूठी छटा बिखेरती है। राजस्थान की कठपुतलियाँ अपने चटकीले रंगों और नृत्य-नाट्य के जादू से लोककथाओं को साकार करती हैं। कर्नाटक का "गोंबे अट्टा" संगीत और परंपरा के मधुर संगम से मंत्रमुग्ध करता है, तो ओडिशा की "साखी कुंडेई" अपनी बारीक कारीगरी से मन मोह लेती है। हर शैली एक अनकही कहानी बुनती है, हर कठपुतली एक संस्कृति को अपने आँचल में संजोती है। यह कला कभी महज मनोरंजन का माध्यम नहीं रही-गाँव की चौपालों पर यह कठपुतलियाँ सामाजिक संदेशों की दूत बनकर उभरीं, चाहे वह स्वच्छता का सबक हो या शिक्षा की प्रेरणा। मगर समय के साथ, आधुनिक मनोरंजन की चकाचौंध में यह कला धीरे-धीरे ओझल होती दिखी। अब, तकनीक के साथ इसका नया संनाद इसे फिर से मंच के मध्य में ला रहा है-पहले से कहीं अधिक भव्य, प्रेरक और जीवंत रूप में। "रोबोट, एआई और कठपुतली का सपना"-यह थीम मन में एक अद्भुत दृश्य जगा देती हैः एक कठपुतली, जो धागों की कैद से आजाद होकर तकनीक के बल पर सजीव हो उठे; जो न सिर्फ नृत्य करे, बल्कि दर्शकों से संवाद करे, उनके सवालों को सुनकर जवाब दे। 2025 का विश्व कठपुतली दिवस हमें इस रोमांचक भविष्य की सैर कराता है। रोबोटिक्स, डिजिटल एनीमेशन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने कठपुतली कला को नई उड़ान दी है। सेंसर से सुसज्जित कठपुतलियाँ हर हाव-भाव को बारीकी से जीवंत करती हैं, एआई से प्रेरित पात्र दर्शकों के साथ जीवंत संनाद रचते हैं, और वर्चुअल मंच इस प्राचीन कला को विश्व के हर कोने में गूँजने का अवसर देते हैं-यह सब अब महज ख्वाब नहीं, बल्कि एक ठोस सच्चाई है। सोचिएः एक कठपुतली मंच पर खड़ी होकर पूछे, "आज आप मेरे मुँह से कौन सी कहानी सुनना चाहते हैं?" और फिर दर्शकों की रुचि के अनुसार अपनी प्रस्तुति को रंग दे। यह एआई का जादू है। रोबोटिक कठपुतलियाँ अब फिल्मों में अपनी चमक बिखेर रही हैं, वीडियो गेम्स में प्राण फूँक रही हैं और वर्चुअल थिएटर में दर्शकों को सम्मोहित कर रही हैं। यह थीम हमें एक गहरे सवाल की ओर ले जाती हैः क्या होगा जब कठपुतली अपनी कहानी खुद बुनने लगे? यह सिर्फ तकनीकी उन्नति नहीं, बल्कि कला के एक नए सुनहरे युग का आरंभ है। तकनीक परंपरा को मिटाने नहीं, बल्कि उसे और अधिक दमकदार बनाने आई है। राजस्थान का एक कठपुतली कलाकार अब अपनी सदियों पुरानी कला को डिजिटल मंचों पर सजा सकता है, जहाँ एआई और एनिमेशन उसकी कहानियों को अनूठा रंग-रूप दे सकते हैं। वर्चुअल रियलिटी के जादू से दर्शक कठपुतली नाटक को किसी सपनों की दुनिया में जीने का सौभाग्य पाते हैं। यूट्यूब और टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्म पर कठपुतली प्रस्तुतियाँ धूम मचा रही हैं, नई पीढ़ी के दिलों को इस कला से जोड़ रही हैं। यह परंपरा और आधुनिकता का ऐसा संगम है, जो कठपुतली कला को वैश्विक क्षितिज पर एक नई पहचान और चमक दे रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**प्रो. आरके जैन**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# प्रकृति ने किया बाबा बद्री विशाल का श्रृंगार बर्फ की सफेद चादर से ढका धाम



**बद्रीनाथ।** उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम में बीते दिनों हुई जमकर बर्फबारी से भगवान बद्री विशाल का मंदिर बर्फ की चादर से ढक गया है। मंदिर के चारों ओर बर्फ की कई फीट मोटी परत जम गई है, जिसे हटाने का काम किया जा रहा है। बद्रीनाथ धाम में पिछले दो-तीन दिनों से मौसम साफ था और चटक धूप खिली हुई थी, इसके बावजूद बर्फबारी भी हुई। इस कारण बद्रीनाथ में पारा गिर गया है और ठंड भी महसूस की जा रही है। बर्फबारी के चलते भगवान बद्री विशाल का मंदिर बर्फ की चादर से ढक गया है। बता दें कि भगवान बद्री विशाल के धाम के कपाट खुलने में अभी दो माह का समय बचा हुआ है, लेकिन इस बार सभी तीर्थ यात्रियों को भगवान बद्री विशाल के धाम के कपाट खुलते समय चारों तरफ सुंदर बर्फ के नजारे भी देखने को मिल सकते हैं। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने उत्तराखंड के कई जिलों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक, देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली और पिथौरागढ़ समेत कई जिलों में बारिश हो सकती है, जबकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग ने बारिश वाले जिलों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है। यमुनोत्री, गंगोत्री, बद्रीनाथ और केदारनाथ से मिलकर बनी चार धाम यात्रा की शुरुआत 30 अप्रैल से हो रही है। जानकारी के अनुसार, पहले केदारनाथ के कपाट खुलेंगे और इसके बाद बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। हर साल लाखों श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए उत्तराखंड आते हैं और इस बार भी प्रशासन उनकी सुविधा के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। चारधाम यात्रा में आने वाले कमर्शियल वाहन चालकों को अब ग्रीन कार्ड के बिना एंट्री नहीं मिलेगी। इससे पहले आरटीओ सुनील शर्मा ने कहा था कि चारधाम यात्रा के लिए एक माह पहले ही ग्रीन कार्ड जारी किए जाएंगे।

## एक नजर

### पुत्र ने पिता और सौतेली मां की पीट-पीटकर कर दी हत्या

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के चकिया थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को दूसरी शादी करने की कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। पिता की दूसरी शादी से नाराज उसके बच्चों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, घटना चकिया थाना क्षेत्र के हताहरपुर की है जहां एक दंपति को बैट और बांस से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप उसके ही बेटे, बहू और बहन पर लगा है। इन तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक की पहचान भगवान शाह (52) और उनकी पत्नी के रूप में हुई है। बताया गया कि भगवान शाह की पहली पत्नी की दो साल पहले मौत हो गई थी। इसके बाद उसने छह से सात महीने पहले दूसरी शादी की थी, जिससे उसके परिजन नाराज थे। पुलिस के मुताबिक, बुधवार की रात भगवान शाह और उनकी पत्नी की हत्या कर दी गई। भगवान शाह का शव उनके घर के दरवाजे के पास से बरामद किया गया है जबकि उनकी पत्नी का शव घर के पीछे मक्के के खेत से मिला है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है तथा सभी कोणों से मामले की जांच की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि इस मामले में मृतक के पुत्र अभिषेक कुमार, उसकी पत्नी और उसकी बहन को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया हत्या का कारण सौतेली मां से नाराजगी की बात सामने आ रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा।

### महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र की सुरक्षा बढ़ाई गई, लोहे की चादर लगाई गई



**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के खुल्दाबाद स्थित औरंगजेब की कब्र के आसपास सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। कब्र को हटाने के विवादों और बयानबाजी के चलते, पुलिस ने इलाके में अपनी मौजूदगी और बढ़ा दी है। कब्र की सुरक्षा को और सख्त बनाने के लिए बुधवार को कब्र के पीछे की दीवार पर लोहे के बड़े-बड़े पट्टे (लोहे की चादर) लगाए गए, ताकि किसी को भी इस स्थान पर बिना अनुमति के प्रवेश करने से रोका जा सके। इससे पहले, निजाम शासनकाल में औरंगजेब की कब्र की सुरक्षा के लिए हज़रत ख्वाजा सैयद ज़ैनुद्दीन शिराजी द्वारा संगमरमर की जाली लगवाई गई थी। इसके बाद, कब्र पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए हरे रंग की जालीदार प्लास्टिक का जाल भी लगाया गया था। अब, सुरक्षा उपायों के तहत, औरंगजेब की कब्र के आसपास लोहे के चादरों की बाउंड्री खड़ी की गई है, जो इस स्थान की सुरक्षा को और मजबूत बनाती है। यह कदम राज्य में चल रहे विवादों के बीच उठाया गया है, जहां एक वर्ग औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग कर रहा है, जबकि दूसरे वर्ग के लोग इसे एक ऐतिहासिक धरोहर के रूप में देख रहे हैं। इसे लेकर इलाके में पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी बढ़ा दी गई है और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सख्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है।इससे पहले बीते शनिवार को औरंगजेब की कब्र के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी। कब्र को तोड़ने को लेकर मिल रही धमकियों के चलते, शनिवार को जिले के पुलिस अधिकारियों ने कब्र का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया था। इस दौरान एसआरपी की एक बैच को तैनात किया गया, जबकि पहले से ही स्थानीय पुलिस की सुरक्षा मौजूद है।

# केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय के रिश्तेदारों के बीच विवाद में चली गोली, एक की मौत



मंत्री नित्यानंद राय के दो भांजे, जयजीत यादव और विश्वजीत यादव के बीच गुरुवार को मामूली विवाद के बाद गोलीबारी हो गई।

एजेंसी

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर में पुलिस जिला नवगछिया के परबत्ता थाना क्षेत्र में दो भाइयों के बीच हुए विवाद में गोली चलने से एक भाई की मौत हो गई जबकि दूसरा भाई जख्मी बताया जा रहा है। प्रथम दृष्टया विवाद का कारण पानी बताया जा रहा है। यह परिवार केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के दो भांजे, जयजीत यादव और विश्वजीत यादव के बीच गुरुवार को मामूली विवाद के बाद गोलीबारी हो गई। इस घटना में विश्वजीत यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि जयजीत यादव की हालत नाजुक बनी हुई है। बताया जाता है कि घटना नवगछिया के जगतपुर में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के बहनोई रघुनंदन यादव के घर पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पानी को लेकर विश्वजीत और जयजीत के बीच बहस शुरू हो गई। बताया जाता है कि दोनों भाइयों के बीच पहले से ही संबंध अच्छे नहीं थे। विवाद बढ़ने पर विश्वजीत ने घर से पिस्तौल लाकर जयजीत पर गोली चला दी। इस बीच, जयजीत ने भी पिस्तौल छीनकर उसे गोली मार दी। इस घटना में विश्वजीत की मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल जयजीत को भागलपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नवगछिया की पुलिस अधीक्षक प्रेरणा ने बताया कि सुबह जानकारी मिली कि परबत्ता में गोली चलने की घटना की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची थी। दो भाइयों के बीच ही गोलीबारी हुई थी जिसके बाद दोनों को घायल अवस्था में हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां एक घायल की मृत्यू हो गई। जबकि दूसरा भी घायल है और उसका इलाज चल रहा है।

# 'नक्सल मुक्त भारत अभियान' में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी : अमित शाह



हमारे जवान लगातार बहुत मजबूती के साथ लड़ाई लड़ रहे हैं



विष्णु देव साय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के मारे जाने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 'नक्सल मुक्त भारत अभियान' में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। मोदी सरकार नक्सलियों के विरुद्ध रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है।

**उन्होंने ये भी कहा कि अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सल मुक्त हो जाएगा।**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में सुरक्षाबलों को गुरुवार को बड़ी सफलता मिली। बीजापुर और कांकेर में सुरक्षाबलों ने अलग-अलग मुठभेड़ में कई नक्सलियों को ढेर कर दिया है। हालांकि, इस कार्रवाई के दौरान एक जवान शहीद हो गया। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया है। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''नक्सल मुक्त भारत अभियान' की दिशा में आज हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में हमारे सुरक्षा बलों के दो अलग-अलग ऑपरेशन में कई नक्सली मारे गए। मोदी सरकार नक्सलियों के विरुद्ध रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सल मुक्त होने वाला है।''

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आज दो नक्सली मुठभेड़ में एक जगह कई नक्सलियों की डेड बॉडी मिली है हम अपने सुरक्षाबल के जवानों के साहस को नमन करते हैं। हमारे जवान लगातार बहुत मजबूती के साथ लड़ाई लड़ रहे हैं। हमारे गृह मंत्री का संकल्प है कि मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद को समाप्त करना है। उसमें अब ज्यादा समय नहीं लगने वाला है। उस पर बहुत तेजी के साथ काम हो रहा है। गृह मंत्री का संकल्प पूरा होगा और हमारे बस्तर को देश-दुनिया में जाना जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आज डबल इंजन की सरकार से काफी फायदा मिल रहा है। ऐसी सरकार समन्वय के साथ नक्सलियों का खात्मा कर रही है। वहीं, कांग्रेस के आरोप पर उन्होंने कहा कि उनके (कांग्रेस) पास कोई मुद्दा नहीं है। चार-चार बार हारने के बाद कांग्रेस के नेता बौखलाहट में कुछ भी कह रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि हमारे सुरक्षाबलों ने 18 नक्सलियों को मार गिराया है। गुरुवार को डीआरजी और अन्य बलों की नक्सलियों के साथ सुबह सात बजे से ही मुठभेड़ जारी थी। सर्च ऑपरेशन के अंतर्गत 18 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं।

# बिहार विस में मोबाइल देखकर प्रश्न पूछने पर राजद के विधायक पर भड़के नीतीश कुमार



एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मोबाइल देखकर प्रश्न पूछने पर राजद के एक विधायक पर भड़क गए। उन्होंने यहां तक कह दिया कि सब गड़बड़ है। यह प्रतिबंधित है। उन्होंने यह भी कहा कि 10 साल में दुनिया खत्म हो जाएगी। दरअसल, राजद के विधायक सुदय यादव ने मोबाइल देखकर खाद्य और आपूर्ति विभाग से संबंधित एक प्रश्न पूछा। मंत्री लेसी सिंह ने सवाल का जवाब भी दिया। लेकिन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को यह नागवार गुजरा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सदन में मोबाइल ले जाने पर आपत्ति जताई और विपक्ष के विधायक सुदय यादव को खूब सुनाया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खड़े होकर कहा, "ये लोग मोबाइल लेकर बात कर रहे हैं। यह सब प्रतिबंधित था, रोका हुआ था और सब मोबाइल लेकर बोल रहे हैं। ये कोई बात है? यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई मोबाइल लेकर न आएं। इस पर प्रतिबंध किया जाए जो पहले से भी किया हुआ है। यह पांच-छह साल से शुरू हुआ है। 10 साल नहीं, उसके पहले ही धरती खत्म हो जाएगी। आप अलग तरीके से बोलिए। यह सब फालतू बात है।"

नीतीश कुमार यही नहीं रुके। उन्होंने आगे कहा, "पहले तो हम खूब देखते थे लेकिन, जब हमनें 2019 में जाना कि गड़बड़ होने वाली है तो हमने तो छोड़ दिया। समझ गए कि नहीं? मोबाइल प्रतिबंधित है। इसको लेकर क्या बोलते हैं?" उन्होंने कहा कि सदन में मोबाइल प्रतिबंधित है, आप भूलिए मत। कोई मोबाइल लेकर आएगा, उनको बाहर निकाल दिया जाएगा।

### 'न झुका हूं, न झुकूंगा, टाइगर अभी जिंदा है' लालू समर्थकों ने पटना में लगाए पोस्टर

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू यादव के समर्थन में उनके पटना स्थित आवास के बाहर पोस्टर लगाए गए। बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय ने कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाले के सिलसिले में उनसे पूछताछ की थी। पोस्टरों पर लिखा था, "न झुका हूं, न झुकूंगा, टाइगर अभी जिंदा है।" यादव और उनके परिवार के सदस्यों पर आरोप है कि उन्होंने जमीन के बदले रेलवे में नौकरी पाने के लिए अपने प्रभाव का दुरुपयोग किया। इस मामले में ईडी की जांच जारी है। लालू प्रसाद की पत्नी और आरजेडी नेता राबड़ी देवी और उनके बेटे तेज प्रताप यादव इस मामले में पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश हुए। इस बीच, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके खिलाफ 'राजनीतिक प्रतिशोध' के तहत मामले दर्ज किए जा रहे हैं।

# विदेश यात्रा से पहले मेरी छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहा विपक्ष : ममता



एजेंसी

**पश्चिम बंगाल।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विदेश यात्रा से पहले बृहस्पतिवार को भाजपा और वाम दलों पर उनकी छवि धूमिल करने के प्रयास किये जाने का आरोप लगाया और कहा कि विदेश यात्रा से पहले किसी नेता पर हमला करने से देश की छवि को नुकसान पहुंचता है। ममता बनर्जी, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में व्याख्यान देने के लिए आगामी दिनों में लंदन की यात्रा करने वाली हैं। बनर्जी ने कहा कि राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन किसी भी नेता को किसी अन्य नेता की विदेश यात्रा से पहले उसकी छवि खराब नहीं करनी चाहिए क्योंकि वह व्यक्ति देश का प्रतिनिधित्व करेगा। उन्होंने कहा, ''ईर्ष्या के इलाज के लिए कोई दवा नहीं है। विपक्ष मेरी आगामी लंदन यात्रा को लेकर मेरी छवि खराब करने की कोशिश कर रहा है। लेकिन मेरी विदेश यात्रा से पहले मुझे बदनाम करके वे देश की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं।''बनर्जी 21 मार्च को लंदन के लिए रवाना होंगी। ऑक्सफोर्ड में उनका व्याख्यान 27 मार्च को होगा। अपनी यात्रा के दौरान, वह राज्य में निवेश के लिए 25 मार्च को उद्योगपतियों से भी मिलेंगी। वह 28-29 मार्च को कोलकाता लौटने वाली हैं। केंद्र ने उनकी यात्रा को पिछले हफ्ते मंजूरी दी थी।

## आज का राशिफल

**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7

**वृष :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6

**मिथुन :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

**कर्क :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

**कन्या :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**धनु :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। शुभांक-3-5-7

**मकर :** शनै:-शनै: स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-4-6

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

**मीन :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8

# भारत सनातनियों की भूमि यहां औरंगजेब की कब्र का क्या काम: महंत योगी



एजेंसी

**संभल।** देश में औरंगजेब को लेकर चल रही सियासत पर अब संभल के प्राचीन तीर्थ नीमसार के महंत बाल योगी दीनानाथ ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आक्रांताओं के नामोनिशान को उखाड़कर फेंक देना चाहिए। महंत बाल योगी दीनानाथ ने गुरुवार को कहा, मैं मानता हूं कि औरंगजेब की कब्र को हटाना चाहिए। वह एक आक्रांता रहा है और भारत सनातनियों की भूमि है, यहां कब्र का क्या काम है। महंत बाल योगी दीनानाथ ने संभल के नेजा मेला पर कहा, भारत 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' सनातनियों की भूमि है। ऐसे में जो भी आक्रांता विदेश से आए हैं, उन्होंने सिर्फ भारत को लूटा और यहां अत्याचार किया। अगर उनके प्रतीक और समाधियां बची रहीं और लोग उनके नाम पर नारे लगाते रहे, तो यह भारत के लिए ठीक नहीं है। इन तत्वों को बहुत बढ़ावा दिया गया है। गाजी की मृत्यु बहराइच में हुई थी, लेकिन उसके नाम पर भारत में अलग-अलग जगह नेजा का मेला लगाया जाता है।

**● छोटे बच्चों को भाले की नोंक से मारा**

उन्होंने आगे कहा, एक आक्रांता जिसने भारत को बार-बार लूटा और वह ऐसा व्यक्ति था, जिसने भारतीयों की हत्याएं की और उनके छोटे-छोटे बच्चों को भाले की नोंक पर रखकर मारा। ऐसे लोगों के नाम पर भारत में मेला लगना कितना सही है। इस तरह का मेला बिल्कुल नहीं लगना चाहिए। मैं इतना ही कहूंगा कि ऐसे लोगों को नहीं पूजना चाहिए, उनको जड़ से उखाड़कर फेंक देना चाहिए और उत्तर प्रदेश शासन यही काम कर रहा है, इसलिए हमारी यही मांग रहेगी।

# आक्रांता का महिमामंडन करना मतलब देशद्रोह की नींव को पुख्ता करना : योगी



एजेंसी

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बहराइच की तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के मुख्य भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन करने वालों को देशद्रोही करार दिया। उन्होंने कहा कि आक्रांता का महिमामंडन करना मतलब देशद्रोह की नींव को पुख्ता करना है और स्वतंत्र भारत ऐसे किसी भी देशद्रोही को स्वीकार नहीं कर सकता है।

सीएम योगी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हो रही है। पूरा देश एकजुट कार्य कर रहा है। मैं उत्तर प्रदेश के सभी लोगों से कहना चाहूंगा कि जब भारत की परंपरा और संस्कृति का गुणगान पूरी दुनिया कर रही है, तब भारत के महापुरुषों के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव हर नागरिक का दायित्व होना चाहिए। उन स्थितियों में किसी भी आक्रांता का महिमामंडन नहीं होना चाहिए। आक्रांता का महिमामंडन करना मतलब देशद्रोह की नींव को पुख्ता करना है और स्वतंत्र भारत ऐसे किसी भी देशद्रोही को स्वीकार नहीं कर सकता है।'' उन्होंने कहा कि जो भारत के महापुरुषों को अपमानित करता हो, उन आक्रांताओं का महिमामंडन करता हो, जिन आक्रांताओं ने भारत की सनातन संस्कृति को रौंदने का काम किया था। बहन-बेटियों की इज्जत पर हाथ डालने का काम किया था। हमारी आस्था पर प्रहार किया था। उसे आज का नया भारत स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। मैं आपसे कहने आया हूं कि विकास की ये गाथा तभी आगे बढ़ सकती है जब हम अपनी विरासत को पूरे गौरव के साथ आगे बढ़ाने का काम करें, हमारी गौरव गाथा विरासत के साथ जुड़ती है, विरासत विकास के साथ जुड़ता है। विरासत और विकास की अद्भुत गाथा का ही एक नया रूप बहराइच का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार प्रदेश में आई, उस समय 33 लाख से अधिक ऐसे राजस्व वाद थे, जो लंबित पड़े थे। यह मामले लंबित हैं तो गांव-गांव में मारपीट, बलवा होना, दबंग के द्वारा गरीब की जमीन को जबरन हथिया लेना आम बात रही होगी और यही कारण था कि उत्तर प्रदेश में पिछली सरकारों के निकम्मेपन के कारण यह केंद्र बेमानी और भ्रष्टाचार का अड्डा बन गए थे। एक सामान्य नागरिक न्याय की उम्मीद नहीं कर सकता था।

### राजद के शासनकाल में सत्ता संरक्षित अपराध होता था : अशोक चौधरी

**पटना।** बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने गुरुवार को कहा कि राजद के शासनकाल में सत्ता संरक्षित अपराध होता था। अब स्थिति बदल गई है। उस दौर में डरकर भागे लोग भी वापस बिहार लौट रहे हैं। हमारे नेता न किसी को फंसाते हैं और न बचाते हैं। दरअसल, बिहार विधान परिषद में गुरुवार को बढ़ते अपराध पर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए। सदन के भीतर अपराध के मुद्दे पर विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की। विपक्षी सदस्य हंगामा करते हुए वेल में पहुंच गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। विरोधी दल की नेता राबड़ी देवी ने कहा कि राज्य में चोरी, डकैती, हत्या और लूट की घटनाएं हर दिन हो रही हैं। राज्य के हर जिले में अपराधी तांडव मचा रहे हैं, लेकिन सरकार के पास लॉ एंड ऑर्डर को संभालने की शक्ति नहीं है। होली के दौरान दो दिन के भीतर 22 लोगों की हत्या कर दी गई। राबड़ी देवी ने कहा कि अशोक चौधरी पहले कांग्रेस को लूटे और अब जदयू में लूट रहे हैं। सदन के बाहर निकले मंत्री अशोक चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि संगत अच्छे लोगों का हो तो संस्कार अच्छा होता है।

## थाईलैंड के सबसे पुराने बौद्ध विश्वविद्यालय में भारत अध्ययन केंद्र का उद्घाटन



**बैंकॉक (आईएएनएस)** । थाईलैंड के सबसे पुराने बौद्ध विश्वविद्यालय महा चुलालोंगकोर्न राजविद्यालय विश्वविद्यालय में गुरुवार को एक नए भारत अध्ययन केंद्र (सीबीएस) का उद्घाटन किया गया। इस उद्घाटन समारोह का आयोजन थाईलैंड में भारत के राजदूत नागेश सिंह और फ्रा सिथिवज्रबंडित द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।फ्रा इस प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर और विदेश मामलों के लिए वाइस रेक्टर हैं। इस अवसर पर भारत, थाईलैंड और अन्य देशों के कई प्रतिष्ठित भिक्षु, प्रतिष्ठित विद्वान और शिक्षाविद भी मौजूद थे।

## यूएई में 25, सऊदी अरब में 11 भारतीय नागरिकों को मौत की सजा फैसले पर अभी अमल नहीं : सरकार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सरकार ने गुरुवार को संसद को बताया कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 25 और सऊदी अरब में 11 भारतीय नागरिकों को मौत की सजा सुनाई गई है, लेकिन फैसले पर अभी अमल नहीं हुआ है। स्थानीय भारतीय मिशन के पास उपलब्ध 'अनौपचारिक जानकारी' का हवाला देते हुए, सरकार ने यह भी बताया कि 2020-2024 के बीच यूएई में किसी भी भारतीय नागरिक को फांसी नहीं दी गई। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने राज्यसभा में 'विदेशी जेलों में बंद भारतीयों' विषय पर एक प्रश्न का लिखित उत्तर देते हुए कहा कि विदेश मंत्रालय के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार, वर्तमान में विदेशी जेलों में विचाराधीन कैदियों सहित भारतीय कैदियों की संख्या 10,152 है। देश-वार सूची का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि कई देशों में प्रचलित सख्त गोपनीयता कानूनों के कारण, स्थानीय अधिकारी कैदियों के बारे में जानकारी तब तक साझा नहीं करते हैं।

### फिलीपींस का भारत को स्क्वाड जॉइन करने का न्योता, कहा-

# साउथ चाइना-सी में चीन को कंट्रोल करना जरूरी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

फिलीपींस ने साउथ चाइना-सी में चीन की विस्तारवादी नीतियों से मुकाबला करने के लिए भारत और दक्षिण कोरिया को 'स्क्वाड ग्रुप' जॉइन करने का न्योता दिया है। फिलीपींस सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रोमियो ब्रॉनर रायसीना डायलॉग में शामिल होने के लिए कल यानी बुधवार को दिल्ली पहुंचे थे। यहां उन्होंने साउथ चाइना-सी में चीन के अवैध कब्जे की रणनीति पर चर्चा की। जनरल ब्रॉन ने बताया कि चीन साउथ चाइना-सी में 3 आर्टिफिशयल आईलैंड्स का निर्माण कर रहा है। इसके साथ मिसचीफ रीफ पर एयर डिफेंस और मिसाइल सिस्टम के लिए 2.7 किमी का रनवे भी तैयार कर रहा है।

### ब्रॉनर बोले- चीन हमारा दुश्मन है

ब्रॉनर ने बाद में मीडिया से कहा कि भारत और हमारे बीच कई समानताएं हैं, क्योंकि हमारा दुश्मन एक है। मुझे यह कहने में कोई डर नहीं है कि चीन हमारा दुश्मन है। इसलिए, यह जरूरी है कि हम एक साथ मिलकर काम करें। हमारे देश की पहले से ही भारतीय सेना और रक्षा उद्योग के साथ साझेदारी है। स्क्वाड ऑस्ट्रेलिया, जापान, फिलीपींस और अमेरिका का एक अनौपचारिक बहुपक्षीय ग्रुप है। इस ग्रुप ने साल 2023 में दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस के स्पेशल इकोनॉमिक जोन में जॉइंट समुद्री एक्टिविटी की थी। फिलहाल इस ग्रुप का मुख्य फोकस सीक्रेट जानकारी शेयर करने और जॉइंट मिलिट्री एक्सरसाइज पर है। गौरतलब है कि भारत पहले ही से ही 'क्वाड ग्रुप' का मेंबर है, जिसमें 'स्क्वाड' के तीन सदस्य ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान शामिल हैं। इसका फोकस हिंद-प्रशांत महासागर, यानी इंडो-पेसिफिक ओशन पर है, जहां चीन लगातार अपना दबदबा बढ़ा रहा है।



रायसीना में डायलॉग में शामिल हुए ऑस्ट्रेलिया से एडमिरल जस्टिन जोन्स, अमेरिका से एडमिरल सैमुअल पापारो, भारत से एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, फिलीपींस से चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रोमियो ब्रॉनर, जापान से चीफ ऑफ स्टाफ जनरल योशीहिदे योशिदा और ब्रिटिश न्यूज प्रेजेंटर यल्दा हकीम।

### क्या है दक्षिण चीन सागर विवाद

साउथ चाइना सी का इलाका इंडोनेशिया और वियतनाम के बीच है, जो करीब 35 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला है। माना जाता है कि इस इलाके में प्राकृतिक संसाधनों की बहुलता है। दक्षिण चीन सागर के क्षेत्रों को लेकर कई देशों के बीच पुराना विवाद है। यह विवाद समुद्री क्षेत्र पर अधिकार और दबदबे को लेकर है।

### भारत के लिए भी अहम

समुद्र के रास्ते होने वाले भारत के कुल व्यापार का करीब 55% इसी इलाके से होता है, इसलिए दक्षिण चीन सागर भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है। यहां पर उपजे तनाव से भारत के समुद्री कारोबार पर असर पड़ सकता है। यदि चीन पूरे क्षेत्र पर अपना क जा जमाने में कामयाब हो गया तो भारत के व्यापारिक जहाजों के बेरोकटोक आने-जाने पर असर पड़ेगा।

**क्वाड में शामिल चार देश**




**जनरल ब्रॉनर ने कहा**



हमारा मानना है चीन को रोका नहीं गया तो वो पूरे दक्षिण चीन सागर पर कंट्रोल कर लेगा। चीन ताइवान स्ट्रेट पर भी दावेदारी करता है जो अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का उल्लंघन है।

## डिजिटल धोखाधड़ी पर रोक के लिए यूपीआई से हटेगा पूल लेनदेन

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** डिजिटल धोखाधड़ी रोकने के लिए नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) यूपीआई पर पूल लेनदेन को हटाने के लिए बैंकों से बात कर रहा है। यूपीआई पर ज्यादातर डिजिटल धोखाधड़ी पूल लेनदेन के माध्यम से ही होती है। जब दुकानदार की ओर से ग्राहकों को भुगतान के लिए रिक्वेस्ट भेजी जाती है, तो उसे पुल ट्रांजेक्शन कहा जाता है। जब ग्राहक क्यूआर या अन्य किसी माध्यम से लेनदेन करता है, तो उसे पुश ट्रांजेक्शन कहा जाता है। पूल ट्रांजेक्शन को हटाने से धोखाधड़ी के मामलों की संख्या में कमी आ सकती है, लेकिन कुछ बैंकर्स का कहना है कि इससे सही लेनदेन भी प्रभावित होंगे और इसका असर दक्षता पर होगा। बैंकों से बातचीत अभी शुरुआती चरण में है और इसे लागू करने पर अंतिम निर्णय होना है।इस बारे में आरबीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि डिजिटल भुगतान व कर्ज से संबंधित शिकायतें बड़ी चिंता बनी हुई हैं। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से जून के बीच आरबीआई लोकपाल को 14,401 शिकायतें मिलीं। जुलाई-सितंबर तिमाही में 12,744 शिकायतें दर्ज की गईं। फरवरी में यूपीआई लेनदेन की संख्या 16 अरब के पार पहुंच गई, जिसका कुल लेनदेन मूल्य 21 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। 2024 में यूपीआई लेनदेन की संख्या 46 फीसदी बढ़ी थी।

## बांग्लादेश : एलएनजी के आयात में बड़ी रुकावट, अंतरिम सरकार के सामने बड़ा सवाल

**ढाका (आईएएनएस)** । बांग्लादेश के खस्ता आर्थिक हालात के चलते तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात में बड़ी रुकावट खड़ी हो गई है। इस मुश्किल को दूर करने के लिए सरकार भारी भरकम का कर्ज लेने की तैयारी में है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक डॉलर की कमी के कारण मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को अगले वित्त वर्ष में एलएनजी खरीद के लिए 350 मिलियन अमेरिकी डॉलर - [42.70 अरब बांग्लादेशी टका के बराबर - का ऋण लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। बांग्लादेश के प्रमुख बंगाली दैनिक प्रथम आलो ने सूत्रों के हवाले से बताया कि सरकार के ऊर्जा एवं खनिज संसाधन प्रभाग तथा बांग्लादेश तेल, गैस एवं खनिज संसाधन निगम (पेट्रोबांग्ला) ने खुलासा किया है कि विश्व बैंक की तकनीकी सहायता से ऋण प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है।

## सीमा हैदर के बच्ची को जन्म देने पर पाकिस्तानी पति ने जताया ऐतराज, बताया 'नाजायज'

**ग्रेटर नोएडा (आईएएनएस)**

पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर और उसके पति सचिन मीणा के घर खुशखबरी आई है। गत 18 मार्च की सुबह नोएडा के कृष्णा हॉस्पिटल में सीमा ने एक बेटी को जन्म दिया। इस खुशी में जहां सीमा-सचिन का परिवार झूम रहा है, वहीं पाकिस्तान में सीमा के पूर्व पति गुलाम हैदर ने नाराजगी जताई है। गुलाम हैदर ने यूट्यूब पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें उन्होंने सीमा के नवजात बच्चे को 'नाजायज' करार दिया। साथ ही, सीमा के वकील और मुंहबोले भाई ए.पी. सिंह पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वह 'नाजायज औलाद' के जन्म पर बधाई देकर भारत को बदनाम कर रहे हैं। गुलाम ने कहा, "ऐसे भाई पर लानत है, जो नाजायज औलाद की बधाइयां दे रहा है। सचिन और उसके परिवार का नाम लो, पूरे इंडिया को क्यों बदनाम कर रहे हो? उन्होंने भारत सरकार से एक बार फिर सीमा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



## उत्तर कोरियाई चुनौती : सोल, वाशिंगटन, टोक्यो ने विमानवाहक पोत के साथ किया त्रिपक्षीय अभ्यास

**सोल (आईएएनएस)**

दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान ने यूएसएस कार्ल विंसन विमानवाहक पोत के साथ संयुक्त नौसैनिक अभ्यास किया। सोल के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य उद्देश्य उत्तर कोरिया के रासायनिक, जैविक और रेडियोलॉजिकल (सीबीआर) खतरों को बेहतर ढंग से रोकने और उनका मुकाबला करना है। मंत्रालय ने कहा कि त्रिपक्षीय नौसैनिक अभ्यास इस वर्ष आयोजित किया गया पहला ऐसा अभ्यास है। संयुक्त अभ्यास सोमवार से गुरुवार तक दक्षिणी रिसॉर्ट द्वीप जेजू के दक्षिण में अंतरराष्ट्रीय जल में हुआ। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यूएसएस कार्ल विंसन के अलावा, तीनों पक्षों के छह और युद्धपोत अभ्यास में शामिल थे। इनमें दक्षिण कोरियाई नौसेना का आरओकेएस 'सेजोंग द ग्रेट' विध्वंसक और जापान समुद्री आत्मरक्षा बल का जेएस 'इकाजूंची' विध्वंसक शामिल था। मंत्रालय ने कहा कि यह अभ्यास तीनों पक्षों की ओर से संयुक्त रूप से स्थापित बहु-वर्षीय प्रशिक्षण योजना के तहत आयोजित नियमित अभ्यास का हिस्सा था।



## इजरायली हवाई अड्डे और अमेरिकी विमानवाहक पोत पर किया मिसाइल अटैक : हूती विद्रोही

**सना (आईएएनएस)**

यमन के हूती विद्रोहियों ने दावा किया है कि उन्होंने गुरुवार सुबह इजरायल के तेल अवीव स्थित बेन गुरियन हवाई अड्डे पर लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने अल-मसीरा टीवी पर एक बयान में कहा, "हमने एक हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल से तेल अवीव के बेन गुरियन हवाई अड्डे को निशाना बनाकर एक सफल सैन्य अभियान चलाया। हूती प्रवक्ता याह्या सरिया ने यह भी दावा किया कि उनके समूह ने उसी दिन सुबह उत्तरी लाल सागर में अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस हैरी ट्रूमैन पर एक नया हमला किया। यह हमला पांचवीं बार किया गया था, जिसमें बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों तथा ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। सरिया ने दावा किया कि यह हमला शनिवार से शुरू हुए उन हवाई हमलों का बदला था, जो अमेरिका ने (हूती नियंत्रित) सना राजधानी में नागरिक ठिकानों पर किए। बता दें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हूती ग्रुप के खिलाफ हवाई हमलों को फिर से शुरू करने की घोषणा की।

## 149 अफगान कैदियों को तालिबान को सौंपा : ईरान

**काबुल (आईएएनएस)**

ईरान ने 149 अफगान कैदियों को तालिबान को सौंपा दिया। ईरान के मानवाधिकार और अंतरराष्ट्रीय मामलों के उप न्याय मंत्री असकर जलालियन ने यह घोषणा की। जलालियन ने कहा कि 149 अफगान कैदियों को अफगानिस्तान भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि इन कैदियों को उनकी बाकी सजा काटने के लिए तालिबान को सौंप दिया गया है। इस बीच, तालिबान ने इन कैदियों को लेकर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी नहीं की है। यह भी स्पष्ट नहीं किया गया कि क्या वे तालिबानी शासन में अपनी पूरी सजा काटेंगे। अफगान मीडिया आउटलेट अमू टीवी के मुताबिक ईरान में अफगान कैदियों की सही संख्या अभी भी स्पष्ट नहीं है, लेकिन मानवाधिकार समूहों का अनुमान है कि देश भर में बड़ी संख्या में कैदी हैं। ईरान मानवाधिकार संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में ईरान में 80 अफगान कैदियों को फांसी दी गई, यह संख्या 2023 से तीन गुना हो गई है।



## चीन ने पहली बार हजारों किलोमीटर की दूरी पर क्वांटम संचार स्थापित किया

**बीजिंग (आईएएनएस)।** चीन के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने हाल ही में देश-विदेश में कई शोध टीमों के साथ मिलकर क्वांटम माइक्रो-नैनो उपग्रह और लघुकृत मोबाइल ग्राउंड स्टेशन के बीच दुनिया का पहला वास्तविक समय उपग्रह-धरती क्वांटम कुंजी वितरण हासिल किया है। वहीं, एक एकल उपग्रह पास के दौरान 10 लाख बाइट्स तक सुरक्षित कुंजी साझाकरण हासिल किया है और चीन और दक्षिण अफ्रीका के बीच 12,900 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर क्वांटम कुंजी स्थापित की है, "एक-बार, एक-कुंजी" इन्क्रिप्शन और छवि डेटा के संचरण को पूरा किया है।






**कहानी फिल्म जगत की**

## सलमान और रश्मिका की एक्शन मूवी है 'सिकंदर'

अभिनेता सलमान खान और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की फिल्म 'सिकंदर' की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। इंस्टाग्राम पर सिकंदर का पोस्टर शेयर करते हुए सलमान ने इसकी रिलीज की घोषणा की। उन्होंने लिखा, '30 मार्च को दुनियाभर के सिनेमाघरों में मिलते हैं!' फिल्म में काजल अग्रवाल, सत्यराज, शरमन जोशी, प्रतीक बब्बर, अंजिनी धवन और जतिन सरना भी हैं। अभिनेता सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। फिल्म 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के लीड ने अपने इंस्टाग्राम पर इसकी घोषणा की। फिल्म में सलमान के साथ अभिनेत्री रश्मिका मंदाना नजर आएंगी। इंस्टाग्राम पर सिकंदर का पोस्टर शेयर करते हुए सलमान ने इसकी रिलीज की घोषणा की। उन्होंने लिखा, '30 मार्च को दुनियाभर के सिनेमाघरों में मिलते हैं! #सिकंदर #साजिदनाडियाडवाला की #सिकंदर @a.r.murugadoss द्वारा निर्देशित।' सिकंदर की रिलीज गुड़ी पड़वा और उगादी जैसे त्योहारों के दौरान हो रही है, जो महाराष्ट्र और दक्षिण भारत में नए साल की शुरुआत का प्रतीक है।



### सिकंदर में जबरदस्त एक्शन का है रोमांच

*फिल्म में काजल अग्रवाल, सत्यराज, शरमन जोशी, प्रतीक बब्बर, अंजिनी धवन और जतिन सरना भी हैं। सिकंदर का अंतिम शेड्यूल मुंबई में हुआ। फिल्म की शूटिंग 90 दिनों में मुंबई और हैदराबाद सहित कई स्थानों पर की गई। साजिद नाडियाडवाला ने इस प्रोजेक्ट का निर्माण किया है, जो 2014 की ब्लॉकबस्टर किक के बाद सलमान के साथ फिर से काम कर रहा है। पिछले महीने, सलमान ने अपनी हाई-ऑक्टेन फिल्म का एक दिलचस्प टीज़र शेयर किया था। एक मिनट और 21 सेकंड लंबे टीज़र में सलमान के किरदार संजय का परिचय कराया गया, जिसे उनकी दादी प्यार से सिकंदर बुलाती हैं।*

# मुख्यमंत्री हेमंत से छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री मिले



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उनके बीच विभिन्न विषयों-मुद्दों पर चर्चा हुई। इस मौके पर मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक रामचंद्र सिंह और विधायक सोनाराम सिंकू भी मौजूद थे।

# तसर रेशम जनजातीय समुदाय की परंपरा का हिस्सा : राज्यपाल

*तसर रेशम उत्पादन से 10 मिलियन लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भारत में तसर रेशम उद्योग के समावेशी विकास पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि तसर रेशम उद्योग न केवल एक कृषि आधारित उद्योग है, बल्कि यह जनजातीय समुदाय की परंपरा और संस्कृति का भी अभिन्न हिस्सा है। झारखंड इस उद्योग में देश का अग्रणी राज्य है और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की आजीविका इससे जुड़ी हुई है। उन्होंने तसर रेशम उद्योग को पर्यावरण-संवेदनशील एवं सतत विकास का उदाहरण बताते हुए कहा कि इससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलता है, बल्कि वन संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार), रांची और जैव-विविधता बोर्ड एवं वन विभाग, झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रांची में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

राज्यपाल ने कहा कि तसर रेशम उत्पादन से लगभग 10 मिलियन लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं और भारत सरकार द्वारा केंद्रीय रेशम बोर्ड एवं कपड़ा मंत्रालय के माध्यम से विभिन्न योजनाओं को लागू किया जा रहा है, जिससे इस क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा मिल रहा है। राज्यपाल ने अपने पूर्व के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार में मई 2014 में केंद्रीय वस्त्र राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में कार्य करने का अवसर मिला। इस दौरान, उन्होंने रेशम कृषकों और बुनकरों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों को निकटता से देखा और उनकी आय बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किए। उन्होंने कहा कि झारखंड के तसर उत्पादकों को आगे बढ़ाने और उनकी आजीविका को स्थायी बनाने के लिए नीति-निर्माण में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

## तसर रेशम की मांग लगातार बढ़ रही

**गवर्नर** ने कहा कि वैश्विक बाजार में तसर रेशम की मांग लगातार बढ़ रही है और हमें इस अवसर का लाभ उठाते हुए भारतीय तसर रेशम को एक विशेष पहचान दिलानी होगी। इसके लिए ब्रांडिंग, गुणवत्ता नियंत्रण, निर्यात संवर्धन एवं तकनीकी उन्नति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार को और अधिक बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि झारखंड के सारंडा जंगल को अक्सर भारत की तसर राजधानी कहा जाता है और यह माना जाता है कि तसर की उत्पत्ति यहीं हुई थी। इस क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिए अनुसंधान एवं विकास को प्राथमिकता देनी होगी।



## उत्पाद विविधीकरण पर विशेष ध्यान दें

**गवर्नर** के अनुसार वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं से आह्वान किया कि वे तसर रेशम के उप-उत्पादों एवं उत्पाद विविधीकरण पर विशेष ध्यान दें, जिससे स्थानीय कारीगरों एवं बुनकरों की आय में वृद्धि हो सके। इस अवसर पर उन्होंने तसर उत्पादों एवं उनके प्रसंस्करण प्रक्रियाओं का अवलोकन किया। राज्यपाल द्वारा एक पुस्तक, शोध पत्र का विमोचन भी किया गया। साथ ही, इस क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

## हाईकोर्ट ने स्कूली शिक्षा सचिव को किया तलब

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव व जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में गुरुवार को प्लस टू हाई स्कूलों में शिक्षकों के स्वीकृत 1033 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने मामले में स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव को कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई 16 अप्रैल को होगी। इस संबंध में प्रार्थी कालेश्वर महतो व अन्य की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गई है। जिसमें कहा गया कि राज्य के हाई स्कूल में मनोविज्ञान, गृह विज्ञान, तर्कशास्त्र, मनोविज्ञान सहित विभिन्न जनजातीय भाषाओं में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए सरकार ने 1033 पद स्वीकृत किया है।

# आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड के राम हैं : इरफान अंसारी

## स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग का बजट विस में पास

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बजट सत्र 2025-26 में



स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री इरफान अंसारी ने गुरुवार को झारखंड विधानसभा में पेश किए गए बजट में 7470.5086 करोड़ रूपए स्वीकृत की गई है। इसमें योजना मद में 5500 करोड़ रूपए और स्थापना व्यय में 1970.5086 करोड़ रूपए है। मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड में इलाज की कमी को दूर किया जाएगा। अस्पतालों में सुविधाएं इतनी होगी की अस्पताल में घुसते ही मरीजों को महसूस होगा कि वे जल्द ठीक हो सकते हैं।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार में राज्य के हरेक गरीब तक स्वास्थ्य योजना पहुंचेगी। झारखंड के आदिवासी मुख्यमंत्री की तुलना भगवान राम से करने पर विपक्ष ने उनके उपर 300 केस दर्ज करवाया है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड के राम है।



### 6500 करोड़ रुपए की लागत से रिम्स का पुर्नविकास

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि रिम्स पर लोड बढ़ गया है, इसलिए मुख्यमंत्री चाहते है कि रिम्स का पुर्नविकास किया जाए। इसके लिए 6500 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि रिम्स की क्षमता 200 बेड से बढ़ाकर 3500 बेड किया जाएगा, सुपर स्पेशलिटी की क्षमता 200 बेड से बढ़ाकर 950 बेड किया जाएगा, इसके लिए 750 बेड कर नया सुपर स्पेशलिटी भवन का निर्माण किया जाएगा। 5000 क्षमता का नया ओपीडी भवन का निर्माण होगा। रिम्स के रिक्त पदों पर नियुक्ति होगी,सीटी स्कैन, एमआरआई मशीन का अधिष्ठापन किया जाएगा।

# झारखंड विस में रघुनाथ महतो का चित्र लगाने पर आपत्ति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को आदिवासी भूमिज मुंडा चुआड़ सेना (झारखंड प्रदेश) की ओर से गुरुवार को एक ज्ञापन प्राप्त हुआ, जिसमें झारखंड विधानसभा सभा कक्ष में रघुनाथ महतो का चित्र लगाने के विरुद्ध आपत्ति दर्ज की गई है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 10 मार्च, 2025 को अमित महतो, विधायक, झारखंड विधानसभा ने विधानसभा परिसर में रघुनाथ महतो का चित्र लगाने की मांग की और इस संबंध में पत्र संख्या 94/2025, तारीख 10 मार्च 2025 के माध्यम से झारखंड विधानसभा के प्राधिकरण को पत्र भी प्रस्तुत किया। ज्ञापन में कहा गया है कि रघुनाथ महतो को चुआड़ आंदोलन का नेता मानने का कोई ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है और यह विषय पूरी तरह काल्पनिक है। भूमिज आंदोलन को ही चुआड़ आंदोलन के रूप में जाना जाता है और इस संदर्भ में कई ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध हैं। साथ ही, रघुनाथ महतो को चुआड़ आंदोलन का नेता घोषित करने की सत्यता को चुनौती देते हुए नागरिक न्यायालय, रांची में एक मामला लंबित है। ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से आग्रह किया गया है कि झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष को यह निर्देश दिया जाए कि जब तक न्यायालय का अंतिम निर्णय नहीं आ जाता, तब तक इस विषय को लंबित रखा जाए।

# राज्यपाल से मिले प्रशिक्षु आइएएस



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राज भवन में गुरुवार को शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने अधिकारियों से संवाद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव समर्पित रहने का संदेश दिया।

राज्यपाल ने कहा कि 15 नवंबर, 2000 को झारखंड राज्य का सृजन हुआ। लेकिन राज्य के विकास के लिए बहुत कार्य करने होंगे। उन्होंने अधिकारियों को राज्य की जनजातीय आबादी के उत्थान के प्रति विशेष संवेदनशीलता और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।

राज्यपाल से प्रशिक्षु अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए झारखंड में प्रशिक्षण के दौरान मिले अवसरों और सीख पर चर्चा की।

### सरकार ने दिखाई सक्रियता

# रूस से स्वदेश आया मृतक रवि कुमार चौधरी का पार्थिव शरीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की सक्रियता की वजह से रूस की ओओओ एलइव्ही स्टोरी जो इस्टा कंस्ट्रक्शन कंपनी के कॉरपोरेट पार्टनर है, में स्टील फिक्सर के रूप में कार्यरत स्वर्गीय रवि कुमार के पार्थिव शरीर उनके गृहनगर गढ़वा लाया गया। बता दें कि स्वर्गीय रवि कुमार के पिता श्री सच्चिदानंद चौधरी ने विभाग द्वारा संचालित राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष में अपने बेटे की मृत्यु को लेकर सूचना दी थी। तदोपरांत नियंत्रण कक्ष ने प्रोटेक्टर ऑफ एमिग्रेंट से संपर्क करते हुए भारतीय दूतावास, मास्को के सेकंड सेक्रेटरी (कांउसुलर) से संपर्क स्थापित किया। परिणामस्वरूप कंपनी द्वारा पार्थिव शरीर को स्वदेश भेजने की प्रक्रियाओं में तेजी आई और दूतावास ने भी आवश्यक दस्तावेजीकरण पूर्ण कर मृतक के शव को एनओसी प्रदान की। स्वर्गीय रवि कुमार चौधरी का पार्थिव शरीर फ्लाइट संख्या एसयू 232 द्वारा मास्को से 19 मार्च को दिल्ली रवाना किया गया और 20 मार्च को उनका शव दिल्ली पहुंच गया। रवि कुमार चौधरी के पार्थिव शरीर को स्वदेश लाने में गढ़वा के उपायुक्त ने विभागीय स्तर पर समन्वय स्थापित करने में महती भूमिका निभाई।

# उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार का प्रयास करें : राज्यपाल गंगवार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के प्रभारी कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह ने राजभवन में भेंट की और विश्वविद्यालय की अद्यतन शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। इस दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए व्यापक प्रयास करने के लिए कहा।



उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ कराने, एकेडमिक कैलेंडर का पालन सुनिश्चित करने एवं सत्र को नियमितीकरण संबंधि निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में ऐसा शैक्षणिक वातावरण विकसित किया जाए, जो ज्ञान, नवाचार एवं शोध को प्रोत्साहित करे, जिससे विद्यार्थी न केवल अपने विषयों में दक्ष बनें, बल्कि समाज एवं राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान दें।

# राधा कृष्ण किशोर व महुआ मांझी से मिले सरयू राय



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय गुरुवार की रात झारखंड के वित्तमंत्री राधा कृष्ण किशोर और राज्यसभा की सदस्य महुआ मांझी से अस्पताल में मुलाकात की। इन दोनों के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विधायक प्रदीप यादव और रांची के वरिष्ठ समाजसेवी धर्मेंद्र तिवारी भी मौजूद रहे। श्री राय ने वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर और महुआ मांझी से अलग-अलग मुलाकात की, कुशलक्षेम पूछा और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 25 को




**रांची।** मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद की बैठक, मंगलवार, दिनांक 25 मार्च को अपराह्न 4 बजे अथवा विधानसभा की बैठक के तुरंत बाद, जो भी बाद में हो, से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

## गैर इरादतन हत्या के जुर्म में पति दोषी करार, सजा कल

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के अपर न्यायायुक्त प्रथम की अदालत ने 20 मार्च को पत्नी की गैर इरादतन हत्या के जुर्म में अभियुक्त पति जतरू कच्छप को दोषी करार दिया है। साथ ही उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 22 मार्च की तारीख निर्धारित की है। अभियुक्त धुर्वा थाना क्षेत्र के जोजोसोरिंग गांव निवासी है। शादी के एक साल के अंदर ही 13 मार्च 2022 को मामूली विवाद को लेकर नवविवाहिता को मार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। घटना को लेकर मृतका का भाई मुन्ना कच्छप ने धुर्वा थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# कार्यस्थल पर महिला के साथ अभद्रता होती है तो करें लिखित शिकायत : जस्टिस अनुभा रावत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हाईकोर्ट की जस्टिस अनुभा रावत चौधरी ने कहा कि अगर कार्य स्थल पर किसी महिला के साथ अभद्रता होती है, तो उसका दायित्व बनता है कि वह इसके खिलाफ लिखित शिकायत करें। इसके लिए हाईकोर्ट में एक कमेटी बनाई गई है। जहां पर शिकायत की निगरानी की जाती है और उचित कार्रवाई भी की जाती है। महिलाएं अपने साथ हुई अभद्रता के खिलाफ शिकायत करती हैं, तो इस तरह के मामलों को रोका जा सकता है। जस्टिस अनुभा रावत चौधरी हाईकोर्ट परिसर में लैंगिक संवेदनशीलता पर आयोजित




कार्यशाला को संबोधित कर रहीं थी। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं को सम्मान के साथ रहने का अधिकार है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मनोज प्रसाद ने कहा कि हाईकोर्ट में कमेटी में आने वाली शिकायतों का उचित निस्तारण करती है। वकील और कर्मचारी के अलावा हाईकोर्ट परिसर में अगर किसी मुवक्किल के साथ अभद्रता होती है, तो वह शिकायत कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि अगर महिलाओं को समानता चाहिए तो ऐसी घटना के खिलाफ आवाज उठानी होगी। ऐसे करने से थोड़ी दिक्कत जरूर हो सकती है, लेकिन अपने अधिकार के लिए ऐसा करना होगा, जैसे दिया को रोशनी करने के लिए जलना पड़ता है। कमेटी की सदस्य सचिव तन्वी ने कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार कार्यस्थल पर 53 महिलाएं अभद्रता का शिकार होती हैं। उन्होंने बताया कि हाई कोर्ट कमेटी के पास दो मामले आए थे। एक हाई कोर्ट के कर्मियों से जुड़ा था, जिसको अलग-अलग सेक्शन में भेज दिया गया। दूसरा मामले दिल्ली के एक वकील के खिलाफ था, जिन्हें एक साल के लिए हाई कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस दौरान वरीय अधिवक्ता पीपीएन राय, अमित कुमार दास, डा. राजश्री वर्मा, वकील, कर्मचारी और पुलिस कर्मी भी मौजूद थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**गुमला पुलिस ने किया ब्राउन शुगर के...**

गुमला थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ युवक गोकुल नगर इलाके में अवैध रूप से ब्राउन शुगर का सेवन और तस्करी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश कुमार यादव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई। मौके पर पहुंचते ही पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान राजन कुमार के पास एक पर्स बरामद हुआ, जिसमें उसका आधार कार्ड, एटीएम, 500 रुपये नकद थे। सूर्य प्रताप सिंह के पास से एक काले रंग का लाइटर मिला। दोनों के पैरों के पास एक खाली सिगरेट का डिब्बा और एल्यूमिनियम फॉयल में लिपटा ब्राउन शुगर बरामद किया गया। जब्त ब्राउन शुगर का वजन 80 मिलीग्राम पाया गया। पूछताछ में राजन कुमार ने ब्राउन शुगर का सेवन करने और इसे बेचने की बात स्वीकार की। पुलिस के अनुसार वह पूर्व में भी ब्राउन शुगर रखने के आरोप में जेल जा चुका है। पुलिस के अनुसार दोनों युवक इलाके में युवाओं को नशे की लत लगाने और अवैध मादक पदार्थ की बिक्री में सक्रिय थे। मौके से बरामद सामग्रियों और सबूतों के आधार पर दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में गुमला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश कुमार यादव के अलावा गुमला थाना के प्रशिक्षु पुलिस पदाधिकारी हिमांशु शेखर सिंह, एएसआई सुनील कुमार, सोहर कुमार राम और दिनेश कुमार साहू की विशेष भूमिका रही। थाना प्रभारी ने कहा कि गुमला पुलिस नशे के अवैध कारोबार पर सख्ती से नजर रख रही है। इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि नशे के कारोबार पर पूर्ण विराम लगाया जा सके।

**10 किलो गांजा के साथ एक...**

था। इस मामले में लगभग 10 किलोग्राम गांजे की बरामदगी की गई है। जब्त गांजा उड़ीसा के झारसुगुड़ा से डालटनगंज की ओर ले जाया जा रहा था। इस मामले में कररकला थाना पाटन, पलामू निवासी आशुतोष मिश्रा पिता राजेंद्र मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**राइस मिलों की संख्या बढ़ाई जा...**

जरिए अपना दावा कर सकते हैं। जहां से भी ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना होती है उसे त्वरित ठीक करने का प्रयास किया जाएगा।

**झारखंड स्वास्थ्य विभाग में...**

पर चर्चा के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने विभाग की उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 300 नई अछर (एडवांस लाइव सपोर्ट) से युक्त एम्बुलेंस और 300 बाइक एंबुलेंस की भी खरीदी की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड के गांव में 25 नए हेल्थ कॉटेज दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि रिनपास के पास मेडिको सिटी का भी निर्माण होगा। अंसारी ने कहा कि रिम्स राज्य का प्रीमियम मेडिकल कॉलेज तथा अस्पताल है, जिसमें झारखण्ड ही नहीं बल्कि राज्य के बाहर से भी मरीज अपना इलाज कराने आते हैं। रिम्स पर अत्यधिक भार को देखते हुए आगामी वर्षों में लगभग 6 हजार 500 करोड़ रूपए की लागत से रिम्स का पुनर्विकास किया जाएगा।

**एक को गोली मारी...**

गिरिडीह जिले के गांवा प्रखंड में भी हुई है। यहां छोटनर नदी पर पुल कंस्ट्रक्शन साइट पर अपराधियों ने हमला बोलकर मुंशी और मजदूरों के साथ मारपीट की। इस हमले में चार लोग कांग्रेस यादव, बबलू बास्की, समेल मुर्मू और धर्मेंद्र कुमार बुरी तरह घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। बताया गया है कि अपराधियों की संख्या 14 से लेकर 15 के आसपास थी। अपराधी यह कहते हुए मजदूरों की पिटाई करने लगे कि ठेकेदार से पांच लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई थी, लेकिन उसने यह रकम दिए बगैर काम कैसे जारी रखा है। इस संबंध में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

**डिफेंस सर्विस के गैरिसन इंजीनियर...**

पूछताछ के आधार पर सीबीआई ने इंडियन डिफेंस सर्विस ऑफ इंजीनियरिंग की रांची स्थित इकाई के जरिए कराए जा रहे निर्माण कार्यों में कमीशनखोरी की विस्तृत जांच शुरू की है। साहिल रतुसरिया ने एजेंसी को बताया है कि ठेकेदारों को किए जाने वाले पेमेंट में दो प्रतिशत की दर से कमीशन लिया जाता है और इस रकम का बंटवारा अधिकारियों के बीच किया जाता है। सीबीआई टीम ने एक ठेकेदार की शिकायत के आधार पर गैरिसन इंजीनियर के दफ्तर में छापेमारी की थी और उसे रिश्वत की रकम के साथ गिरफ्तार किया था। ठेकेदार ने सीबीआई से शिकायत की थी कि उसने इंडियन डिफेंस सर्विस ऑफ इंजीनियरिंग में कांट्रैक्ट के आधार पर सिविल कार्य किया था। उसने कार्य पूरा होने के बाद 27 लाख रुपए का बिल जमा किया है, लेकिन इसके भुगतान के एवज में उससे दो प्रतिशत की दर से कमीशन के तौर पर 54 हजार रुपए की मांग की जा रही है। सीबीआई ने इस शिकायत के सत्यापन के बाद केस दर्ज करते हुए कार्रवाई की थी। इस मामले में कुल 3.30 करोड़ रुपए की संपत्ति का पता लगने के बाद सीबीआई ने विस्तृत जांच शुरू की है। माना जा रहा है कि जांच आगे बढ़ने पर इंडियन डिफेंस सर्विस ऑफ इंजीनियरिंग के कई अधिकारियों की परेशानी बढ़ सकती है।

**रैंप हटाने की मांग को लेकर आज...**

मूलवासी मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष सूरज टोप्पो ने कहा कि फ्लाईओवर के रैंप को सरना स्थल के सामने से नहीं हटाती है तो आदिवासी समाज फ्लाईओवर को कभी कम्पलीट करने नहीं देंगे और ना ही उदघाटन करने देंगे। चाहे इसके लिए न्यायालय का रूख क्यों ना करना पड़े। आदिवासी जन परिषद की उपाध्यक्ष कुन्दरसी मुंडा ने कहा कि आदिवासी परंपरा को समूचित नष्ट करने की साज़िश की जा रही है। राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा रांची महानगर अध्यक्ष चम्पा कुजूर ने 21 मार्च को दोपहर 3 बजे जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के पास सभी आदिवासी एकजुट होंगे। 22 मार्च को सुबह 6 बजे सड़क पर उतर कर चौक चौराहों में चक्का जाम किया जाएगा। आवश्यक सेवाओं एंबुलेंस, अस्पताल, दवा दुकान और मरीजों को बंद से मुक्त रखा जाएगा। मौके पर सुशीला कच्छप, बबलू मुंडा, स्मिथ तिर्की, आकाश तिर्की, विजय कच्छप, रवि मुंडा, सुरेन्द्र लिंडा, विक्की लोहरा, अमित मुंडा, संगीता कच्छप, शनि हेमरोम, नवीन तिर्की, रंजित उरांव, अनिल किस्पोट्टा, प्रदीप कुजूर, छोटू कुजूर समेत अन्य मौजूद थे।

## फिर से मैदान पर लौट सकेंगे शाकिब अल हसन मिली 'क्लीन चिट'



**ढाका ।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन के गेंदबाजी एक्शन को 'क्लीन चिट' मिल गई है और अब वह मैदान पर लौट सकेंगे। शाकिब अब वनडे और दुनिया भर की लीग में खेल सकते हैं। वह टेस्ट और टी20 प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं। शाकिब ने कहा, 'यह खबर सही है (गेंदबाजी टेस्ट में खरा उतरना) और मैं फिर गेंदबाजी कर सकता हूं।' उन्होंने यह नहीं बताया कि उन्होंने गेंदबाजी एक्शन की तीसरी समीक्षा कहां कराई। उन्होंने आखिरी बार भारत के खिलाफ अक्टूबर 2024 में कानपुर में दूसरा टेस्ट खेला था। पिछले साल दिसंबर में इंग्लिश काउंटी सर्रे के लिए खेलते हुए उनके एक्शन की शिकायत हुई थी और उसे अवैध ठहराया गया था। इसके बाद शाकिब ने जनवरी में चेन्नई में टेस्ट कराया लेकिन उनका एक्शन वैध करार नहीं दिया गया। इसी वजह से आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी से उन्हें बाहर रहना पड़ा।

### डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई

## मानुष और दीया को वाइल्डकार्ड, भारत के रिकॉर्ड 19 पैडलर मैदान में



**चेन्नई (आईएएनएस)।** भारत में पहली बार किसी डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर टूर्नामेंट में 19 टेबल टेनिस खिलाड़ी और 27 प्रविष्टियां मुख्य ड्रॉ में शामिल होंगी। राष्ट्रीय चैंपियन मानुष शाह, दीया चितले और अन्य को डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई 2025 के लिए वाइल्डकार्ड प्राप्त हुए हैं। यह प्रतियोगिता 25 से 31 मार्च 2025 तक चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में होगी। पुरुष डबल्स में अनुभवी अचंता शरत कमल और उनके जोड़ीदार स्नेहित सुरवाजुला को भी वाइल्डकार्ड मिला है। महिला सिंगल्स के सभी चार वाइल्डकार्ड भारत की ही खिलाड़ियों को दिए गए हैं, जिनमें अनुभवी सुतीर्था मुखर्जी, कृत्तिका सिन्हा रॉय, स्वस्तिका घोष और राष्ट्रीय चैंपियन दिया चितले शामिल हैं। पुरुष सिंगल्स में स्नेहित भी मनुश के साथ वाइल्डकार्ड पाने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं।

### बीसीसीआई ने की चैंपियंस ट्रॉफी जीत के पुरस्कार वितरण की घोषणा

# 15 खिलाड़ियों और कोच को मिलेंगे तीन-तीन करोड़ रुपए

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने आईएएनएस से कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने आईएएनएस को बताया है कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने वाली टीम इंडिया के लिए घोषित 58 करोड़ रुपये के नकद इनाम में से 15 खिलाड़ियों और मुख्य कोच गौतम गंभीर को 3-3 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने इस आठ टीमों के टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने ग्रुप ए में बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। फिर सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद, फाइनल में न्यूजीलैंड को मात देकर 9 मार्च को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में अपनी तीसरी चैंपियंस ट्रॉफी जीती।

इस इनाम की राशि उन खिलाड़ियों को भी मिलेगी जो टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं खेले, जैसे अर्शदीप सिंह, ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर। सैकिया ने यह भी बताया कि बाकी कोचिंग स्टाफ – बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक, सहायक कोच अभिषेक नायर और रयान टेन डोशेट, फील्डिंग कोच टी दिलीप, और फिजियोथेरेपिस्ट कमलेश जैन व योगेश परमार, टीम डॉक्टर आदित्य दफ्तरी, थ्रोडाउन विशेषज्ञ राघवेंद्र द्विगी, नुवान उडेनेक और दयानंद गरानी, मसाजर चेतन कुमार, राजीव कुमार और अरुण कानाडे, और कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई को 50-50 लाख रुपये मिलेंगे। इसके अलावा, बीसीसीआई से जुड़े अन्य अधिकारी जैसे वीडियो एनालिस्ट हरी प्रसाद मोहन, लायजन ऑफिसर और मीडिया मैनेजर को 25-25 लाख रुपये मिलेंगे। बीसीसीआई सचिव ने बताया कि चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर को 30 लाख रुपये मिलेंगे, जबकि अन्य सदस्य – सुब्रतो बनर्जी, अजय रात्रा, एस शरत और शिव सुंदर दास को 25-25 लाख रुपये दिए जाएंगे। सैकिया ने यह भी बताया कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने विजेता भारतीय टीम को लगभग 19.45 करोड़ रुपये इनाम में दिए, जो केवल खिलाड़ियों में बांटे गए। प्रत्येक खिलाड़ी को 1.43 करोड़ रुपये मिले। सैकिया ने गुरुवार को जारी बीसीसीआई के बयान में कहा, "खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को यह इनाम देना हमारे लिए गर्व की बात है। उनकी मेहनत और रणनीतिक खेल की बदौलत भारत विश्व क्रिकेट में शीर्ष पर पहुंचा है। यह जीत सफेद गेंद क्रिकेट में भारत की श्रेष्ठता साबित करती है, और हमें विश्वास है कि टीम आने वाले वर्षों में और ऊंचाइयों को छुएगी। उन्होंने आगे कहा, "खिलाड़ियों द्वारा दिखाए गए समर्पण और प्रतिबद्धता ने एक नया मानदंड स्थापित किया है, और हमें विश्वास है कि भारतीय क्रिकेट वैश्विक मंच पर अपना मानक ऊंचा करता रहेगा।





## आईपीएल 2025

### पहले 3 मैचों में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी करेंगे रियान पराग

**जयपुर (आईएएनएस)।** राजस्थान रॉयल्स ने घोषणा की है कि आईपीएल 2025 के शुरुआती तीन मैचों में टीम की कप्तानी रियान पराग करेंगे। नियमित कप्तान संजू सैमसन के पूरी तरह फिट होने के बाद वह दोबारा नेतृत्व संभालेंगे। युवा ऑलराउंडर पराग 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले पहले मुकाबले में टीम का नेतृत्व करेंगे। इसके बाद 26 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स और 30 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के घरेलू मैदान पर होने वाले मैचों में भी पराग कप्तानी करेंगे। फ्रेंचाइजी के अनुसार, संजू सैमसन को अभी विकेटकीपिंग और फील्डिंग के लिए पूरी तरह फिट होना बाकी है। हालांकि, वह बल्लेबाज के रूप में खेलते रहेंगे और पूरी तरह ठीक होने पर फिर से कप्तान बनेंगे। फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा, "संजू सैमसन रॉयल्स टीम का अहम हिस्सा हैं। जब तक उन्हें विकेटकीपिंग और फील्डिंग करने के लिए फिटनेस हासिल नहीं हो जाती।



### सनराइजर्स हैदराबाद की जर्सी में दिखे शमी, हुआ शानदार स्वागत

**हैदराबाद ।** हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम के बाहर प्रशंसकों की भीड़ जमा रही क्योंकि सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) ने अपने नए सितारे मोहम्मद शमी को टीम जर्सी में पहली बार पेश किया। आईपीएल 2025 के शुरू होने से कुछ ही दिन पहले ही शमी लाइमलाइट में हैं। नवंबर 2024 में जेद्दा में हुए आईपीएल मेगा ऑक्शन में हैदराबाद ने उन्हें 10 करोड़ रुपए में खरीदा था। गुजरात टाइटंस ने उन्हें रिलीज कर दिया था और कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ एक तगड़ी बिडिंग वॉर के बाद हैदराबाद ने बाजी मारी थी। शमी को ऑरेंज जर्सी में देखने का सपना उस दिन से हर हैदराबादी फैन के दिल में बस गया था। शमी जो 2023 वर्ल्ड कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे, एक लंबी चोट के बाद वापसी कर चुके हैं। उन्होंने बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी में अपनी फॉर्म हासिल की और अब आईपीएल में आग उगलने को तैयार हैं।

### आईपीएल में खराब प्रदर्शन बर्दाश्त नहीं किया जाता : एडम

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट ने चेतावनी दी है कि अगर फ्रेजर-मैक्गर्क आईपीएल में जल्दी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए, तो उन्हें दिल्ली कैपिटल्स में बेंच पर बैठना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि आईपीएल फ्रेंचाइजी खराब फॉर्म को ज्यादा दिन तक नहीं सहती हैं। पिछले साल फ्रेजर-मैक्गर्क को दिल्ली कैपिटल्स ने एक चोटिल खिलाड़ी की जगह टीम में शामिल किया था। उन्होंने अपने पहले आईपीएल में नौ पारियों में 330 रन बनाए, जिनमें चार अर्धशतक शामिल थे। उनका स्ट्राइक रेट 234.04 था, जो टूर्नामेंट में दूसरा सबसे ज़्यादा था। हालांकि, कैपिटल्स ने उन्हें रिटेन नहीं किया, लेकिन 'राइट टू मैच' कार्ड का इस्तेमाल कर नीलामी में 9 करोड़ रुपये में दोबारा खरीद लिया। मगर पिछले एक साल में फ्रेजर-मैक्गर्क के टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन में गिरावट आई है। पिछली 24 पारियों में उन्होंने सिर्फ 382 रन बनाए हैं, औसत 15.91 और स्ट्राइक रेट 136.91 रहा है। गिलक्रिस्ट ने फॉक्स क्रिकेट से बातचीत में कहा, "दिल्ली ने उन पर भरोसा जताया है, लेकिन उन्हें अच्छे प्रदर्शन से इसकी कीमत चुकानी होगी।

### मियामी ओपन



## मोनफिल्स एटीपी मास्टर्स 1000 में मैच जीतने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने

**मियामी (आईएएनएस)**

गेल मोनफिल्स ने मियामी ओपन में इतिहास रच दिया। वह एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में मैच जीतने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले यह रिकॉर्ड जिमी कॉनर्स के नाम है। एटीपी नंबर 1 क्लब मेंबर कॉनर्स ने 1992 में 39 साल की उम्र में मियामी में मैच जीता था, जो अब तक का सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का रिकॉर्ड है। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, 38 वर्षीय फ्रेंच खिलाड़ी मोनफिल्स ने फ्लोरिडा में खेले गए पहले दौर के मुकाबले में हंगरी के फेबियन मारोजान को 6-3, 3-6, 6-4 से हराया। यह मैच 1 घंटे 44 मिनट तक चला। मोनफिल्स ने 38 विजयी शॉट लगाए और 18 अनफोर्स्ड एरर करके जीत हासिल की। जीत के साथ मोनफिल्स दूसरे दौर में पहुंच गए, जहां उनका मुकाबला जिरी लेहेचका से भिड़ने के लिए तैयार हो गए।मोनफिल्स ने कहा, "मैंने कुछ अलग तरह के कोणों पर शॉट मारे, तेज दौड़ लगाई और सही समय पर अनुमान लगाया। मैंने उसे हावी नहीं होने दिया और अपने शॉट्स को ज्यादा गहराई तक मारा।

### निक किर्गियोस ने 896 दिनों में दर्ज की अपनी पहली जीत



निक किर्गियोस ने मियामी ओपन में अमेरिकी क्वालीफायर मैकेंजी मैकडोनाल्ड को हराकर 2022 के बाद अपना पहला एटीपी टूर मैच जीता। 29 वर्षीय किर्गियोस पिछले 18 महीनों से पैर और कलाई की चोटों से परेशान थे और इस साल की शुरुआत में उन्होंने दोबारा खेलना शुरू किया। कलाई की लगातार तकलीफ के कारण किर्गियोस पिछले दो साल से टेनिस से दूर थे। कुछ हफ्ते पहले इंडियन वेल्स में उन्हें पहले ही दौर में मैच छोड़ना पड़ा था, लेकिन मियामी ओपन में उन्होंने मैकडोनाल्ड को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर शानदार वापसी की। अक्टूबर 2022 में जापान ओपन में दूसरे दौर के मुकाबले के बाद से ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को जीत नहीं मिली थी और यह अब यह जीत 896 दिनों के बाद आई। कलाई की चोट के चलते किर्गियोस का करियर खतरे में पड़ गया था।



# वेव्स बाजार मीडिया और मनोरंजन का बेहतरीन व्यावसायिक सहयोग प्लेटफॉर्म




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वेव्स बाजार अग्रणी वैश्विक ई-मार्केटप्लेस है जिसे मीडिया और मनोरंजन उद्योग में व्यावसायिक सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति के लिए तैयार किया गया है। यह फिल्म, टेलीविजन/वेब सीरीज, एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स, रेडियो और पॉडकास्ट, संगीत और ध्वनि, लाइव इवेंट्स, इन्फ़्लुएंसर मार्केटिंग और स्टार्टअप सहित कई क्षेत्रों में कंटेंट क्रिएटर-(प्रसारण सामग्री निर्माणकर्ता), वितरक, निवेशक और खरीदारों को साथ जोड़ने वाला हब है।

### वेव्स बाजार क्या है

- **वेव्स बाजार -** मनोरंजन और मीडिया क्षेत्र के निरंतर विकास के साथ ही उद्योग पेशेवरों को एक संरचित बाजार प्रदान करने का ई-मार्केटप्लेस है जो निर्बाध लेनदेन, नेटवर्किंग और व्यवसाय के विस्तार को बढ़ावा देता है। यह सामग्री निर्माणकर्ता और संभावित निवेशकों, खरीदारों और सहयोगियों के बीच की दूरी को पाटकर वैश्विक व्यावसायिक करार को सुगम बनाता है। यह प्लेटफॉर्म काम को व्यापक स्तर पर प्रस्तुत करने, मुद्रीकरण और मनोरंजन उद्योग तक पहुंच व्यापक बनाता है और उभरते और स्थापित बाजारों में प्रगति सुनिश्चित करता है।
- वेव्स बाजार पोर्टल ऑनलाइन मार्केटप्लेस है जहां क्रेता और विक्रेता मिलकर व्यावसायिक बातचीत करते हैं। विक्रेता अपनी सामग्री और सेवाएं प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर सकते हैं जिससे ये सहयोग, अधिग्रहण या निवेश की तलाश में लगे खरीदारों के लिए सुलभ होती हैं। यह प्लेटफॉर्म पर्याप्त लेन-देन सुनिश्चित कर उद्योग के अंदर सम्पर्क और व्यापार के अधिकतम अवसर निर्मित करता है।

### मनोरंजन उद्योग के प्रमुख संवर्गों में व्यावसायिक सुगमता

वेव्स बाजार मनोरंजन के कई क्षेत्रों में व्याप्त है और उद्योग पेशेवरों को एक ही स्थान पर समाधान प्रदान करता है:

- फिल्म और टीवी/वेब सीरीज
- वैश्विक वितरकों, ओटीटी प्लेटफॉर्म (ओवर-द-टॉप मीडिया सेवाएं) और फेस्टिवल प्रोग्रामर से जुड़ाव प्रदान करता है।
- एवीजीसी (एनीमेशन, वीएफएक्स (विजुअल इफेक्ट्स), गेमिंग, कॉमिक्स)
- यह निवेशकों, खरीदारों और प्रकाशन प्लेटफॉर्म के समक्ष सामग्री प्रदर्शित करता है।

**रेडियो और पॉडकास्ट**

- स्वतंत्र ऑडियो क्रिएटर्स (श्रव्य प्रसारण सामग्री निर्माणकर्ता) के लिए अपने काम प्रचारित- प्रसारित करने और प्रायोजक ढूंढने का समर्पित प्लेटफॉर्म है।

**संगीत और ध्वनि**

- संगीतकारों और साउंड डिजाइनरों के लिए लाइसेंसिंग का अवसर और सहयोग प्रदान करता है।

### लाइव आयोजन के जरिए प्रभावशाली मार्केटिंग अवसर

इससे प्रायोजकों, ब्रांड भागीदारों और दर्शकों-श्रोताओं तक पहुंच सुनिश्चित होती है।

**वेव्स सम्मेलन में वेव्स बाजार**

- वेव्स शिखर सम्मेलन में ई-मार्केटप्लेस से चयनित खरीदारों और विक्रेताओं को व्यावसायिक चर्चा, नेटवर्किंग, अपनी सामग्री को बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत करने और सार्थक व्यावसायिक सौदे को अंजाम देने का मंच मिलेगा।
- वेव्स बाजार मीडिया और मनोरंजन व्यवसाय नेटवर्किंग के भविष्य को पुनर्परिभाषित कर रहा है।
- यह पारंपरिक उद्योग प्लेटफार्मों को अत्याधुनिक डिजिटल उपायों के साथ संयोजित कर वैश्विक सहयोग बढ़ाने के साथ ही समूचे मनोरंजन उद्योग के विकास को आगे बढ़ा रहा है। निमार्ता, खरीदार, निवेशक या वितरक कोई भी हो, वेव्स बाजार मनोरंजन की प्रतिस्पर्धी दुनिया में अग्रणी रहने और सफल होने के लिए आवश्यक उपकरण, मीडिया आकर्षण और अवसर प्रदान करता है।

## अमेरिका की 'संवेदनशील' देशों की सूची से अपना नाम हटाने की मांग करेगा सोल : दक्षिण कोरियाई उद्योग मंत्री

**सोल (आईएएनएस)।** दक्षिण कोरिया के उद्योग मंत्री ने गुरुवार को कहा कि उनका देश अमेरिकी ऊर्जा विभाग (डीओई) की 'संवेदनशील' देशों की सूची से अपना नाम हटाने के लिए कोशिश करेगा और दोनों देशों के बीच ऊर्जा सहयोग को बढ़ावा देगा। उद्योग मंत्री आह्न डुक-ग्यून ने यह बात तब कही जब वह दो दिन की यात्रा पर वाशिंगटन जा रहे थे। वहां वह अमेरिकी ऊर्जा सचिव क्रिस राइट और वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक समेत अन्य अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, आह्न ने कहा, "हम कई विकल्पों पर विचार करेंगे, जिसमें डीओई की सूची से बाहर होना भी शामिल है, ताकि इस मुद्दे का स्थानीय उद्योगों, दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच तकनीकी सहयोग पर नकारात्मक असर न पड़े।

## आधिकारिक बयान के अनुसार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में जनवरी से जुड़े 17.89 लाख सदस्य

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने गुरुवार को ऐलान किया कि इस साल जनवरी में संगठन से 17.89 लाख सदस्यों के जुड़े हैं। यह आंकड़ा दिसंबर 2024 के मुकाबले मासिक आधार पर 11.48 प्रतिशत अधिक है। ईपीएफओ के आधिकारिक बयान के अनुसार, पेरोल में जनवरी 2024 के मुकाबले 11.67 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। यह दिखाता है कि कर्मचारी फायदों को लेकर पहले के मुकाबले जागरूकता बढ़ी है। जनवरी 2025 में ईपीएफओ से करीब 8.23 लाख नए सब्सक्राइबर्स जुड़े हैं, जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 1.87 प्रतिशत अधिक है। आंकड़ों में गौर करने वाली बात यह है कि 18-25 आयु वर्ग का प्रभुत्व लगातार बना हुआ है। जनवरी 2025 में इस आयु वर्ग के 4.70 लाख नए सदस्य जुड़े हैं।

## अमेरिकी फेड के फैसले से शेयर बाजार हरे निशान में बंद, सेंसेक्स 900 अंक उछला



**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र हरे निशान में बंद हुए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 899 अंक या 1.19 प्रतिशत बढ़कर 76,348.06 और निफ्टी 283.05 अंक या 1.24 प्रतिशत बढ़कर 23,190.65 पर था। बाजार में तेजी की वजह अमेरिकी फेड के बयान को माना जा रहा है, जिसमें कहा गया कि इस वर्ष आने वाले समय में ब्याज दरों में कटौती की जा सकती है। ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के चलते बढ़ी महंगाई काफी सीमित समय के लिए होगी। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। लार्जकैप के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप भी हरे निशान में बंद हुए। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 327.30 अंक या 0.64 प्रतिशत की तेजी के साथ 51,144 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 110.45 अंक या 0.70 प्रतिशत की बढ़त के साथ 15,858.04 पर बंद हुआ। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी और प्राइवेट बैंक समेत सभी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स पैक में भारती एयरटेल, टाइटन, टीसीएस, एचयूएल, इन्फोसिस, नेस्ले, एमएंडएम, एचडीएफसी बैंक, सन फार्मा, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक टॉप गेनर्स थे। इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप लूजर्स थे। आशिका इंस्टीट्यूशनल इक्विटी के टेक्निकल और डेरिवेटिव विश्लेषक, सुंदर केवट ने कहा कि सकारात्मक वैश्विक संकेतों के कारण भारतीय शेयर बाजार सकारात्मक बंद हुआ है।

## 'इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास' भारत के लॉजिस्टिक्स सेक्टर को बनाएगा मजबूत



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर के तेजी से विकास के साथ, सरकार का लक्ष्य लॉजिस्टिक्स लागत को 5 प्रतिशत से अधिक घटाकर जीडीपी के 10 प्रतिशत से कम करना है, ताकि भारत चीन और अमेरिका के साथ बेहतर प्रतिस्पर्धा कर सके। भारत मंडपम में कन्वर्जेंस इंडिया और 10वें स्मार्ट सिटीज इंडिया एक्सपो का उद्घाटन करते हुए, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, "भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## 'मेड इन इंडिया' स्मार्टफोन शिपमेंट में 6% की तेजी एप्पल और सैमसंग सबसे आगे

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

'मेड इन इंडिया' स्मार्टफोन शिपमेंट में साल 2024 में छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह तेजी टेक दिग्गज एप्पल और सैमसंग के भारत से बढ़ते निर्यात के कारण हुई। गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। काउंटरपॉइंट रिसर्च की 'मेक इन इंडिया' सर्विस रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में देश के स्मार्टफोन निर्यात में एप्पल और सैमसंग की संयुक्त हिस्सेदारी 94 प्रतिशत रही। दोनों ब्रांडों ने आयात पर निर्भरता कम करने और ग्लोबल सप्लाई चेन में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के देश के उद्देश्य के साथ तालमेल बिठाने के लिए भारत में अपनी मैन्युफैक्चरिंग का काफी विस्तार किया है। सरकार की पीएलआई (उत्पादन आधारित प्रोत्साहन) योजना ने वैश्विक निर्माताओं को देश में अपनी उत्पादन सुविधाएं स्थापित करने या उनका विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

